35 वां स्थापना वर्ष

समवेत शिखर

वर्ष-35 अंक-73 | रायपुर, शनिवार 27 जुलाई 2024 | पृष्ठ : 8, मूल्य : 2.50 रुपए, ई-पेपर: samvetshikhar.com

फर्स्ट कालम

असम के मोइदम यूनेस्को वर्ल्ड हैरिटेज में शामिल

दिसपुर। असम मोइदम में अहोम राजवंश के टीले वाले कब्रस्तान को 26 जुलाई को यूनेस्को की वर्ल्ड हैरिटेज लिस्ट में शामिल कर लिया गया। कल्चरल कैटेगरी में शुमार मोइदम भारत की 43वीं हैरिटेज साइट है। इसकी घोषणा दिल्ली में चल रहे वर्ल्ड हैरिटेज काउंसिल के 46वें सेशन में की गई। यह पहली बार है जब नॉर्थ ईस्ट की एक सांस्कृतिक महत्व की जगह यूनेस्को की लिस्ट में शामिल हुई है। इसके पहले काजीरंगा और मानस नेशनल पार्क को वर्ल्ड हैरिटेज घोषित किया जा चुका है। अप्रैल 2014 में यूनेस्को की टेम्परेरी लिस्ट में भी मोइदम शामिल किए गए थे।

भारतवंशी कमला हैरिस को मिला ओबामा का साथ

वाशिंगटन। अमेरिका के पूर्व राष्ट्पति बराक ओबामा और उनकी पत्नी मिशेल ने भारतवंशी कमला हैरिस का राष्ट्पति पद की उम्मीदवारी के लिए समर्थन कर दिया है। दोनों ने शुक्रवार को फोन पर कमला हैरिस को इसकी जानकारी दी। बराक ओबामा ने सोशल मीडिया पर इससे जुड़ा एक वीडियो भी पोस्ट किया है। इसमें बराक और मिशेल, कमला हैरिस को अपना समर्थन देने की बात कहते सुनाई दे रहे हैं। इसके बाद कमला हैरिस खुशी जाहिर करती दिख रही हैं। बराक ओबामा ने कमला को समर्थन देते हुए कहा है कि वे उन्हें जिताने और व्हाइट हाउस तक पहुंचने में पूरी मदद करेंगे।

ईरान ने मुझे मारा तो उसे तबाह करेगा अमेरिका : ट्रम्प

वाशिंगटन। अमेरिका के पूर्व राष्ट्पति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को ईरान को तबाह करने की बात कही है। अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट के जरिए ट्रम्प ने कहा, ÷अगर ईरान कभी भी मेरी हत्या करने में कामयाब होता है तो मुझे उम्मीद है कि अमेरिका उसे खत्म कर देगा। उसे दुनिया के नक्शे से मिटा दिया जाएगा। ट्रम्प ने कहा कि अगर ऐसा नहीं किया गया तो अमेरिकी लीडर्स को डरपोक माना जाएगा। दरअसल 13 जुलाई को ट्रम्प पर जानलेवा हमले के बाद एक रिपोर्ट में दावा किया गया था कि पूर्व अमेरिकी राष्ट्पति को मारने के लिए ईरान में साजिश रची जा रही थी।

अमेरिका में भारतीय को 12 साल की सजा

वॉशिंगटन। अमेरिका में एक भारतीय शख्स को 13 साल की बच्ची को फुसलाकर उसके साथ यौन संबंध बनाने की कोशिश करने के मामले में दोषी ठहराया गया है। अमेरिकी फेडरल कोर्ट ने गुरुवार को उसे 12 साल की सजा सुनाई है। आरोपी शख्स सोशल मीडिया पर एक 13 साल की बच्ची के साथ बातचीत करता था। इस दौरान उसने कई बार उसके साथ यौन संबंध बनाने की इच्छा जताई। वह उसे कई अश्लील तस्वीरें भी भेजता था। हालांकि, इस प्रोफाइल को असल में एक अमेरिकी अंडरकवर जासूस ऑपरेट कर रहा था। 32 साल के आरोपी का नाम उपेंद्र अदुरू है, जो स्टूडेंट वीजा पर अमेरिका में रह रहा है।

भाजपा नेता प्रभात झा का लंबी बीमारी के चलते निधन

गुरुग्राम। राज्यसभा के पूर्व सदस्य और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता प्रभात झा का शुक्रवार सुबह गुरुग्राम के एक अस्पताल में निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार थे। मध्य प्रदेश के वरिष्ठ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता प्रभात झा का शुक्रवार सुबह 67 वर्ष की आयु में निधन हो गया। जानकारी के अनुसार पिछले एक महीने से उनका दिल्ली में इलाज चल रहा था।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जताया शोक : भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रभात झा के निधन को अत्यंत दुखद बताते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इसे भाजपा परिवार के लिए अपूरणीय क्षति करार दिया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा कि प्रभात झा ने भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, मध्यप्रदेश भाजपा के अध्यक्ष, राज्यसभा सांसद के रूप में अपना जीवन जनसेवा में व्यतीत किया।

विधानसभा मानसून सत्र : मंत्री केदार कश्यप ने पूर्व मुख्यमंत्री पर कसा तंज, भाजपा सदस्यों ने लगाए 'घड़ियाली आंसू मत बहाओ' के नारे

सदन में डायरिया-मलेरिया पर पक्ष-विपक्ष हुए आमने-सामने, विपक्ष का बर्हिगमन

समवेत शिखर न्यूज

रायपुर। विधानसभा में मानसून सत्र के अंतिम दिन शुक्रवार को सत्ता पक्ष और विपक्ष मलेरिया और डायरिया पर आमने-सामने थे। चर्चा के दौरान मंत्री केदार कश्यप ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि पिछली सरकार में अगर तब के मुख्यमंत्री स्वास्थ्य विभाग की ओर ध्यान दे दिए रहते तो आज ये हालात नहीं होती। केदार कश्यप के बयान से नाराज विपक्ष ने सदन से वॉकआउट कर दिया। विपक्ष के वॉकआउट पर बीजेपी सदस्यों ने %घड़ियाली आंसू मत बहाओ' के नारे लगाए।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में मलेरिया और डायरिया भयावह है। यही वजह है कि हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है। रतनपुर इलाके में एक बेड पर तीन-तीन मरीजों को रखा गया। सभी जिलों में स्थिति खराब है, लेकिन स्वास्थ्य मंत्री फिर भी इंकार कर रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा मलेरिया से 15 लोगों की मौत हुई है, लेकिन डायरिया से मृत्यु किसी की नहीं हुई है। मैं मानता हूँ कि अभी कोविड जैसी स्थिति डायरिया के लिए व्यवस्था नहीं हो सकती है। (शेष पेज-4 पर)

तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर पीएम मोदी को बधाई और शुभकामना का प्रस्ताव हुआ पारित

रायपुर। विधानसभा के मानसून सत्र के अंतिम दिन गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर बधाई और शुभकामना का प्रस्ताव पारित किया गया। सदन ने कहा नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक स्तर पर अत्यधिक ऊँचाइयाँ प्राप्त की है। उनके कुशल नेतृत्व में हमारा देश विकसित देशों की श्रेणी में अपना स्थान बना पाएगा। उन्हीं के नेतृत्व में हमारा छत्तीसगढ़ राज्य भी उत्तरोत्तर प्रगति की ओर अग्रसर होगा। इससे पहले संकल्प पर अपनी बात रखते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि पहले भी कई प्रधानमंत्री रहे हैं, जो एक से ज्यादा बार प्रधानमंत्री रहे हैं। तब और अब में बड़ा अंतर है। आज प्रतिपक्ष पहले की तरह नहीं है। ऐसी स्थिति में तीसरी बार प्रधानमंत्री चुना जाना बड़ी बात है। 2014 से 2019 तक मुझे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ काम करने का सौभाग्य मिला था।

विधानसभा का मानसून सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा मानसून सत्र के समापन के साथ ही शुक्रवार को विधानसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हुई। विधानसभा अध्यक्ष डॉ। रमन सिंह ने समापन भाषण में कहा कि पांच दिवसीय सत्र में पांच बैठक हुई, जिसमें सारगर्भित चर्चा हुई। नए सदस्यों ने दिखा दिया कि यह विधानसभा भी ऐसे ही जीवंत रहेगा। उन्होंने अजय चंद्राकर को सबसे सजग सदस्य बताते हुए कहा कि चंद्राकर एक घंटे पहले आते हैं और एक घंटे बाद जाते हैं। उनसे नए सदस्यों को सीखना चाहिए।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि पहली बार जो मंत्री बने हैं, उनको बधाई देता हूं। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा का परफॉर्मेंस बहुत अच्छा रहा। उन्होंने काफी प्रभावित किया। सभी का नाम नहीं ले सकता लेकिन कुछ नए सदस्यों सुशांत शुक्ला, भावना बोहरा, अनुज शर्मा, हर्षिता, राघवेन्द्र सिंह ने भी अच्छा परफॉर्म किया। सभी ने सदन की लोकतंत्र की परंपरा को बनाए रखा। रमन सिंह ने नेता प्रतिपक्ष के कार्यों की भी सराहना की।

डॉ. रमन सिंह ने कहा कि पांच दिन में कितने विषयों में चर्चा हुई, रात के नौ नौ बजे तक सभी चर्चा में शामिल हुए। छत्तीसगढ़ विधानसभा की अन्य जगहों पर चर्चा होती है। सत्ता पक्ष के साथियों ने दलीय प्रतिबद्धता को ऊपर रखते हुए क्षेत्र और जनता के मुद्दों को न सिर्फ उठाया बल्कि सरकार पर दबाव भी बनाया। उन्होंने सभी से अपने-अपने विधानसभा में एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाने की बात कही। (शेष पेज-4 पर)

अग्निवीरों को स्टेट पुलिस, फॉरेस्ट और जेल प्रहरी भर्ती में मिलेगा आरक्षण

रायपुर। छत्तीसगढ़ सरकार अग्निवीरों को विशेष आरक्षण देगी। आर्मी से सेवा के बाद ये जवान प्रदेश सरकार की अलग-अलग फोर्स में भर्ती हासिल कर सकेंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने को विधानसभा में इसका ऐलान किया। उन्होंने बताया कि अग्निवीर स्किम के तहत सेना में गए युवकों को इस आरक्षण का सीधा फायदा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ के अग्निवीरों को यह बताते हुए बड़ा हर्ष हो रहा है, कि अब छत्तीसगढ़ में जितने भी अग्निवीर हैं उनके सेवा के बाद छत्तीसगढ़ सरकार उन्हें आरक्षण देगी। ये आरक्षण पुलिस आरक्षक, वनरक्षक, जेल प्रहरी जैसे पदों पर प्राथमिकता के आधार पर मिलेगा। इसके लिए एक निश्चित आरक्षण का दिशा निर्देश जल्द जारी होगी। अग्निवीर स्कीम के नियमों के मुताबिक 4 साल तक ट्रेनिंग और ड्यूटी करने के बाद, कार्य कुशलता के आधार पर 25% सैनिकों को सेवा में कंटिन्यू रखा जाएगा।

मप्र व यूपी में भी अग्निवीरों को आरक्षण, पुलिस पीएसी-फॉरेस्ट गार्ड भर्ती में छूट मिलेगी

भोपाल/लखनऊ । मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश सरकार ने सेना के अग्निवीरों को राज्य पुलिस की भर्ती में आरक्षण देने की घोषणा की है। कारगिल विजय के 25 साल पूरे होने पर दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने इसकी घोषणा की है। हालांकि आरक्षण कितना मिलेगा, इसकी जानकारी नहीं दी गई। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव व यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि अग्निवीर जब सेना में सेवा के बाद वापस आएंगे तो उन्हें राज्य पुलिस और फॉरेस्ट गार्ड की भर्ती में आरक्षण के साथ छूट दी जाएगी। मंत्रालय ने भी अग्निवीरों को 10त्न आरक्षण देने की घोषणा की थी। वहीं हरियाणा सरकार अग्निवीरों को 10त्न आरक्षण देने का फैसला कर चुकी हैं। उत्तराखंड सरकार भी 22 जुलाई को ही अग्निवीरों को आरक्षण देने का ऐलान कर चुकी है।

विधानसभा से पास बिल रोकने के मामले में सुप्रीम कोर्ट का केरल और बंगाल के राज्यपालों को नोटिस

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार (26 जुलाई) को केरल और पश्चिम बंगाल के राज्यपालों के सचिवों और गृह मंत्रालय को नोटिस जारी किया है। नोटिस अलग-अलग याचिकाओं में के लिए दी गई है, लेकिन दोनों याचिकाएं विधान सभाओं से पास बिल रोकने को लेकर हैं। पश्चिम बंगाल के राज्यपास सीवी आनंद बोस ने विधानसभा से पास 8 बिल रोक रखे हैं। इसी तरह केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने सात बिलों को राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए रोक रखा है। इसके खिलाफ राज्य सरकारों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की बेंच ने मामले से संबंधित पक्षों को नोटिस भेजकर तीन सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है। पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से पेश सीनियर एडवोकेट अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि जब भी इस तरह के मामलों की सुनवाई होती है, तो कुछ बिल पास कर दिए जाते हैं। उन्होंने तमिलनाडु में भी इसी तरह के मामले का जिक्र किया। पश्चिम बंगाल सरकार ने अपनी याचिका में कहा है कि इससे राज्य की जनता प्रभावित हो रही है, जिनकी भलाई के लिए वे बिल लाए गए थे। गवर्नर का रवैया न केवल कानून और लोकतांत्रिक व्यवस्था के खिलाफ है, बल्कि संविधान के मूल सिद्धांतों को हराने और खत्म करने की धमकी देने जैसा है।

कांवड़ रूट में नाम लिखने पर रोक जारी रहेगी

नई दिल्ली/लखनऊ। यूपी में कांवड़ रूट पर नाम लिखने के मामले पर सुप्रीम कोर्ट की अंतरिम रोक जारी रहेगी। कोर्ट ने शुक्रवार को यूपी सरकार के जवाब दाखिल करने के बाद ये आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड और मध्यप्रदेश सरकार को भी अपना जवाब दाखिल करने के लिए कहा है। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान यूपी सरकार के वकील मुकुल रोहतगी ने कहा- केंद्रीय कानून के मुताबिक यह आदेश दिया गया है। कोर्ट बोला- सभी जगह लागू करिए। फिर वकील ने कहा- कांवड़ सिर्फ तीन राज्यों से गुजरते हैं।

राहुल मोची की दुकान पर पहुंचे, चप्पल सिली, 5 मिनट बातचीत की

पूछा- जूता कैसे बनाते हो

सुल्तानपुर/लखनऊ (ए)। राहुल गांधी गृहमंत्री अमित शाह मानहानि केस में शुक्रवार को सुल्तानपुर कोर्ट पहुंचे। लौटते वक्त राहुल ने अचानक अपना काफिला एक मोची की दुकान पर रुकवा लिया। गाड़ी से उतरकर राहुल मोची राम चैत की दुकान पर पहुंचे। चप्पल की सिलाई की। उनसे पूछा कि जूते कैसे बनाते हो।

करीब 5 मिनट तक राम चैत से बातचीत के बाद राहुल वहां से निकल गए। राम चैत ने राहुल से कहा- मैं गरीब हूं। थोड़ी मदद कीजिए। राहुल ने नीट छात्र से भी मुलाकात की। कहा कि पेपर लीक होनहार छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है।

गृहमंत्री अमित शाह मानहानि मामले में 16 मिनट तक कोर्ट में रहे : गृहमंत्री अमित शाह मानहानि केस में सुल्तानपुर कोर्ट में राहुल गांधी ने बयान दर्ज कराए। जज से कहा, मैं निर्दोष हूं। मेरे खिलाफ राजनीतिक साजिश हुई है। मैं सारे आरोपों से इनकार करता हूं। मेरी और मेरी पार्टी की छवि को धूमिल करने के लिए आरोप लगाए गए हैं। राहुल गांधी शुक्रवार सुबह 11 बजकर 3 मिनट पर कोर्ट पहुंचे। 11ः19 बजे कोर्ट से बाहर आ गए। राहुल करीब 16 मिनट तक कोर्ट रूम में रहे। इसके बाद लखनऊ के लिए रवाना हो गए। राहुल के वकील काशी शुक्ला ने कहा, संसद सत्र चल रहा है, इसके बावजूद राहुल सुल्तानपुर कोर्ट आए। यहां पर राहुल ने अपना बयान दर्ज कराया। मुकदमे में अगली सुनवाई 12 अगस्त की है।

अग्निपथ योजना के लिए सेना से नहीं ली गई सलाह : खरगे

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अग्निपथ योजना को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर देश को गुमराह करने का शुक्रवार को आरोप लगाया और कहा कि उन्होंने योजना को लागू करने से पहले सेना से सलाह नहीं ली है। श्री खड़गे ने आज यहां कहा कि योजना को मनमाने तरीके से लागू किया गया है और इसको लेकर पहले किसी से मशविरा नहीं किया गया है। उन्होंने योजना को युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ बताया और कहा कि इससे उनका भविष्य चौपट हो रहा है इसलिए इसको लेकर देश के युवाओं में गुस्सा है। योजना का चारों तरफ इसका विरोध हो रहा है इसलिए सरकार को इसे तुरंत वापस लेना चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा मोदी जी कह रहे हैं कि सेना के कहने पर उनकी सरकार ने अग्निपथ योजना लागू की थी, ये सरासर झूठ है और पराक्रमी सेना का अक्षम्य अपमान है। मोदी जी, साफ़-साफ़ झूठ और भ्रम फ़ैला रहें हैं।

भाजपा ने 2 राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष बदले

राजस्थान में मदन राठौर और बिहार में दिलीप कुमार को मिली जिम्मेदारी, 6 राज्यों में प्रभारी भी बदले गए

मदन राठौर | दिलीप कुमार जायसवाल

नई दिल्ली (ए)। राजस्थान और बिहार के लिए भाजपा ने गुरुवार (25 जुलाई) की देर रात नए प्रदेश अध्यक्षों के नामों की घोषणा की। पार्टी ने बिहार सरकार में मंत्री दिलीप कुमार जायसवाल को बिहार भाजपा की जिम्मेदारी सौंपी है। इससे पहले यह जिम्मा उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के पास थी।

वहीं राजस्थान से राज्यसभा सांसद मदन राठौर को पार्टी ने राजस्थान का चीफ बनाया है। इससे पहले लोकसभा सांसद सीपी जोशी राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष पद पर थे। 24 जुलाई को ही उन्होंने अमित शाह से दिल्ली में मुलाकात करने के बाद इस्तीफा दिया था। इसके अलावा भाजपा ने छह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों केप्रभारियों को बदला है। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सभी नामों की घोषणा की, जिसकी जानकारी भाजपा की ओर से ङ्ग पर पोस्ट कर दी गई। राजस्थानः विधानसभा टिकट न मिलने पर निर्दलीय चुनाव लड़ने वाले थे मदन राठौड़ मदन राठौड़ राठौड़ 5 महीने पहले ही राज्यसभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं। सुमेरपुर विधानसभा सीट से दो बार विधायक रह चुके हैं। । उन्हें संगठन में काम करने का लंबा अनुभव हैं।

केजरीवाल का शुगर लेवल 50 तक गिरा, उनकी हालत चिंताजनक : आप

'इंडिया' ब्लॉक 30 जुलाई को समर्थन में रैली करेगा

नई दिल्ली (ए)। आम आदमी पार्टी के सांसद संदीप पाठक शुक्रवार (26 जुलाई) को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि अरविंद केजरीवाल का ब्लड शुगर लेवल 50 हो गया है।

पाठक ने कहा- उनकी हालत चिंताजनक है। वह चुने हुए सीएम हैं, उन पर कई लोगों का भरोसा टिका हुआ है। ऐसे व्यक्ति को जेल में नहीं रखा जाना चाहिए। 'आप' सांसद ने कहा कि उपराज्यपाल (एलजी) कह रहे है कि केजरीवाल जानबूझकर कर अपने स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। उन्हें किसी डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए। आप ने कहा है कि केजरीवाल के स्वास्थ्य और उनकी रिहाई को लेकर 'इंडिया' ब्लॉक 30 जुलाई को जंतर-मंतर पर रैली करेगा।

भाजपा का विरोध नहीं आया काम कर्नाटक सरकार ने बदला रामानगर जिले का नाम, बेंगलुरु दक्षिण हुआ

बेंगलुरु। कर्नाटक कैबिनेट ने शुक्रवार को रामनगर जिले का नाम बदलकर बेंगलुरु दक्षिण करने को मंजूरी दे दी। फैसले की जानकारी देते हुए कानून और संसदीय कार्य मंत्री एच के पाटिल ने कहा कि 'ब्रांड बेंगलुरु' को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने यह फैसला लिया है। उन्होंने कहा, ÷बेंगलुरू ब्रांड को ध्यान में रखते हुए कैबिनेट ने रामनगर के विधायकों द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है।÷ हालाँकि, मंत्री ने स्पष्ट किया, यह केवल नाम का परिवर्तन है और बाकी तालुके वही रहेंगे।

पर्यटन मंत्रालय द्वारा बिलासपुर और जगदलपुर को स्वदेश दर्शन 2.0 योजना में शामिल किया गया

'चुनौती आधारित गंतव्य विकास' के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के 'मयाली बगीचा' का चयन

नई दिल्ली (ए)। पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार ने स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के अंतर्गत विकास के लिए छत्तीसगढ़ के बिलासपुर और जगदलपुर सहित देश में 57 स्थानों की पहचान की है और इस योजना के तहत 29 परियोजनाओं को मंजूरी दी गयी है । स्वदेश दर्शन 2.0 के अंतर्गत उप-योजना चुनौती आधारित गंतव्य विकास के अंतर्गत विकास के लिए छत्तीसगढ़ के मयाली बगीचा सहित देश में 42 गंतव्यों का चयन किया गया है । इसके अलावा पर्यटन मंत्रालय ने तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक संवर्धन अभियान (प्रसाद) योजना के अंतर्गत विकास के लिए छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले के कुदरगढ़ मंदिर सहित देश में 29 परियोजनाओं की पहचान की गयी है ।

छत्तीसगढ़ में ट्रैक पर गिरे पेड़ से टकराई पैसेंजर ट्रेन, इंजन के दो पहिए पटरी से उतरे, पायलट घायल

कांकेर/बालोद। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में बालोद के दल्ली राजहरा से भानुप्रतापपुर, अंतागढ़, दुर्ग, रायपुर तक चलने वाली पैसेंजर ट्रेन हादसे का शिकार हो गई। पैसेंजर ट्रेन ट्रैक पर गिरे बरगद के पेड़ से टकरा गई। हादसे में ट्रेन के पायलट को हल्की चोटें आई हैं। घटना भानुप्रतापपुर के मुल्ले कैंप के पास की है। ट्रेन के घायल लोको पायलट का नाम पवन कुमार टंडन बताया जा रहा है। पायलट को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि पैसेंजर की अधिकतर बोगियां खाली थी, जिससे ट्रेन में कुछ ही यात्री सवार थे।

'करगिल विजय दिवस' मोदी ने करगिल से पाकिस्तान को यह दिया कड़ा संदेश

सीमापार आतंकवाद को कुचल दिया जाएगा : मोदी

करगिल(ए)। केंद्रशसित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के जम्मू क्षेत्र में हाल में बढ़े आतंकवादी हमलों के परिप्रेक्ष्य में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि सीमा पार आतंकवाद को पूरी ताकत से कुचल दिया जायेगा और दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब दिया जायेगा।

श्री मोदी ने करगिल से पाकिस्तान को आज यह कड़ा संदेश दिया , जहां भारत ने 1999 में एक छोटे युद्ध में नियंत्रण रेखा के पार द्रास-करगिल सेक्टर की पर्वत चोटियों से हजारों पाकिस्तानी सैनिकों को मारकर और खदेड़कर पाकिस्तान को अपमानजनक हार का स्वाद चखाया था। आज ही के दिन युद्ध विराम की घोषणा की गयी थी और इसे भारत में 'करगिल विजय दिवस' के रूप में मनाया जाता है। करगिल युद्ध की 25वीं वर्षगांठ पर द्रास में युद्ध स्मारक पर युद्ध में भाग लेने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के बाद सशस्त्र बलों के सेवारत और सेवानिवृत्त अधिकारियों की सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान ने पिछली हार और गलतियों से कोई सबक नहीं सीखा है तथा वह आतंकवाद एवं छद्म युद्ध की मदद से खुद को प्रासंगिक बनाए रखने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में बढ़ते आतंकी हमलों का परोक्ष रूप से जिक्र करते हुए कहा, ÷पाकिस्तान हमेशा अतीत में विफल रहा हैं, लेकिन उसने अपने अतीत से कुछ नहीं सीखा है।

पीएम मोदी ने शिंकुन ला टनल का किया शिलान्यास सबसे ऊंचाई पर बनी सुरंग से डरा चीन

शिंकुला टनल दुनिया की सबसे ऊंचाई पर बनाई जाएगी। इसका शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअली नॉर्थ पोर्टल पर ब्लास्ट किया। इसके साथ ही आधिकारिक तौर पर टनल बनाए जाने का काम शुरू हो गया है। ये टनल लद्दाख के कारगिल में बनाई जा रही है। पीएमओ की एक विज्ञप्ति के अनुसार, शिंकुन ला सुरंग परियोजना में 4.1 किलोमीटर लंबी एक समान ट्यूब सुरंग शामिल है, जिसका निर्माण निमू-पदुम-दारचा रोड पर लगभग 15,800 फीट की ऊंचाई पर किया जाएगा ताकि लेह को सभी मौसम में संपर्क प्रदान किया जा सके। बता दें कि जैसे ही इस टनल के निर्माण का कार्य पूरा हो जाएगा वैसे ही यह विश्व की सबसे ऊंची सुरंग होगी।

ओलिंपिक से चंद घंटे पहले फ्रांस के रेल-नेटवर्क पर हमला

पेरिस (ए)। फ्रांस में ओलिंपिक गेम्स की ओपनिंग सेरेमनी से करीब 10 घंटे पहले शुक्रवार सुबह 5 बजकर 15 मिनट पर ट्रेन नेटवर्क पर हमला हुआ। कई रेलवे लाइनों पर तोड़फोड़ की गई और तारों को जला दिया गया। रेलवे लाइनों पर हमला किसने और क्यों किया इसकी जानकारी अब तक सामने नहीं आई है।

फ्रांस की नेशनल रेलवे कंपनी स्ह्रष्टस्न के मुताबिक, हमले के आधे घंटे के अंदर पेरिस से आने-जाने वाली कई ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। कई ट्रेनें 90 मिनट तक देरी से चल रही हैं। हमले की वजह से आज करीब ढाई लाख यात्री प्रभावित हुए हैं। जबकि इस पूरे हफ्ते तक (28 जुलाई) करीब 8 लाख लोगों पर असर पड़ सकता है। वहीं, पीएम गेब्रियल अट्टल ने हमले को ओलिंपिक में बाधा डालने की साजिश बताया है। पेरिस में रात 11 बजे ओलिंपिक गेम्स की ओपनिंग सेरेमनी है। इसका आयोजन 26 जुलाई से लेकर 11 अगस्त तक किया जाएगा। खेलों के इस महाकुंभ में 206 देशों 10 हजार 500 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। भारत के 117 खिलाड़ी फ्रांस गए हैं।

न्यूज ब्रीफ

16 वर्षीय बालक ने लगाई फांसी, कारण अज्ञात

कुम्हारी। कैलाश नगर निवासी एक बालक एम श्रेयश (16 वर्ष) ने बीती अपने कमरे में पंखे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या के कारणों की पुष्टि अभीतक नही हो पाई है। आत्महत्या करने वाला बालक एम कृष्णा एवं श्रीमती एम जया का सुपुत्र था वह कक्षा 11 वीं का छात्र था। घटना के मुताबिक बालक का पिता रात 9.30 बजे जब ड्यूटी से लौटा तो देखा कि बच्चे के कमरे का दरवाजा बंद था आवाज देने पर जब अंदर से कोई आवाज नही आई तब खिड़की से देखा तो बच्चा पंखे से लटका हुआ दिखा। दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंचा तबतक बच्चे की मौत हो चुकी थी। बतादें की बच्चे की मां अपने रिश्तेदार के घर अमेरिका गई हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए सुपेला भेज दिया है। घटना के कारणों की अबतक कोई जानकारी नहीं है।

दंतेवाड़ा के 18 विद्यार्थी इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में निखारेंगे अपनी कला

खैरागढ़। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र दंतेवाड़ा जिला के 18 विद्यार्थी इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ में अध्ययन कर अपनी कला को निखारेंगे। इन विधार्थियो को विश्वविद्यालय में स्नातक स्तर के विभिन्न कक्षाओं जैसे संगीत, नृत्य, लोकसंगीत, थियेटर, चित्रकला, मूर्तिकला, ग्राफिक्स, क्राफ्ट एण्ड डिजाईन में प्रवेश दिया गया है। प्रवेश दिये गये इन 18 विद्यार्थियों के समस्त शुल्क का वहन जिला प्रशासन दंतेवाड़ा द्वारा किया गया है। गौरतलब है कि विश्वविद्यालय प्रशासन, जिला प्रशासन खैरागढ़-छुईखदान- गण्डई एवं जिला प्रशासन दंतेवाड़ा के संयुक्त प्रयास से इन 18 विद्यार्थियों को कला निखारने के लिये ललित कलाओं (संगीत, नृत्य, लोकसंगीत, थियेटर, चित्रकला, मूर्तिकला, ग्राफिक्स, क्राफ्ट एण्ड डिजाईन) में आगे बढ़ने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है। इन सभी विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के छात्रावास में भी प्रवेश दिया गया है।

बजट में सभी लोगों का ध्यान रखा गया : कमल सोनी

राजनादगांव। भाजपा के इंटरनेट मीडिया प्रभारी रहे कमल सोनी ने सराहना करते हुए कहा कि यह बजट आम जनता का हितैषी है जिसमे मोदी सरकार ने सभी लोगो का विशेष ध्यान रखा गया है।वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जो बजट पेश किया है वह सवोमुखी है। कृषि कार्य के लिए 152 लाख करोड़ रुपए महिलाओ के लिए तीन लाख करोड़ रुपए, तीन करोड प्रधानमंत्री आवास योजना एवं शहरी आवास योजना के लिए अलग से योजना बनाई गई है। बेरोजगारो के लिए दो लाख करोड़ खर्च करके चार करोड़ बेरोजगारो को प्रशिक्षण देकर नौकरी दी जाएगी।

ग्राम पठानढोड़गी दतरेंगा मार्ग पर घुमरिया नदी में उच्च स्तरीय पुल बजट में शामिल

राजनांदगांव। रायपुर विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को वित्तमंत्री ओ.पी.चौधरी ने सदन में 7329 करोड़,35 लाख, 62 हजार,700 रुपए का अनुपूरक बजट पेश किया। यह चालू वित्तीय वर्ष का पहला अनुपूरक बजट है। इसमें स्कूल, कॉलेजो से लेकर सड़कों और भवनो के साथ नए उद्यानों की स्थापना के लिए सरकार ने बजट मे प्रावधान किया है,जिसमें राजनांदगांव जिला के खुज्जी विधानसभा क्षेत्र में ग्राम पठानढोडगी-दतरेगा मार्ग पर घुमरिया नदी पर उच्च स्तरीय पुल अनुमानित लागत (665.00 लाख) निर्माण कार्य हेतु विभागीय बजट में किया जाएगा।

टाउनशिप में आवारा मवेशियों के नियंत्रण के लिए की जा रही है कार्रवाई

भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग के प्रवर्तन अनुभाग द्वारा निरन्तर अवैध कब्जा हटाने, अवैध बैनर पोस्टर हटाने तथा यातायात को सुगम बनाने हेतु आवारा मवेशियों पर नियंत्रण का कार्य जारी है। साथ ही साथ भिलाईवासियों के स्वास्थ्य के प्रति सजग बीएसपी द्वारा डेंगू के विरूद्ध सघन अभियान भी प्रगति पर है। आवारा मवेशियों को नियंत्रित करने हेतु चलाए जा रहे इस अभियान के अंतर्गत भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग के प्रवर्तन अनुभाग द्वारा टाउनशिप के विभिन्न स्थानों से 24 जुलाई को 11 आवारा मवेशियों को पकड़कर उन्हें कोसानगर गौठान भेजा गया। 25 जुलाई को भी यह कार्यवाही जारी रही।

कबीरधाम जिले से लेकर अमरकंटक तक बोल-बम और हर-हर महादेव का होने लगा गुंजायमान

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर कावड़ियों के लिए बेहतर स्वास्थ्य की दृष्टि से 15 से अधिक स्थानों पर स्वास्थ्य अमला की लगाई गई ड्यूटी

समवेत शिखर संवाददाता

कवर्धा। छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले से लेकर मध्यप्रदेश की अमरकंटक तक बोल-बंम और हर-हर महादेव का गुंजायमान होने लगा है। ऐसी ही नजारा पड़ोंसी जिले बेमेतरा, मुंगेली और राजानांदगांव के सरहदी क्षेत्रों से आने वाले पदयात्रियों और कांवड़ियो में उत्साह और उमंग देखने को मिल रहा है। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के निर्देश पर कावड़ियों के लिए बेहतर स्वास्थ्य की दृष्टि से 15 से अधिक स्थानों पर चिकित्सकों सहित स्वास्थ्य अमलों की ड्यूटी लगाई गई है। कबीरधाम जिले के प्रवेश द्वार कहे जाने वाले हनुमंतखोल के पास कांवड़ियो के उपचार की बेहतर व्यवस्था कराई जा रही है। यहां चिकित्सक से लेकर स्टॉप नर्स और ड्रेसर्स कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। मां संतोषी बोल बंम समिति के सदस्यों ने अमरकंटक से पहाड़ी और पथरिली जंगलों की रास्तों से कबीरधाम जिले के हनुमंत खोल में प्रवेश किया। हनुमंत खोल में मुस्तैद स्वास्थ्य अमला ने कांवडियों पदयात्रियों का बीपी, सुगर, सहित समान्य जांच, मरहम-पट्टी कर उपचार किया। जिला बोल बंम समन्वय समिति के सदस्य पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्री अनिल ठाकुर, श्री दौवा गुप्ता, श्री निशांत झा श्री सुधीर केशरवानी ने बताया कि अमरकंटक से मां नर्मदा की जल लाने वाले कांवड़ियों की संख्या में काफी इजाफा हुआ है। कांवड़ियो की बढ़ती संख्या को देखते हुए उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के निर्देश एवं निगरानी पर कबीरधाम जिला प्रशासन और जिला बोल बंम समन्वय समिति द्वारा कांवडियों की मूलभूत सुविधाओं, जैसे उनके ठहरने की व्यवस्था, भोजन, उनके प्राथमिक स्वास्थ्य की व्यवस्था सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं में भी विस्तार किया गया है।

बेलरगोंदी में वृद्धजन स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन

समवेत शिखर संवाददाता

राजनांदगांव। संचालनालय आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध एवं होम्योपैथी (आयुष) छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशन एवं ज़िला आयुर्वेद अधिकारी राजनांदगाँव के कुशल मार्गदर्शन में एकदिवसीय निःशुल्क वृद्धजन स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिविर शासकीय आयुर्वेद औषधालय बेलरगोंदी में 26 जुलाई 2024 को आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ ग्राम के जनपद सदस्य प्रतिमा सोनबोईर, सरपंच रमशिला सोनबोईर, अमरसिंग, शिव माली, मोती राम साहू, विष्णु दास साहू, घुरारु राम वर्मा, मोती साहू, पुनिया बाई एवं गणमान्य नागरिकों के द्वारा भगवान धन्वंतरि की पूजा अर्चना कर किया गया। इस शिविर में 258 मरीज का परीक्षण कर निःशुल्क औषधि प्रदान किया गया। 106 वृद्धजन लाभान्वित हुए । एवं आयुष काढ़ा प्रदान किया गया साथ ही शिविर में निःशुल्क नेत्र परीक्षण,बी पी, शुगर जाँच किया गया। एवं प्रतिदिन योग अभ्यास करने के महत्व को बताते हुए योग के लिए वृद्धजनों को प्रोत्साहित किया गया। इस शिविर में शिविर प्रभारी डॉ अनिरुद्ध पटेल, डॉ हेमलता वर्मा, देवदास साहू, धीरजीराम सिन्हा , सोमकांत चंद्राकर, सुशीला मांडवी, शंकर लाल कंवर, योग प्रशिक्षक छगन राम वर्मा, मुकेश साहू(ओ.ए.ओ.) खिलेश नेताम (लेब टेक्नीशियन), महेंद्र पाल(आर.एच.ओ.) इत्यादि ने अपनी सेवाए दी।

दूर कर ली गई पंप हाउस की खराबी, एक दो दिनों में जलापूर्ति सामान्य : महापौर बाकलीवाल

समवेत शिखर संवाददाता

दुर्ग। शिवनाथ नदी पंप हाउस में आई खराबी अंततः दूर कर ली गई है। एक दो दिनों में जल आपूर्ति सामान्य हो जाएगा। अथक प्रयास के बाद महापौर जी के उपस्थिति मे ट्रांसफार्मर एवं मोटर पंप चालु हुआ। आधी रात 2 बजे तक 42 एमएलडी फिल्टर प्लांट ट्रांसफॉर्मर के ठीक होने खडे होकर कार्य को पूर्ण रूप से ख़त्म होने तक महापौर धीरज बाकलीवाल, आयुक्त लोकेश चंद्राकार जल कार्य प्रभारी संजय कोहले, सहायक अभियंता गिरीश दीवान, जल कार्य अधिकारी नारायण ठाकुर, गौरव उमरे, सीएसईबी कॉन्ट्रैक्टर एवं इलेक्ट्रिकल ऑपरेटर के साथ उपस्थित थे। फिल्टर प्लांट मे लगातार आई खराबी के चलते महापौर धीरज बकलीवाल एवं जल विभाग प्रभारी संजय कोहले आधी रात 12 बजे फ़िल्टर प्लांट पहुंचकर स्थिति का जयाजा लिया। विदित हो की पिछले तीन दिनो से चल रहे लगातार बारिश ले चलते शिवनाथ नदी मे बाढ़ की स्थिति निर्मित होने के कारण इंटेक्वेल मे कचरा जाम होने एवं 42 एमएलडी फिल्टर प्लांट के ट्रांसफार्मर मे मॉइसचर आने के कारण जलप्रदाय प्रभावित हो गई है। महापौर एवं जल प्रभारी ने आधी रात फिल्टर प्लांट का जयाजा लेकर सहायक अभियंता गिरीश दीवान एवं जलकार्य निरीक्षक नारायण ठाकुर से निरंतर जल प्रदाय नही होने मे आयी परेशानी के संबंध मे विस्तार पूर्वक जानकारी ली एवं अतिशीघ्र निराकरन करने निर्देशित किये। महापौर धीरज बाकलीवाल ने विद्युत विभाग के एई गिरी जी से फिल्टर प्लांट मे आई खराबी के सम्बन्ध मे विस्तार से चर्चा कर तत्काल समाधान करने कहा था। जिस पर वे तत्काल अपनी टीम के साथ रातभर जुटे रहे।महापौर बाकलीवाल ने इस सहयोग के लिए गिरी जी का आभार व्यक्त किया है।

कारगिल विजय दिवस की पूर्व संध्या युवा मोर्चा ने निकाली तिरंगा यात्रा एवं मशाल रैली

देश के वीर शहीदों के ऋणी है हमारा देश : जीत यादव

समवेत शिखर संवाददाता

दुर्ग। भारतीय जनता युवा मोर्चा दुर्ग जिलाध्यक्ष जीत हेमचंद यादव के नेतृत्व में कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर 101 फिट तिरंगा यात्रा एवं मशाल रैली निकली गयी। इस अवसर पर मुख्य रूप से दुर्ग संभाग प्रभारी युवा मोर्चा भूपेंद्र नाग उपस्थित रहे ।

रैली में उपस्थित युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं के द्वारा वीर शहीद अमर रहें, अमर रहें के नारों से आसमां गूंज उठा। रैली के दौरान दुर्ग शहरवासियों ने हाथों में मशाल लेकर वीर शहीदों को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उन्हें नमन किया। मशाल रैली अग्रसेन चौक से प्रारम्भ होकर इंदिरा मार्केट होते हुए पटेल चौक में सम्पन्न हुआ। मशाल रैली के समापन के बाद 25वीं वर्षगांठ पर युवा मोर्चा कार्यकर्ताओ ने यादव धर्मशाला में अखण्ड दीप प्रज्वलित किया जो अगले 25 घण्टे प्रज्वलित रहेगा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष जीत यादव ने कहा आज हम खुली हवा में सांस ले पा रहे तो उसके पीछे हमारे अमर शहीद जवानों का बलिदान है। आज देश का हर एक नागरिक अमर शहीद जवानों का कृतज्ञ है। वह अपने पूरे परिवार को छोड़कर मां भारती की सेवा में अपने प्राणों का न्योछावर कर देते हैं देश के समस्त वीरगति को प्राप्त अमर जवानों को मैं शत-शत नमन करता हूं। इस अवसर पर मुख्यरुप से भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष व दुर्ग संभाग प्रभारी भूपेंद्र नाग, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनीष पुनाचा, जिला उपाध्यक्ष सानिध्य चंद्राकर, जिला उपाध्यक्ष तिजील सिंह, मयंक शर्मा, दिनेश पटेल, भागवत यादव, उल्लेख साहू, शुभम साहू, भूपेंद्र साहू, वेद साहू एवं बड़ी संख्या में भाजयुमो पदाधिकारी, कार्यकर्ताओ के साथ आमजन उपस्थित रहे।

अतिवृष्टि के चलते निचली बस्तियों में भरा पानी, नदी-नाले उफान पर

स्कूल कालेजों में तीन दिन के अवकाश की घोषणा

समवेत शिखर संवाददाता

थान खम्हरिया। तहसील क्षेत्र मे लगातार झमाझम बारीश से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है भारी बारीश के चलते स्कुलो मे 27 से 29 जुलाई तक अवकाश की बेमेतरा कलेक्टर ने की घोषणा की है। नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 5,6,7,9 तथा 14 निचली बस्तियों के घरो मे पानी भरने से नागरिकों को परेशानी उठानी पड़ रही है वही नदी नाले में पुल पुलिया से पानी उपर बह रहा है।

थान खम्हरिया से सिल्हाटी तथा दुर्ग मार्ग के नकटा नाला मार्ग के नाले के उपर पानी बहने से यातायात प्रभावित हो रहा है,आज सुबह से हो रही झमाझम बारीश से व्यसायीक प्रतिष्ठान बंद रहे वही कई यात्री बसे भी नही चली।खेत खलिहानो, तटबंधो,तालाबो व जलाशयो मे लबालब पानी भर गया है क्षेत्र मे पिछले 6 दिन से हो रही बारीश से समान्य जनजीवन को प्रभावित किया है।स्कुलो जाने मे बच्चो को हो रही परेशानी को देखते हुए बेमेतरा जिला कलेक्टर रणवीर शर्मा ने तीन दिन की अवकाश की घोषणा की है इस दौरान शिक्षक अपने कार्य मे उपस्थित रहेंगे।बारीश से किसानो को काफी राहत मिली है वही जल स्तर भी बढा है साथ ही लोवोल्टेज की समस्या से भी निजात मिला है,लगातार बारीश से कही खुशी तो कही गम देखने को मिला।

कुम्हारी पालिका अध्यक्ष ने किया पीआईसी पुनर्गठन नए को मौका, कई पार्षदों के विभागों में फेरबदल

समवेत शिखर संवाददाता

कुम्हारी। नगर पालिका परिषद कुम्हारी के अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर ने अपनी पीआईसी (प्रेसीडेंट इन काउंसिल) का पुनर्गठन किया है बता दे कि नए पीआईसी गठन में पूर्व में गठित मेम्बरों के विभागों में फेरबदल करते हुए एक नए पार्षद को शामिल किया गया है। जिसकी सूचना बुधवार को समस्त पीआईसी मेम्बर व नगर पालिका अधिकारियों को दे दी गई। इस विषय पर अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर ने कहा कि पीआईसी मेम्बरों के पुनर्गठन निकाय चुनाव पूर्व नगर की अधूरी योजनाओं को शीघ्रता से पूर्ण करने तथा कामकाज में अधिक पारदर्शिता एवं कसावट के साथ अपने कर्तव्यों का तत्परता से पालन करने के उद्देश्य से किया गया है। अध्यक्ष ने जानकारी देते हुए कहा की पीआईसी गठन में अनुभवी, युवा व मेहनती पार्षदों को स्थान दिया गया है। जिससे कि जनाकांक्षाओं को समय पर पूर्ण करने शिथिल पड़ी योजनाओं को गति देने परिषद में नवीन ऊर्जा का संचार कर नगर में विकास की परिकल्पना मोर कुम्हारी को भव्य साकार रूप देने के लिए हमारे समस्त पार्षदों का महत्वपूर्ण योगदान रहे।

तीन महीने रहेगी नई पीआईसी

नए पीआईसी मेम्बरों को संभवतः महज तीन माह ही काम करने का मौका मिलेगा बता दे कि पालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर का कार्यकाल जनवरी 2025 तक है। हालांकि अंदेशा है कि इसी सत्र दिसंबर के अंत तक निकाय चुनाव हो सकते हैं। ऐसी स्थिति में नई पीआईसी का कार्यकाल मात्र तीन माह का ही होगा। बता दे कि वर्तमान पीआईसी सदस्यों में पार्षद राकेश कुर्रे को छोड़कर बाकी सदस्य पिछले चार वर्षो से अधिक समय तक अध्यक्ष की टीम के मेंबर रहें है।

सिर्फ सदस्य को ही बदला गया

नए पीआईसी मेम्बरों के गठन में पालिका अध्यक्ष ने वार्ड क्रमांक 14 के पार्षद ओमनारायण वर्मा के स्थान पर वार्ड क्रमांक 17 के पार्षद राकेश कुर्रे को स्थान देकर राजनैतिक गलियारों में चर्चा का माहौल बना दिया है हालांकि विधानसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन को लेकर राकेश कुर्रे को पीआईसी में शामिल कर मौका देने की बात सामने आ रही है।

इन पार्षदों को मिला विभाग

1- वार्ड चार के पार्षद मनहरण यादव को आवास, पर्यावरण एवं लोक निर्माण विभाग
2- पार्षद श्रीमती जानकी ध्रुव को जल कार्य विभाग
3- पार्षद थनेश पटेल, को स्वास्थ्य तथा चिकित्सा विभाग
4- पार्षद युजेन्द्र कुमार साहू को, राजस्व तथा बाजार विभाग
5- पार्षद राकेश कुर्रे को खाद्य नागरिक आपूर्ति, पुर्नवास एवं नियोजन विभाग
6- पार्षद नीतू रावते को शिक्षा, महिला तथा बाल कल्याण विभाग
7- पार्षद के. रवि कुमार को विधि तथा सामान्य प्रशासन विभाग का प्रभार दिया गया है।

रानीदहरा के कुआं में बरसात के पानी का रिसाव, संक्रमण का खतरा बढ़ा

कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम ने कुआं का पानी पीने के लिए लगाया प्रतिबंध

समवेत शिखर संवाददाता

कवर्धा। कबीरधाम जिले के सहसपुर लोहारा विकासखण्ड के सुदूर वनांचल ग्राम रानीदहरा में पिछले तीन दिनों से उल्टी-दस्त का संग्रमण बढ़ा हुआ था। आज 25 जुलाई को उल्टी-दस्त के एक ही नए मरीज मिले है। रानीदरहा में उल्टी-दस्त के प्रभावी रोकथाम और नियंत्रण के लिए कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे के निर्देश पर 23 जुलाई मंगलवार से गांव के प्राथमिक स्कूल में अस्थायी स्वास्थ्य कैप बनाया गया है, जहां एसडीएम और बीएमओ की निगरानी में स्वास्थ्य अमला द्वारा घर-घर पहुंचकर स्वास्थ्यगत जानकारी ली जा रही है और ग्रामीणों को स्वास्थ्य उपचार किया जा रहा है। कलेक्टर के निर्देश पर पीएचई विभाग के अमले ने गांव के सभी चार हैंड पंप और 17 कुआ के पानी का परीक्षण के लिए सैम्पल लिए है, जिसमें एक शासकीय कुआ भी शामिल है। पिछले तीन दिनों में उल्टी-दस्त पर प्रभावी नियंत्रण रखी जा रही है, 25 जुलाई को उल्टी-दस्त के सिर्फ एक ही नए मरीज मिले है। कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे के निर्देश पर सहसपुर लोहारा एसडीएम सुश्री आकांक्षा नायक, एसडीओ पीएचई श्री दिलीप राजपुत और बीएमओ डॉ संजय ने संयुक्त रूप में उल्टी-दस्त से प्रभावित ग्राम रानीदहरा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उल्टी-दस्त के प्रभावी रोकथाम और नियंत्रण के लिए स्वास्थ्य, पीएचई, पंचायत एवं ग्रामीण विकास द्वारा किए रहे कार्यों की जानकारी ली। साथ ही उल्टी-दस्त के संक्रमण के कारणों की जानकारी ग्रामीणों से ली गई। एसडीएम सुश्री आकांक्षा नायक ने बताया निरीक्षण के दौरान ग्रामीणां ने जानकारी दी कि गांव के अधिकाश ग्रामीणजन एक ही कुंआ से ज्यादातर पानी का उपयोग किया जाता है। उस कुंआ का निरीक्षण किया और सैम्पल रिपोर्ट आने तक उस कुए पानी पेयजल के उपयोग नहीं करने के लिए प्रतिबंध लगाया गया। कलेक्टर के निर्देश पर रानीदहरा के सभी जल स्त्रोतों का सैम्पल लिया गया। पीएचई विभाग के अधिकारी ने बताया कि जिस कुंआ से पानी का उपयोग पीने के लिए किया जा रहा था, उस कुएं में खेत-खलिहान के पानी का रिसाव ज्यादा हो रहा है। संभवतः इस कारण से जल में संक्रमण का खतरा हो सकता है। हालांकि जांच रिपोर्ट के आने के बाद ही पानी में वैक्टरिया की उपस्थित की जानकारी मिल सकती है। कलेक्टर के निर्देश पर रानीदहरा के 17 कुआ और 4 हैण्डपंप का पानी सैम्पल लिया गया है। गांव में टैकर के माध्यम से साफ पानी की आपूर्ति की जा रही है। सभी जल स्त्रोतों को क्लोरिनेशन किया गया है। एसडीएम सुश्री नायक ने बताया कि पिछले 23 जुलाई मंगलवार ग्राम रानी दरहा में उल्टी-दस्त के संक्रमण की जानकारी मिली थी। कलेक्टर के निर्देश पर बीएमओ डॉ खरसन द्वारा मंगलवार से ही गांव में स्वास्थ्य कैंप लगाया गया। जांच में पिछले तीन दिनों में 20 ग्रामीणां को उल्टी-दस्त से पीड़ित पाया गया। 6 ग्रामीणों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार चल रहा है, सभी की स्थिति बेहतर है। डॉ संजय खरखन ने बताया कि गांव में मौसमी बीमारी, उल्टी-दस्त, डायरिया, मलेलिया सहित जल-जनित बीमारियों के संक्रमण से बचने और बरसात के दिनों में पानी का उपयोग करने तथा खान-पान पर विशेष ध्यान देने के लिए जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। ग्रामीणों को पानी उबाल कर तथा ठंडा कर पीने के लिए जागरूक किया जा रहा है। साथ ही सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा। स्वास्थ्य गत जानकारी के लिए दीवान लेखन और कोटवारों के माध्यम से मुनादी कराई जा रही है। स्वास्थ्य अमला पिछले तीन तीनों से गांव में उपस्थित है।

मुख्यमंत्री से राष्ट्रीय रजक महासंघ की छत्तीसगढ़ इकाई के सदस्यों ने की मुलाकात

धोबी समाज को अनुसूचित जाति वर्ग में आरक्षण की मांग को लेकर राष्ट्रीय रजक महासंघ का प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन सौंपा

समवेत शिखर संवाददाता

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से आज छत्तीसगढ़ विधानसभा परिसर स्थित समिति कक्ष में राष्ट्रीय रजक महासंघ की छत्तीसगढ़ इकाई के प्रदेश-भर से आए सदस्यों ने मुलाकात की।

मुख्यमंत्री साय का राष्ट्रीय रजक महासंघ के सदस्यों ने पुष्पगुच्छ व शॉल भेंटकर अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से उन्होंने विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज के सशक्तिकरण से ही मजबूत राष्ट्र का निर्माण होता है। मुख्यमंत्री साय को सदस्यों ने सामाजिक मांगों से सम्बंधित ज्ञापन भी सौंपा। उपस्थित प्रमुख पदाधिकारी के नाम जोड़ देंगे। जिला कोरबा, बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, बेमेतरा, खैरागढ़, मुंगेली, पेंड्रा, दुर्ग, बालोद, राजनांदगांव, बस्तर संभाग, रायपुर, बलौदा बाजार, धमतरी, महासमुंद, जशपुर, जिला के पदाधिकारी सैकड़ो की संख्या में उपस्थित है। कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन एवं आरक्षण की मांग का ज्ञापन प्रदेश अध्यक्ष श्री विश्राम निर्मल करने वाले मुख्यमंत्री को साफ कर छत्तीसगढ़ में रजक समाज को अनुसूचित जाति वर्ग में सम्मिलित कर आरक्षण का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजने की मांग पत्र सौंपे। इस अवसर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष तथा विधायक धरमलाल कौशिक सहित राष्ट्रीय रजक महासंघ से प्रदेश अध्यक्ष श्री विश्राम निर्मलकर, भाजपा नेता प्रह्लाद रजक, सुरेश निर्मलकर, चूड़ामणि निर्मलकर, महेश कुमार कर्ष, दिनेश निर्मलकर, डॉ लेखराम निर्मलकर, दयालुराम निर्मलकर, राकेश रजक, लोकेश रजक सहित प्रदेश भर से आए सदस्य उपस्थित रहे। प्रदेश के इस जिले के पदाधिकारी पहुँचे।

न्यूज ब्रीफ

विधान सभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति की बैठक हुई

रायपुर। विधायकों एवं पूर्व विधायकों की सुविधाओं के संबंध में आज विधान सभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मान. मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय, मान. नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, मान. उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव, मान. संसदीय कार्य मंत्री श्री केदार कश्यप, मान. वित्तमंत्री श्री ओ.पी. चौधरी, मान. पूर्व मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल, मान. सदस्य श्री अजय चन्द्राकर, मुख्य सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, श्री अमिताभ जैन, विधान सभा सचिव श्री दिनेश शर्मा एवं छत्तीसगढ़ शासन के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे ।

पिरदा बारूद फैक्ट्री में विस्फोट पर कांग्रेस ने ध्यानाकर्षण के जरिए सरकार को घेरा

रायपुर। विधानसभा मानसून सत्र के अंतिम दिन शुक्रवार को ग्राम पिरदा में बारूद फैक्ट्री में विस्फोट पर कांग्रेस विधायक राघवेन्द्र सिंह और शेषराज हरबंश ने ध्यानाकर्षण पेश किया। कांग्रेस विधायकों ने फैक्ट्री में सुरक्षा मापदंडों का पालन नहीं होने पर सवाल उठाया। इस पर मंत्री लखन लाल देवांगन के जवाब से असंतुष्ट विपक्ष ने बहिर्गमन किया। मंत्री लखनलाल देवांगन ने बताया कि लगातार फैक्ट्री का निरीक्षण किया गया है। पाई गई कमियों को दूर करने के निर्देश भी दिए गए थे। समय-समय पर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने भी कहा गया था। फैक्ट्री में हुए दुर्घटना की जांच की गई है, जिसके बाद सभी विनिर्माण प्रक्रिया को रोकने के लिए आदेश जारी किया गया था, जो अब भी प्रभावशील है। प्रबंधन के खिलाफ अपराधिक प्रकरण भी दर्ज है। कांग्रेस विधायक राघवेन्द्र सिंह ने पूछा कि क्या फैक्ट्री में सुरक्षा के पूरे इंतजाम थे। मंत्री लखनलाल देवांगन ने बताया कि 1991 से फैक्ट्री संचालित है। श्रमिक लंबे समय से काम कम रहे थे, उन्हें सभी जानकारी थी। मामले में दंडाधिकारी जांच भी की जा रही है। फैक्ट्री में कई अनियमितताएं पाई गई हैं, इसलिए लाइसेंस निरस्त किया गया है। मंत्री ने बताया कि अभी पिरदा की फैक्ट्री में काम पूरी तरह बंद है, नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। सरकार श्रमिकों के साथ है, फैक्ट्री प्रबंधन ने 35 लाख और सरकार ने 5 लाख की सहायता उपलब्ध कराई है। सरकार किसी का बचाव नहीं कर रही है, हम श्रमिकों के साथ हैं।

युवती को इंप्रेस करने के चक्कर में 7 जख्मी

रायपुर। राजधानी रायपुर में नशे में धुत एक युवक ने युवती को इंप्रेस करने के चक्कर में 7 लोगों को जख्मी कर दिया है। युवक ने शराब पीकर बीच सड़क में तेज रफ्तार कार दौड़ाई। कुछ दूर भागने के बाद लोगों ने उसे घेरकर पकड़ लिया। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया है। युवक पर लापरवाहीपूर्वक कार चलाने को लेकर स्नढ्ढक्र दर्ज की गई है। जानकारी के मुताबिक, पूरा मामला शनिवार रात 10 बजे के आसपास का है। कार माना क्षेत्र निवासी रोहन नाग चला रहा था। वह जमीन दलाली का काम करता है। घटना के दौरान कार में उसके साथ एक युवती भी सवार थी और वह शराब के नशे में था।

गर्ल्स हॉस्टल में घुसकर मारपीट पर इंस्पेक्टर को सजा

रायपुर। रायपुर में गर्ल्स हॉस्टल में घुसकर आदिवासी महिला के साथ बदसलूकी करने वाले पूर्व ट्रैफिक्र पुलिस इंस्पेक्टर को कोर्ट ने सजा सुनाया है। कोर्ट ने इंस्पेक्टर को दोषी मानते हुए 2 साल की जेल और 8 हजार रुपए जुर्माना लगाया है। ये फैसला एट्रोसिटी में स्पेशल जज पंकज कुमार सिन्हा ने सुनाया है। फैसले के बाद इंस्पेक्टर को सजा भुगतने जेल में रहना होगा। मामले के संज्ञान में आने के बाद तत्कालीन रायपुर स्स्क्र प्रशांत अग्रवाल ने इंस्पेक्टर राकेश चौबे को सस्पेंड कर दिया था।

रायपुर में एसबीआई कर्मचारी ने की खुदकुशी

रायपुर। राजधानी रायपुर में एक एसबीआई कर्मचारी ने फांसी पर लटककर अपनी जान दे दी है। वह कुर्सी के सहारे खड़े होकर गले पर नायलॉन की रस्सी डालकर पंखे में झूल गया। जब उसकी पत्नी ने फोन किया तो कोई जवाब नहीं मिला, जिसके बाद घर पहुंचकर देखने पर कमरे के अंदर उसकी लाश लटकी मिली। पुलिस को कमरे में सुसाइड नोट भी मिला है।

गर्भवती महिलाओं को गर्म भोजन को लेकर कांग्रेस ने मंत्री को घेरा, बहिर्गमन

विधानसभा मानसून सत्र : मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा-बंद नहीं हुई है योजना

समवेत शिखर न्यूज

रायपुर। विधानसभा के मानसून सत्र के अंतिम दिन गर्भवती महिलाओं को गर्म खाना मिलना बंद होने का उठा मुद्दा। मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े ने बताया कि योजना बंद नहीं हुई। जवाब से असंतुष्ट होकर विपक्ष ने बहिर्गमन किया। पूर्व मंत्री अनिला भेंडिया ने गर्भवती महिला को मिलने वाला गर्म भोजन बंद करने का सदन में मामला उठाया। इस पर मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने बताया कि योजना बंद नहीं हुई है।

डीएमएफ सीएसआर फंड से गर्म भोजन दिया जा रहा है। प्रदेश में सुपोषण को लेकर चलाई जा रही योजना के मामले में पूर्व महिला बाल विकास मंत्री अनिला भेंडिया और लक्ष्मी रजवाड़े के बीच तनातनी दिखाई दी। पूर्व महिला में बाल विकास मंत्री अनिला भेंडिया ने कहा कि कांग्रेस काल में 126 करोड़ का बजट दिया गया था, आज 25 करोड़ का बजट है। प्रदेश में कहीं भी 0 से 6 माह तक के बच्चों, गर्भवती, एनिमिक महिलाओं को गर्म भोजन नहीं दिया जा रहा है। ये योजना बंद कर दी गई है। इससे छत्तीसगढ़ में कुपोषण बढ़ेगा। इस पर मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने बताया कि 6 महीने में कुपोषण में 12 फीसदी कमी आई है। योजना बंद नहीं हुई है। भेंडिया ने जवाब में कहा कि आपकी सरकार ने बजट में भी कटौती कर दी है। मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि विष्णु सरकार के सुशासन में एक से एक योजना चल रही है। कुपोषण दर में कमी आई है। अफसर भी यहां हैं, आप पूछ लीजिए आपको पूरी जानकारी दे देंगे। इस पर नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने कहा कि 0 से 3 साल के बच्चों को सुपोषण नहीं दे पा रहे हैं, तो किस बात का सुशासन। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस मामले में कहा कि माननीय मंत्री जी कह रही हैं कि कुपोषण परसेंट में कमी आई है। आपत्ति इस बात की है सदन चल रहा है हम मंत्री से जवाब लेंगे अधिकारियों से नहीं लेंगे। दूसरी बात यह है गर्म भोजन की योजना कहीं नहीं चल रही। बच्चों का सवाल है, छत्तीसगढ़ के भविष्य का सवाल है, बच्चों और महिलाओं का सवाल है, इसलिए हम सदन का बहिर्गमन (वॉकआउट) करते हैं।

मंत्री को मांगनी पड़ी माफी

कुछ देर बार कांग्रेस नेता सदन में लौट भी आए। इसके बाद मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े ने पूर्व मंत्री अनिला भेंडिया को जवाब देते हुए उन्हें विधायक कहकर संबोधित किया। इस पर चरणदास महंत ने आपत्ति जताते हुए कहा कि अनिला भेंडिया सीनियर नेता रही हैं, पूर्व मंत्री रही हैं। लक्ष्मी राजवाड़े जी को मैं बड़ी रुचि से सुन रहा था और मैं उनको सलाह देना चाहता हूं, उन्होंने अनिला जी को विधायक कहा, मुझे इस बात की तकलीफहै। ये सुनकर लक्ष्मी राजवाड़े खड़ी हुईं उन्होंने माफी मांगते हुए कहा कि पूर्व मंत्री अनिला जी से मैं माफी चाहती हूं। मैं ये बताना चाहती हूं कि महिलाओं और बच्चों से जुड़ी योजनाएं बंद नहीं हैं। जवाब में अनिला ने कहा कि यहां 90 विधायक बैठे हैं किसी के एरिया में महिलाओं को गर्म भोजन नहीं मिल रहा है। आप योजना शुरू करने की घोषणा करिए। हालांकि मंत्री राजवाड़े ने कोई घोषणा नहीं की।

नक्सलियों को चावल देने बदले दुकान?

प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस विधायक कवासी लखमा ने 16 भवन विहीन दुकानों के संबंध में सवाल किया। उन्होंने कहा कि सवाल लगने के बाद दुकानों को अलग जगह बदला गया है। कई दुकानों को नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में स्थानांतरित कर दिया गया है। आमापल्ली, जगरगुंडा के दुकानों को बदल दिया गया है। इसके साथ कवासी लखमा ने सवाल उठाया कि क्या नक्सलियों को चावल देने के लिए दुकान बदले गए हैं। इस पर मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि दुकान बदलने के संबंध में जानकारी देंगे तो परीक्षण कराएंगे। इस पर कवासी लखमा ने कहा कि अगर कार्रवाई करेंगे तो जानकारी देंगे।

दयालदास बघेल बोलने के तरीके और चने पर घिरे

रायपुर। विधानसभा मानसून सत्र के अंतिम दिन शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश में चने की कमी को लेकर खाद्य मंत्री दयालदास बघेल को घेरा। सदन में पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने पूछा कि प्रदेश में चने की कमी मिली है, किसे जिम्मेदार माना गया है, किस पर क्या कार्रवाई हुई बताइए। जवाब देने खाद्य मंत्री दयालदास बघेल खड़े हुए और कहा कि ये प्रश्न जो पूछ रहा है वो उद्धृत नहीं होता। मंत्री श्री बघेल ने इसे अनवैलिड बता दिया। इस पर भूपेश बघेल ने स्पीकर से कहा कि मंत्री जी थोड़ा सम्मानजनक शब्द इस्तेमाल करेंगे। पूछ रहा है बोल रहे ये शब्द ठीक नहीं। इस पर हंसते हुए डॉ. रमन सिंह ने मंत्री से कहा कि सीएम रहे हैं, उन्हें पूछ रहे हैं ऐसा बोल दीजिए। इस पर सदन में सभी हंसने लगे। 10 मिनट तक भूपेश बघेल ने चने की कमी पर कार्रवाई के सवाल पूछते रहे। इस पर दयाल दास दूसरे किस्म के जवाब देते रहे। दोनों के बीच खींचतान बढ़ रही थी। इसके बाद डॉ रमन ने मंत्री से कहा कि आप जांच करेंगे कह दिजिए। इस पर दयालदास ने हामी भर दी।

बालको फैला रहा था प्रदूषण, 14.29 लाख का फाइन वसूला गया

रायपुर। विधानसभा में भाजपा के विधायक धरमलाल कौशिक ने बालको प्लांट की इस लापरवाही का मुद्दा उठाया था। मानसून सत्र में लिखित जवाब में पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी ने बताया है कि प्लांट पर कार्रवाई हुई है। 14 लाख 29 हजार रुपए से अधिक का फाइन भी वसूला गया है।

बालको प्लांट प्रदूषण फैला रहा था। जब पर्यावरण विभाग ने इसकी जांच की तो इसका खुलासा हुआ। नियमों को ताकपर रखका प्लांट से निकलने वाली राख का कोई ट्रीटमेंट नहीं हो रहा था। आम लोग इससे परेशान थी। मंत्री की तरफसे लिखित जवाब में बताया गया है कि मेसर्स बालको कोरबा, प्लांट से राख को डिस्पोज करने में गडबड़ी की जानकारी मिली। इसके बाद 3 सदस्यीय जांच समिति का गठन किया गया था। इसमें अनूप कुमार बेहरे अधीक्षण अभियंता, मुख्यालय, छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मंडल रायपुर, आर. के. शर्मा, अधीक्षण अभियंता, मुख्यालय, छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मंडल रायपुर एवं प्रमेन्द्र शेखर पाण्डेय, क्षेत्रीय अधिकारी, क्षेत्रीय कार्यालय, छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मंडल कोरबा को जिम्मेदारी दी गई।

ये गड़बड़ी मिली

टीम ने पाया कि राख सायलो एरिया में बड़ी तादाद में ऐश जमा हो चुकी है। लगभग 20-30 टन राखड़ के 2 ढेर पाये गये, जिस पर मिट्टी की परत बिछानी थी मगर नहीं बिछायी गयी थी। राख पर पर्याप्त जल छिड़काव की व्यवस्था नहीं पायी गयी। 2 गाड़ियों में ठीक तरीके से तारपोलिन बांधे बिना ट्रांसपोटेशन किया जा रहा था। कोरबा के बरबसपुर गांव में राख पर पानी का छिड़काव नहीं किया गया था। इन्हीं वजहों से राख उड़ती हुई पायी गई।

इस नियम के तहत कार्रवाई

विभाग के नियम ताप विद्युत संयंत्र को वायु (प्रदुषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम 1981 की धारा 31 'क' के तहत प्लांट को नोटिस जारी किया गया। 14 लाख 29500 रूपये का फाइन लगाया गया।

सत्र के अंतिम दिन पहुंची पूर्व सदस्य विजय सिंह के निधन की सूचना, विस अध्यक्ष ने जताई नाराजगी

विस अध्यक्ष ने शासन को दिए कार्रवाई के निर्देश

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा मानसून सत्र के अंतिम दिन शुक्रवार को पूर्व सदस्य विजय सिंह के निधन पर सदस्यों ने शोक जताते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। सत्र के अंतिम दिन सूचना पहुंचने पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने नाराजगी जताते हुए शासन को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

विधानसभा के अंतिम दिन की कार्रवाई शुरू होते ही विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने मनेंद्रगढ़ के पूर्व विधायक व कांग्रेस नेता विजय सिंह के निधन की सूचना दी। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत, उप मुख्यमंत्री और सदस्यों ने श्रद्धांजलि दी। इस दौरान भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए प्रशासनिक त्रुटि का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि विजय सिंह का निधन 17 जुलाई को हुआ और सत्र के अंतिम दिन सूचना मिलना गंभीर त्रुटि है।

इस पर नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने भी इसे गंभीर चूक बताते हुए विधानसभा अध्यक्ष से निर्देश देने का अनुरोध किया। देर से निधन सूचना मिलने पर विस अध्यक्ष ने नाराजगी जताते हुए शासन को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके साथ कहा कि सामान्य प्रशासन का निर्देश पहले से जारी है। कलेक्टर को अविलंब सूचना भेजना चाहिए था। काफी विलंब से विधानसभा को सूचना दी गई, यह अत्यंत चिंताजनक है।

पंच के तौर पर शुरू की थी राजनीतिक करियर

बता दें कि दिवंगत विधायक विजय सिंह 1980 से 90 तक मध्यप्रदेश विधानसभा के कांग्रेस सदस्य रहे। विजय सिंह ने पंच से राजनीति करियर की शुरुआत की थी और फिर सरपंच बने। बाद में जनपद अध्यक्ष निर्वाचित हुए। विजय सिंह दिग्गज कांग्रेस नेता अर्जुन सिंह और मोतीलाल वोरा के करीबी रहे।

शत्रुघ्न प्रसाद शर्मा का निधन विप्र समाज ने दी श्रद्धांजलि

रायपुर। आजाद चौक- ब्राह्मणपारा, रायपुर निवासी श्री शत्रुघ्न प्रसाद शर्मा (उपाध्याय) (टेकारी -करही वाले) का आज सुबह आकस्मिक निधन हो गया। वे स्व. शारदा प्रसाद उपाध्याय के पुत्र, श्रीमती भारती शर्मा के पति, श्री शशांक शर्मा (पत्रकार), डॉ. समीर शर्मा, श्रीमती स्वाति शुक्ला और श्रीमती सोनल तिवारी के पिता थे। उनकी अंतिम यात्रा शाम 4.00 बजे आजाद चौक- ब्राह्मणपारा स्थित निवास स्थान से निकलकर मारवाड़ी मुक्तिधाम जाएगी। श्री शत्रुघ्न प्रसाद शर्मा (उपाध्याय) के निधन पर श्री भूपेन्द्र, अरुण शर्मा, प्रशांत शर्मा, प्रवीण शर्मा, ईशान शर्मा, जय शर्मा, कल्पना दुबे, धीरज उपाध्याय, राजेन्द्र उपाध्याय, ललित उपाध्याय, विजय (छोटकू) उपाध्याय, नेहा उपाध्याय, संतोष उपाध्याय (राजिम), पद्मा दीवान, छन्नू उपाध्याय, आनंद उपाध्याय, संतोष उपाध्याय (बालोद), सरोज शर्मा, रीतेश पांडे, किरण उपाध्याय, नीरज चौबे, अमिता शर्मा, प्रभा उपाध्याय, ओम प्रकाश उपाध्याय, सीमा-अनिल शर्मा, सूरज उपाध्याय, राहुल उपाध्याय, प्रकाश उपाध्याय, प्रतिमा शर्मा, प्रशांत- जितेन्द्र उपाध्याय, सीमा उपाध्याय,

वीणा शर्मा,नीता शुक्ला, भारती तिवारी, प्रदीप कुमार शुक्ला, संजय तिवारी, अजय शर्मा, ज्योति पांडे, अनिल तिवारी (सेमरा वाले), प्रीति, सुनीता-जितेन्द्र मिश्रा, राजशेखर चौबे, सुधांशु दीवान, डॉ. अखिलेश त्रिपाठी, नीलिमा जोशी, सुरेन्द्र शुक्ला, दीपक दीवान, अर्पणा मिश्रा, ज्ञानेश शर्मा, डॉ. मेघेश तिवारी, विकास तिवारी, अर्पणा, संध्या, रमेन्द्र , ब्रजेश चौबे, समीर कुमार चौबे, जयश्री दीवान, प्रीति दुबे, राजश्री शर्मा, संगीता तिवारी, सीमा पांडे, प्रणिता शर्मा , सीमा दुबे, चंद्रशेखर द्विदी, अश्विनी उपाध्याय, नीलिमा शर्मा, पायल शर्मा, आलेख शर्मा, मनोज उपाध्याय, शशांक शुक्ला, नीलिमा तिवारी आदि विम्र जनों ने शोक व्यक्त करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि व्यक्त की है।

छत्तीसगढ़ में खुलेंगे सैनिक स्कूल, बृजमोहन के सवाल पर रक्षा मंत्री ने दी जानकारी

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने जानकारी दी है कि, रक्षा मंत्रालय ने देश में गैर सरकारी संगठन/ न्यास/ निजी/सरकारी स्कूलों के साथ साझेदारी रीति में नए सैनिक स्कूल खोल रहा है

समवेत शिखर न्यूज

रायपुर। रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने लोकसभा में रक्षा मंत्रालय से छत्तीसगढ़ राज्य और विशेष रूप से रायपुर संसदीय क्षेत्र में बालिका सैनिक विद्यालय खोलने की योजना पर सवाल किया है। जिस पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने जानकारी दी है कि, रक्षा मंत्रालय ने देश में गैर सरकारी संगठन/न्यास/निजी/सरकारी स्कूलों के साथ साझेदारी रीति में नए सैनिक स्कूल खोल रहा है। जिसकी शुरुवात उत्तरप्रदेश से ही चुकी है। जहां मथुरा में संविद गुरुकुलम उच्च माध्यमिक स्कूल को पूर्णरुपेण-बालिका सैनिक स्कूल के रूप में मंजूरी दी गई है। आने वाले समय में छत्तीसगढ़ में भी यह प्रयोग हो सकता है। साझेदारी रीति के तहत स्थापित किए जाने वाले नए सैनिक स्कूल की स्थापना का खर्च संबंधित इकाई/एजेंसी द्वारा वहन किया जाएगा। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने

भविष्य की प्रौद्योगिकी और उन्नत सुरक्षा विशेषताओं वाले ई-पासपोर्ट शुरू करने के लिए विदेश मंत्रालय से उठाए गए कदमों की जानकारी मांगी थी। जिसपर विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने बताया कि, केंद्र सरकार एम्बेडेड चिप के साथ ई-पासपोर्ट शुरू करने के लिए कदम उठाए हैं। वर्तमान में, भुवनेश्वर और नागपुर स्थित क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालयों में ई-पासपोर्ट की परियोजना का परीक्षण चल रहा है। इसके सफ्लतापूर्वक आरंभ होने और अपेक्षित प्रमाणीकरण के बाद, इसे चरणबद्ध तरीके से पूरे भारत में शेष क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालयों में शुरू किया जाएगा। ई-पासपोर्ट एक संयुक्त कागज और इलेक्ट्रॉनिक पासपोर्ट है, जिसमें एक एम्बेडेड रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन (आरएफआईडी) चिप और इनले के रूप में एम्बेडेड एंटीना है। पासपोर्ट की महत्वपूर्ण जानकारी इसके डेटा पेज पर प्रिंट की जाएगी और साथ ही चिप में संग्रहीत की जाएगी, जिससे इसमें जालसाजी करने की संभावनाएं कम हो जाएगी। दस्तावेज़ और चिप की विशेषताएं अंतर्राष्ट्रीय नागर विमानन संगठन (आईसीएओ) दस्तावेज़ 9303 के अनुसार है।

नाली की बदबू और मच्छर से क्षेत्र के रहवासी थे परेशान , कॉल सेंटर में की शिकायत, मिला समाधान

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में एक कॉल पर समस्याओं का जल्द निराकरण होंरहा है। ज्ञात हो कि जिला प्रशासन द्वारा शुरू किए गए जन-समस्या निवारण कॉल सेंटर में नागरिक अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कॉल कर के शिकायत दर्ज करा रहे हैं जिसका जिला प्रशासन शिकायत से संबंधित विभाग द्वारा विधिवत समाधान किया जा रहा है। जोन 3 वार्ड 61 के नाली की बदबू और मच्छर से क्षेत्र के रहवासी ख़ासे परेशान थे आज कलेक्टर समस्या निवारण कॉल सेंटर में शिकायत करने के कुछ घंटे भर में ही समाधान मिल गया। स्थानीय निवासी श्री टीकाराम सोनकर ने कलेक्टर कॉल सेंटर में कॉल कर के नाली की सफ़ाई नहीं होने से बदबू और मच्छरों से परेशान थे जिसकी शिकायत दर्ज कराई गई उनके शिकायत को कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देशन से नगर निगम के अधिकारियों को प्रेषित किया गया।

धार्मिक व्यक्ति सबको पसंद होता है लेकिन धर्म करना कोई नहीं चाहता : विरागमुनिजी

आत्मस्पर्शी चातुर्मास 2024

समवेत शिखर न्यूज

रायपुर। दादाबाड़ी में आत्मस्पर्शी चातुर्मास 2024 के छठवें दिन गुरूवार को दीर्घ तपस्वी श्री विरागमुनि जी ने कहा कि धार्मिक व्यक्ति कभी भी किसी का अपमान नहीं कर सकते हैं। जब कोई व्यक्ति धार्मिक हो जाता है तो लोग चाहते हैं कि मेरा बेटा भी ऐसा हो, मेरा पति भी ऐसा हो, मेरा भाई ऐसा हो, मेरे दोस्त जैसे हो, एक कर्मचारी चाहता है कि मेरा मालिक कैसा हो क्योंकि धर्म एक ऐसा पैरामीटर है जिसके ऊपर कुछ नहीं है। केवल इतना ही काफी नहीं होगा धार्मिक के साथ-साथ गुण भी होना चाहिए और जो हमारे अंदर के दोष है वह भी कम होने चाहिए। मुनिश्री ने कहा कि पहले के लोगों को अगर आप देखें तो अगर आपस में कुछ ऐसी मनमुटाव वाली बात हो जाती थी और कोई गुस्सा भी हो जाता था तो आधे घंटे बाद सब शांत हो जाता था और

लोग आपस में मिलजुल कर हंसते खेलते थे। जबकि आज स्थिति बहुत ही विपरीत हो चुकी है, आज एक बार किसी को गुस्सा आ जाए तो वह सामने वाले व्यक्ति का मुंह सालों साल नहीं देखता। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि आज व्यक्ति अपने पापों को बढ़ता जा रहा है, लालच, ईर्ष्या, राग-द्वेष जैसे अवगुण व्यक्ति के अंदर आ गए हैं और इतने हावी भी हो गए हैं कि वह यह नहीं समझ पाता कि मुझे सामने वाले को माफ करना चाहिए या उससे माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि थोड़ा सा दुख हमारे जीवन में आ जाए तो हम किसे भूलते है। हमें अगर थोड़ा सा भी सिरदर्द होता है, तो हम भगवान को भूल जाते है, पूजा-पाठ करने मंदिर नहीं जाते है। जबकि उस दिन हम नहाने गए, खाना खाए, काम पर चले गए पर मंदिर नहीं गए। संसार जगत का कोई भी काम नहीं छोड़े और छोड़े तो कौन सा काम, पूजा-अर्चना का, धर्म का काम। थोड़ा सा सिर दर्द हुआ तो धर्म का काम छोड़ दिया तो सोचो जो नरक गति में रहते है वो कैसे करते होंगे, क्या उन्हें धर्म की चिंता करने का समय मिलता होगा। मुनिश्री ने बताया कि व्यक्ति को जब सुख के साधन भी ज्यादा मिल जाए तो वह धर्म-कर्म नहीं करता। अगर करना भी चाहे तो वह नियमानुसार नहीं कर सकते है। एक मनुष्य गति ही ऐसा जीवन में जहां हम तप कर सकते है, साधना कर सकते है, आराधना कर सकते है। चातुर्मास जप-तप और पूजा-आराधना करने का समय है। आलस्य में अगर जीवन बिता दिया तो यह चार महीने भी निकल जाएंगे और पता भी नहीं चलेगा।

31 जुलाई तक पीआरएसयू में एडमिशन ले सकेंगे छात्र: विवि ने आगे बढ़ाई तारीखें, कॉलेजों से मिल सकेगा ऑफलाइन प्रवेश

समवेत शिखर न्यूज

रायपुर। पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में एडमिशन के लिए इंतजार कर रहे छात्रों के लिए अच्छी खबर है। विवि में एडमिशन की तारीखें आगे बढ़ा दी है, अब यहां 31 जुलाई तक प्रवेश प्रक्रिया चलेगी। 26 से 31 जुलाई तक कालेजों में कुलपति के आदेश के बाद प्रवेश देने का नियम है। प्रदेश में अभी शिक्षा सत्र 2024-25 के लिए सभी कॉलेजों में बीए, बीएससी, बीबीए, बीकॉम समेत बाकि के ग्रेजुएशन पाठ्यक्रमों के लिए एडमिशन हो रहा है।ॉ सत्र के शुरू होने के पहले ही उच्च शिक्षा विभाग की तरफसे जारी शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार कॉलेजों में प्रवेश की अंतिम तिथि 25 जुलाई थी। जिस अब विवि की तरफसे एफिलियेट कॉलेजों में प्रवेश की तिथि को बढ़ाकर 31 जुलाई कर दिया है। लगभग 150 कॉलेजों में 31 जुलाई तक प्रवेश दिए जाएंगे। विवि की ओर से छात्रों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए उन छात्रों को भी ऑफ्लाइन प्रवेश दिया जाएगा जिन्होंने ऑनलाइन आवेदन नहीं किया होगा। छात्रों को जिन कॉलेजों में प्रवेश लेना है तो जरूरी दस्तावेज लेकर सीधे कॉलेज पहुंचकर प्रवेश ले सकते हैं।

पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने छत्तीसगढ़ के भाजपा सांसदों को लिखा पत्र

केंद्रीय बजट में छत्तीसगढ़ की उपेक्षा को सदन मे उठाने किया आग्रह

समवेत शिखर न्यूज

रायपुर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने राज्य के भाजपा सांसदों को पत्र लिखकर राज्य को विशेष आर्थिक सहायता तथा विशेष राज्य का दर्जा दिया जाने की मांग संसद में उठाने के लिये आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार का राज्य को फायदा नहीं मिल रहा। केंद्रीय बजट से राज्य की जनता अपने को ठगा महसूस कर रही। बिहार आंध्र को विशेष सहयोग छत्तीसगढ़ को क्यों नहीं? यह मामला सांसदगण सदन में उठाये।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्र में कहा गया है कि माननीय सांसद गण भारतीय जनता पार्टी (छ.ग.)। आदरणीय आप सब छत्तीसगढ़ के विभिन्न संसदीय क्षेत्रों से निर्वाचित हुए है। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के गठन में छत्तीसगढ़ की जनता ने भी महति भूमिका निभाई है। राज्य के 11 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में से 10 क्षेत्रों में भारतीय जनता पार्टी के सांसदों को राज्य की जनता ने जिताया है। चुनाव में आप सबने प्रदेश की जनता से वादा किया था डबल इंजन की सरकार बनेगी तो प्रदेश का तीव्र गति से विकास होगा। मोदी सरकार के पहले बजट से राज्य की जनता अपने आप को ठगा महसूस कर रही है। डबल इंजन की सरकार का राज्य को कोई फायदा नहीं मिला। केंद्रीय बजट में राज्य की अनदेखी की गयी है। सत्तारूढ़ दल के 10 सांसदों वाले राज्य की उपेक्षा पीड़ाजनक है। इसके विपरीत बिहार और आन्ध्रा जैसे राज्यों के लिये केंद्रीय बजट में विशेष प्रावधान है। छत्तीसगढ़ आदिवासी प्रदेश है, राज्य की बड़ी आबादी वन क्षेत्रों में रहती है। आर्थिक शैक्षणिक विकास के इंडेक्स में छत्तीसगढ़ देश के अनेकों राज्यों से पीछे है। छत्तीसगढ़ भी देश के अन्य राज्यों के समान विकास की दौड़ में शामिल हो इसलिए देश के अन्य राज्यों की अपेक्षा छत्तीसगढ़ को विशेष सहायता की आवश्यकता है। आप सबको राज्य की जनता ने बड़े आशा और विश्वास के साथ संसद में भेजा है। आपसे मैं आग्रह करता हूं कि राज्य की जनता के अपेक्षाओं के अनुरूप आप राज्य के हितों की आवाज संसद में उठाये। राज्य के सर्वागीण विकास के लिये छत्तीसगढ़ को विशेष राज्य और विशेष आर्थिक पैकेज की मांग बुलंद करें।

शिखर बने उतुंग, शिखर अपने प्रताप से।
डरे कभी वह नहीं, किसी के उग्र शाप से।।

संपादकीय

मिसाइल सुरक्षा

बैलिस्टिक मिसाइल रक्षा प्रणाली के निर्माण में भारत का आगे बढ़ना सुखद और स्वागतयोग्य है। यह देश के लिए खुशखबरी है कि रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने बुधवार को 5,000 किलोमीटर की दूरी तक मार करने वाली मिसाइलों को नाकाम करने की क्षमता का सफल परीक्षण किया है। बुधवार सुबह से ही बालासोर, ओडिशा के समुद्री तट के आसपास के गांवों में बड़ी हलचल थी कि वैज्ञानिक कोई बड़ा प्रयोग करने जा रहे हैं। अनेक गांव खाली करा लिए गए थे, लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने के साथ ही उन्हें आर्थिक मुआवजा भी दिया गया था। बुधवार देर शाम ही यह स्पष्ट हुआ कि आसमान में उड़ती दुश्मन की मिसाइल को जमीन से मार गिराने की क्षमता का सफल परीक्षण किया गया है। यह भारत की बैलिस्टिक मिसाइल रक्षा प्रणाली के दूसरे चरण की सफलता का अवसर है। मतलब जल्द ही, भारत अपने महत्वपूर्ण शहरों, ठिकानों के आसपास ऐसा मिसाइल सुरक्षा तंत्र स्थापित करेगा, जिससे दुश्मन की ओर से आ रही किसी भी खतरनाक मिसाइल को आसमान में ही नष्ट किया जा सके। अपनी विशाल आबादी की रक्षा के लिए भारत के पास यह सुरक्षा तंत्र होना ही चाहिए।

परीक्षण भी बहुत दिलचस्प ढंग से किया गया। पहले एक मिसाइल को दुश्मन की मिसाइल की तरह दागा गया और उसके बाद जमीन व समुद्र में तैनात भारतीय राडारों ने उस मिसाइल का तत्काल पता लगाया और चार मिनट के भीतर ही जमीन से जवाबी बैलिस्टिक मिसाइल ने उड़ान भरी और टारगेट से हवा में ऊपर ही जा टकराया। वैसे तो भारत कम दूरी, मध्यम दूरी और बहुत लंबी दूरी की मिसाइल बनाने में सक्षम है, पर आज के समय में मिसाइल बनाना जितना जरूरी है, उतना ही आवश्यक मिसाइलों से बचने की क्षमता विकसित करना भी है। इस परीक्षण में सबसे बड़ी सफलता दुश्मन की मिसाइल का पता लगाने की क्षमता है, जिसे साल 2006 से ही मुकम्मल करने की कोशिश में भारतीय वैज्ञानिक लगे हुए हैं। भारत अपने बैलिस्टिक मिसाइल रक्षा कार्यक्रम के पहले चरण को पूरा कर चुका है, जबकि दूसरे चरण में नई श्रेणी के इंटरसेप्ट सिस्टम को पुख्ता करने का काम चल रहा है। कम दूरी की मिसाइलों को मार गिराने की क्षमता भारत के पास पहले से ही है और अब 5,000 किलोमीटर दूर से आने वाली मिसाइलों को भी नष्ट करने की क्षमता भारतीय सेना की ताकत को नए मुकाम पर पहुंचा देगी।

चूंकि भारत की नीति कभी भी पहले हमला करने की नहीं रही है, इसलिए भी उसे मिसाइलों का जवाब देने में सक्षम होना चाहिए। आगे के लिए यह मानकर चलना चाहिए कि जब भी युद्ध होगा, भारत का मुकाबला मिसाइलों की बौछार से होगा, अतः उनसे सुरक्षा का कवच तैयार करना समय की मांग है। भारत ने एस-400 नाम का मिसाइल सुरक्षा कवच रूस से लिया है। अभी कुछ और की आपूर्ति होनी है। वास्तव में, हमें अपना पुख्ता मिसाइल सुरक्षा कवच विकसित करना चाहिए।

प्रभात झा पत्रकारिता एवं राष्ट्रवादी सोच के पुरोधा-पुरुष

ललित गर्ग, वरिष्ठ स्तंभकार

पत्रकारिता के एक महान् पुरोधा पुरुष, मजबूत कलम एवं निर्भीक वैचारिक क्रांति के सूत्रधार, उत्कृष्ट राष्ट्रवादी, भाजपा के नेता और भाजपा मुखपत्र 'कमल' के मुख्य सम्पादक प्रभात झा अब हमारे बीच नहीं रहे। वे 67 वर्ष की उम्र में 26 जुलाई, 2024 को प्रातः 5 बजे गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में जिन्दगी एवं मौत के बीच जूझते हुए हार गये, आखिर मौत जीत गयी। एक संभावनाओं भरा हिन्दी पत्रकारिता, स्वच्छ राजनीति एवं राष्ट्रीय विचारों का सफर ठहर गया, उनका निधन न केवल पत्रकारिता के लिये, भारत की राष्ट्रवादी सोच के लिये बल्कि भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रवादी राजनीति पर एक गहरा आघात है, अपूरणीय क्षति है। प्रभात झा का जीवन सफर आदर्शों एवं मूल्यों की पत्रकारिता की ऊंची मीनार है। उनका निधन एक युग की समाप्ति है।

प्रभात झा पत्रकार, लेखक स्तंभकार रहे हैं, वही उनका राजनीति जीवन भी प्रेरक रहा हैं। वे मध्य प्रदेश राज्य से राज्यसभा के सदस्य रह चुके हैं। वे 2010 से दिसंबर 2012 तक मध्य प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष रहे। यही वो दौर रहा जिसमें मध्यप्रदेश में भाजपा की जमीन गहरी हुई। वर्तमान में वे भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं। झा का जन्म 4 जून 1957 को हरिहरपुर, दरभंगा जिला, बिहार में हुआ था। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा ग्वालियर, मध्य प्रदेश से की। यहां के पीजीवी कॉलेज से उन्होंने बीएससी, माधव कॉलेज से राजनीति शास्त्र में एमए और एमएलबी कॉलेज से एलएलबी की डिग्री ली। उनके करीबियों का कहना है कि वह शुरू से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा से खास जुड़ाव रखते थे। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत पत्रकारिता से की। स्वदेश अखबार में भी लंबे समय तक जुड़े रहे। झा की शादी रंजना झा से हुई है और उनके दो बेटे तुष्मुल और आयत्न हैं।

मेरा सौभाग्य रहा कि मुझे प्रभात झा से मिलने के अनेक अवसर मिले, 85 नार्थ एवेन्यू में सुखी परिवार फाउण्डेशन के अस्थायी कार्यालय से सटा हुआ उनका आवास था। सुखी परिवार अभियान के प्रणेता आदिवासी संत गणि राजेन्द्रविजयजी के पास वे अक्सर आ जाते एवं उनसे लम्बी राष्ट्र-विकास एवं समाज-निर्माण की चर्चाएं होती रहती थी। राजधानी के कंस्टीट्यूशनल क्लब में सुखी परिवार

फाउंडेशन द्वारा आयोजित 'दिव्य भारत के निर्माता मोदी' विषयक डॉ. अविनाश काटे द्वारा कैनवास पर ऐक्रेलिक रंगा से हस्तनिर्मित 75 भावचित्रों की प्रदर्शन एवं पुस्तक का उद्घाटन उन्होंने किया। इस कार्यक्रम का संयोजन मुझे करने का मौका मिला। वे सुखी परिवार फाउण्डेशन के कार्यक्रमों से अत्यंत प्रभावित थे और इसको आगे बढ़ाने एवं आदिवासी कल्याण के लिये सुझाव देते रहते थे।

प्रभात झा जितने सफल जननायक थे उतने ही प्रखर लेखक थे। उन्हें निर्भीक विचारों, स्वतंत्र लेखनी और बेबाक राजनैतिक टिप्पणियों के लिये जाना जाता रहा है। उनको पढ़ने वाले लोगों की संख्या लाखों में है और अपने निर्भीक लेखन से वे काफी लोगों के चहेते थे। उन्होंने पत्रकारिता में उच्चतम मानक स्थापित किये। वे न केवल अपने वैचारिक आलेखों के जरिये राष्ट्र की ज्वलंत समस्याओं को सशक्त तरीके से प्रस्तुति देते रहे बल्कि गरीबों, अभावग्रस्तों, पीड़ितों और मजलूमों की आवाज बनते रहे। अपनी कलम के जरिये उन्होंने लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी कलम जब भी चली उन्होंने लाखों लोगों की समस्याओं को सरकारों और प्रशासन के सामने रखा और भारतीय लोकतंत्र में लोगों की आस्था को और मजबूत बनाने में योगदान दिया।

प्रभात झा को हम भारतीयता, पत्रकारिता एवं भारतीय राजनीति का अक्षयकोष कह सकते हैं, वे चित्रता में मित्रता के प्रतीक थे तो गहन मानवीय चेतना के चितेरे जुझारु, निडर, साहसिक एवं प्रखर व्यक्तित्व थे। वे एक ऐसे बहुआयामी व्यक्तित्व थे, जिन्हें पत्रकार जगत का एक यशस्वी योद्धा माना जाता है। उन्होंने आमजन के बीच, हर जगह अपनी काबिलियत का लोहा मनवाया। लाखों-लाखों की भीड़ में कोई-कोई प्रभात झा जैसा विलक्षण एवं प्रतिभाशाली व्यक्ति जीवन-विकास की प्रयोगशाला में विभिन्न प्रशिक्षणों-परीक्षणों से गुजर कर महानता का वरण करता है, विकास के उच्च शिखरों पर आरूढ़ होता है और अपनी मौलिक सोच, कर्मठता, कलम, जिजीविषा, पुरुषार्थ एवं राष्ट्र-भावना से समाज एवं राष्ट्र को अभिप्रेरित करता है। उन्होंने आदर्श एवं संतुलित समाज निर्माण के लिये कई नए अभिनव दृष्टिकोण, सामाजिक सोच और कई योजनाओं की शुरुआत की। देश और देशवासियों के लिये कुछ खास करने का जज्बा उनमें कूट-कूट कर भरा था। वे समाज के लिये पूरी तरह समर्पित थे।

प्रभात झा एक ऐसे जीवन की दास्तान है जिन्होंने अपने जीवन को बिन्दु से सिन्धु बनाया है। उनके जीवन की दास्तान को पढ़ते हुए जीवन के बारे में एक नई सोच पैदा होती है। जीवन सभी जीते हैं पर सार्थक जीवन जीने की कला बहुत कम व्यक्ति जान पाते हैं। प्रभातजी के जीवन कथानक की प्रस्तुति को देखते हुए सुखद आश्चर्य होता है एवं प्रेरणा मिलती है कि किस तरह से दूषित राजनीतिक परिवेश एवं आधुनिक युग के संकुचित दृष्टिकोण वाले समाज में जमीन से जुड़कर आदर्श जीवन जिया जा सकता है, आदर्श स्थापित किया जा सकता है। और उन आदर्शों के माध्यम से देश की पत्रकारिता, राजनीति, पारिवारिक, सामाजिक, राष्ट्रीय और वैयक्तिक जीवन की अनेक सार्थक दिशाएँ उद्घाटित की जा सकती हैं। उन्होंने व्यापक संदर्भों में जीवन के सार्थक आयामों को प्रकट किया है, वे आदर्श जीवन का एक अनुकरणीय उदाहरण हैं, मूल्यों पर आधारित पत्रकारिता, समाजसेवा एवं राजनीति को समर्पित एक लोककर्मी का जीवनवृत्त है। उनके जीवन से कुछ नया करने, कुछ मौलिक सोचने, पत्रकारिता एवं राजनीति को मूल्य प्रेरित बनाने, सेवा का संसार रचने, सद्प्रवृत्तियों को जागृत करने की प्रेरणा मिलती रहेगी।

प्रभात झा वर्तमान भारतीय राजनीति के कद्दावर नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता भरी नीतियों से प्रभावित थे और भाजपा मुखपत्र 'कमल' के माध्यम से सशक्त भारत, विकसित भारत की नीतियों को बल देने के लिये वैचारिक धरातल तैयार किया। वे एक राजनीतिज्ञ के रूप में सदा दूसरों से भिन्न रहे।

घाल-मेल से दूर। भ्रष्ट राजनीति में बेदाग। विचारों में निडर। टूटते मूल्यों में अडिग। घेरे तोड़कर निकलती भीड़ में मर्यादित। उनके जीवन से जुड़ी विधायक धारणा और यथार्थपरक सोच ऐसे शक्तिशाली हथियार थे जिसका वार कभी खाली नहीं गया। वे जितने उच्च नैतिक-चारित्रिक राजनेता एवं पत्रकार थे, उससे अधिक मानवीय एवं सामाजिक थे। वे हमेशा बेपरवाह और निश्चिन्त दिखाई पड़ते थे, प्रायः लोगों से घिरे रहते थे और हंसते-हंसाते रहते थे।

प्रेरक प्रसंग

प्रेरणा का स्रोत

दोस्तों ,जिंदगी है तो संघर्ष हैं,तनाव है, खुशी है, डर है !लेकिन अच्छी बात यह है कि ये सभी स्थायी नहीं हैं! समय रूपी नदी के प्रवाह में से सब प्रवाहमान हैं!कोई भी परिस्थिति चाहे खुशी की हो या ग़म की, कभी स्थाई नहीं होती ,समय के अविरल प्रवाह में विलीन हो जाती है! ऐसा अधिकतर होता है की जीवन की यात्रा के दौरान हम अपने आप को कई बार दुःख ,तनाव,चिंता,डर, हताशा, निराशा, भय, रोग इत्यादि के मकडजाल में फंसा हुआ पाते हैं हम तत्कालिक परिस्थितियों के इतने वशीभूत हो जाते हैं कि दूर-दूर तक देखने पर भी हमें कोई प्रकाश की किरण मात्र भी दिखाई नहीं देती , दूर से चींटी की तरह महसूस होने वाली परेशानी हमारे नजदीक आते-आते हाथी के जैसा रूप धारण कर लेती है और हम उसकी विशालता और भयावहता के आगे समर्पण कर परिस्थितियों को अपने ऊपर हावी हो जाने देते हैं,वो परिस्थिति हमारे पूरे वजूद को हिला डालती है ,हमें हताशा,निराशा के भंवर में उलझा जाती हैज्एक-एक क्षण पहाड़ सा प्रतीत होता है और हममे से ज्यादातर लोग आशा की कोई किरण ना देख पाने के कारण हताश होकर परिस्थिति के आगे हथियार डाल देते हैं! अगर आप किसी अनजान, निर्जन रेगिस्तान मे फँस जाएँ तो उससे निकलने का एक ही उपाए है ,बस -चलते रहें! अगर आप नदी के बीच जाकर हाथ पैर नहीं चलाएँगे तो निश्चित ही डूब जाएंगे ! जीवन मे कभी ऐसा क्षण भी आता है, जब लगता है की बस अब कुछ भी बाकी नहीं है ,ऐसी परिस्थिति मे अपने आत्मविश्वास और साहस के साथ सिर्फ डटे रहें।

धर्म-कर्म

9 अगस्त को मनाई जाएगी नाग पंचमी, ये उपाय करने से काल सर्प दोष होगा दूर

ज्योतिष शास्त्र में माना गया है कि यदि किसी व्यक्ति की कुंडली में कालसर्प योग होता है, तो उस व्यक्ति को जीवन में कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे में आप नाग पंचमी के दिन कुछ उपायों द्वारा कालसर्प दोष की समस्या से मुक्ति पा सकते हैं। आइए जानते हैं वह उपाय।

नाग पंचमी शुभ मुहूर्त : 2024 में श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि 09 अगस्त को रात्रि 12 बजकर 36 मिनट पर शुरू हो रही है। वहीं इस तिथि का समापन 10 अगस्त को प्रातः 03 बजकर 14 मिनट पर होगा। ऐसे में उदया तिथि के अनुसार, नाग पंचमी का पर्व शुक्रवार, 09 अगस्त को मनाया जाएगा। इस दौरान पूजा का मुहूर्त इस प्रकार रहेगा - नाग पंचमी पूजा मुहूर्त - प्रातः 05 बजकर 47 मिनट से सुबह 08 बजकर 27 मिनट तक

मिलने लगते हैं ये संकेत : जब कुंडली में सभी ग्रह राहु और केतु के मध्य होते हैं, तब कुंडली में कालसर्प योग का निर्माण होता है। ज्योतिष शास्त्र की मान्यताओं के अनुसार, कालसर्प योग होने पर व्यक्ति को बार-बार बुरे सपने आने लगते हैं या फिर सपने में बार-बार सांप दिखाई देता हैं। इस दोष के कारण मन में एक अज्ञात डर बना रहता है। साथ ही कालसर्प दोष होने से व्यक्ति को उसकी मेहनत का अच्छा परिणाम नहीं मिलता। इस दोष के परिणामस्वरूप परिवार और कार्यक्षेत्र में भी विवाद की स्थिति बनी रहती है और शत्रुओं की संख्या बढ़ जाती है।

इस पेज में प्रकाशित लेख लेखक के उनके निजी विचार हैं।

आंचलिक

आवारा मवेशियों के नियंत्रण सहित ध्वनि प्रदूषण रोकने करें प्रभावी पहल : कमिश्नर

समवेत शिखर संवाददाता

जगदलपुर। बस्तर संभाग के अंतर्गत सड़कों में आवारा मवेशियों के नियंत्रण के लिए तैयार कार्ययोजना के अनुसार गौशाला एवं कांजी हाऊस में रखे जाने के साथ ही समुचित कार्यवाही सम्बन्धित विभागों के द्वारा समन्वित रूप से सुनिश्चित किया जाए। वहीं ध्वनि प्रदूषण के नियंत्रण हेतु डीजे लगे वाहनों की जप्ती सहित राजसात की कार्यवाही किया जाए। उक्त निर्देश कमिश्नर बस्तर श्री डोमनसिंह ने मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग में दिए गए निर्देशों के अनुरूप विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों के कार्यान्वयन प्रगति की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को दिए।

कमिश्नर ने आवारा मवेशियों को सड़कों से हटाने के लिए चिन्हित स्थलों, पशुओं की टेंगिंग, रेडियम पट्टी लगाने सहित गौशाला एवं कांजी हाऊस संचालन की जानकारी ली और गौशाला एवं कांजी हाउस में पर्याप्त जगह,चारे एवं पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही आवश्यकता के अनुसार आवारा मवेशियों को रखे जाने हेतु गौशाला एवं कांजी हाउस का विस्तार भी किये जाने कहा। उन्होंने नक्सली पीड़ित परिवारों के पुनर्वास हेतु शासन की नीति के तहत कार्यवाही कर प्रभावितों को सहायता प्रदान करने सहित शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किये जाने संवेदनशीलता के साथ पहल करने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने केंद्रीय जेल जगदलपुर में बंदियों के लिए अतिरिक्त बैरक निर्माण को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। वहीं भानुप्रतापपुर में निर्मित उप जेल को प्रारंभ करने सहित कोण्डागांव में जिला जेल निर्माण हेतु चिन्हित भूमि के हस्तांतरण की कार्यवाही का संज्ञान लेकर आवश्यक पहल किये जाने कहा। उन्होंने ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में सॉलिड एवं लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट के लिए ध्यान केंद्रित करने पर बल देते हुए इस दिशा में जनजागरूकता निर्मित करने की आवश्यकता बतायी। कमिश्नर श्री डोमन सिंह ने बारिश के दौरान मौसमी बीमारियों के रोकथाम एवं उपचार हेतु सजगता के साथ दायित्व निर्वहन करने निर्देशित किया कि जिला अस्पताल,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों,प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों सहित उप स्वास्थ्य केन्द्रों में मौसमी बीमारियों के उपचार के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करें। सभी स्तरों पर जीवनरक्षक दवाइयों की उपलब्धता को ध्यान रखकर मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, मितानिनों सहित अंदरूनी ईलाके के आश्रम-छात्रावास अधीक्षकों के पास भी दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें। साथ ही आश्रम-छात्रावास अधीक्षकों को दवाइयों के उपयोग के बारे में अवगत करवाने कहा। उन्होंने पालतू मवेशियों में वर्षाजनित मौसमी बीमारियों के नियंत्रण एवं उपचार के लिए भी समुचित व्यवस्था किये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कमिश्नर ने खरीफ फसल सीजन हेतु किसानों को पर्याप्त बीज-खाद की उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने किसानों की मांग के अनुरूप उर्वरक की व्यवस्था करने पर बल देते हुए आवश्यकता के आधार पर खाद की नई रैक मंगवाए जाने के निर्देश दिए। बैठक में वनाधिकार मान्यता पत्रों का डिजिटाइजेशन एवं फौती नामांतरण, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनांतर्गत नवीन पंजीकृत किसानों का ई-केवाईसी एवं आधार सीडिंग,जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति एवं पूर्ण योजनाओं को आरंभ करने सहित राजस्व अभिलेखों में त्रुटि सुधार प्रकरणों का निराकरण,भू-अर्जन अवार्ड के अनुरूप राजस्व अभिलेखों का दुरुस्तीकरण एवं सम्बन्धित विभागों को संशोधित अभिलेख प्रदाय करने, राजस्व नक्शे में सुधार के लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु अभियान इत्यादि की बिंदुवार समीक्षा की गई।

कार्य की गुणवत्ता और गति से किसी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं : कलेक्टर

जल-जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा के दौरान दिए निर्देश

समवेत शिखर संवाददाता

कोण्डागांव। कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा गुरुवार को जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा की गई। जिला कार्यालय के भू-तल स्थित सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने कहा कि कार्य की गुणवत्ता एवं गति के साथ किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कलेक्टर ने हर घर जल के लिए प्रमाणन हेतु शेष कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने इसके साथ ही 144 गांवों में 90 प्रतिशत तक पूर्ण कार्यों को भी पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत कनेक्शन हेतु भुगतान किए गए कार्यों में विद्युत कनेक्शन प्रदान करने की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। कोकोड़ी में विद्युत कनेक्शन प्रदान करने के कार्य में विलंब पर विद्युत विभाग के अनुविभागीय अधिकारी तथा उप अभियंता को नोटिस देने के निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत संचालित कार्यों में विद्युत कनेक्शन प्रदाय करने हेतु कार्यों की नियमित समीक्षा करने के निर्देश विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता को दिए। भगदेवा में संचालित कार्य में लापरवाही बरतने पर ठेकेदार के विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। ग्राम खड़पड़ी में स्त्रोत में पर्याप्त पानी नहीं मिलने पर नए स्त्रोत के खनन हेतु सर्वेक्षण करने के निर्देश दिए। घोड़ागांव में फ्लोराईड रिमुवल प्लांट की स्थापना के लिए कार्य की स्वीकृति हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता को निर्देशित किया गया। उन्होंने फिल्ड टेस्ट किट के माध्यम से अधिक से अधिक पानी के नमूनों की जांच सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देशित किया, जिससे दुषित जल का सेवन करने से ग्रामीणों को बचाया जा सके। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी कार्यपालन अभियंता एचएस मरकाम, विद्युत विभाग कार्यपालन अभियंता एमआर तारम सहित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

प्रथम पेज का शेष

सदन में डायरिया-मलेरिया पर...

भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि एक ध्यानाकर्षण में कितने सवाल किए जा सकते थे? और क्या अकेले भूपेश बघेल ही सवाल करते रहेंगे। इस पर व्यवस्था दी जाए। इसके साथ ही उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष से कहा कि आप भूपेश बघेल के लिए कुछ ज्यादा ही उदार नजर आ रहे हैं। इस उदारता का क्या कारण है ? नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने कहा कि क्या यह भी सही नहीं है कि मलेरिया-डायरिया से मौत हो रही है। उस पर हाई कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया था ? क्या यह भी सही नहीं है कि हाईकोर्ट ने मुख्य सचिव से लेकर स्वास्थ्य अधिकारियों को नोटिस दिया है? स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि हाईकोर्ट ने संज्ञान लिया यह सही है, और हम कोर्ट के निर्देशों का पालन कर रहे हैं। महंत ने कहा कि 12 करोड़ की दवाई को एक्सपायरी बताकर फेंक दिए हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि 12 करोड़ की नहीं 87 लाख की दवाइयाँ एक्सपायरी हुई है। मच्छरदानी हमनें नहीं खरीदी है, भारत सरकार ने जो भेजी है उसका वितरण किया है। स्वास्थ्य मंत्री के जवाब से असंतुष्ट विपक्ष ने बहिर्गमन किया।

इसके पहले विधानसभा में भाजपा विधायक मोतीलाल साहू ध्यानाकर्षण के जरिए मुद्दा उठाते हुए प्रदेश के कई जिलों में मलेरिया और डायरिया के प्रकोप की बात कही। मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने बताया कि सभी जिलों में लगातार जांच की जा रही है। मंत्री ने बताया कि बस्तर संभाग में मलेरिया नियंत्रण में है। वहीं दो बच्चों की मौत का कारण देर से अस्पताल लाया जाना है। इसके साथ ही मच्छरदानी का वितरण लगातार किया जा रहा है। दवाओं की भी पर्याप्त उपलब्धता बनी हुई है।

मोतीलाल साहू ने कहा कि पिछली सरकार ने भुगतान नहीं किया इसलिए दवाओं की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। मंत्री ने स्पष्ट किया कि कहीं भी पेमेंट नहीं होने की वजह से दवाओं की आपूर्ति नहीं रोकी गई है। दवाओं और जांच किट की पर्याप्त आपूर्ति की गई है। विभाग की टीम बस्तर में नाव से दूरस्थ गांवों तक पहुंचकर जांच कर रही है, कहीं भी कोई कमी नहीं है, पिछली सरकार से अधिक जांच की गई है।

भाजपा विधायक धर्मजीत सिंह ने सुझाव दिया है जिले के उच्च अधिकारियों से लेकर निचले स्तर के कर्मचारियों को निर्देशित किया जाए। मलेरिया पीड़ितों की जानकारी सही समय पर स्वास्थ्य विभाग तक पहुंच जाए। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि 6 विभागों में समन्वय के जरिए काम कर रहे हैं। कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा कि मेरे विधानसभा क्षेत्र में दो लोगों की मृत्यु मलेरिया से हुई है। मैंने मंत्री से आग्रह किया था कि बेलगहना के आस-पास कैंप लगवा दिया जाए। लेकिन अभी तक कैंप नहीं लग पाया है। अंदरुनी इलाकों में जो जरूरी तैयारियां वो पूरी हुई चाहिए। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रभावित इलाके में टीम गई थी। कोटा के आस-पास 385 मरीज भर्ती थे, लेकिन मलेरिया से किसी की मृत्यु नहीं हुई है। अकलतरा विधायक राघवेंद्र सिंह ने कहा मेरे विधानसभा क्षेत्र में डेंगू-मलेरिया के मरीजों की संखया बढ़ी। कुछ लोगों की मृत्यु भी हुई है। अस्पतालों में व्यवस्था पर्याप्त रूप से की जाए। स्वास्थ्य मंत्री का कहना है कि जांजगीर जिले में किसी की मृत्यु डायरिया से नहीं हुई है। व्यवस्थाओं में जो कमी उसे दूर कर लिया जाएगा।

विधानसभा का मानसून ... स्थगित

आगामी सत्र दिसंबर के दूसरे-तीसरे हफ्ते होने की संभावना

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि मानसून सत्र में 31 घंटे 19 मिनट चर्चा हुई, जिसमें 27 प्रश्नों पर चर्चा हुई। प्रति बैठक में 193 प्रश्न रहा। यह ऐतिहासिक है। मानसून सत्र में इतने प्रश्न कभी नहीं पूछे गए। 96 त्न प्रश्न ऑनलाइन पूछे गए। 367 ध्यानाकर्षण लगे, जिसमें 22 ग्राह्य की गई। शून्य काल की 70 में से 29 ग्राह्य हुई। अनुपूरक पर 22 घंटे की चर्चा हुई। 9 अशासकीय संकल्प अग्राह्य और 5 पर चर्चा हुई। आगामी सत्र दिसंबर के दूसरे और तीसरे हफ्ते में कराए जाने की संभावना है। सीएम से इसकी प्रारंभिक चर्चा हुई है।

एआईएसएफ एवं एआईवायएफ ने विद्यार्थियों एवं शिक्षित बेरोजगारों की समस्याओं के समाधान हेतु सौंपा ज्ञापन

समवेत शिखर संवाददाता

कोण्डागांव। एआईएसएफ एवं एआईवायएफ के पदाधिकारी दिनेष, जयप्रकाष, बिसम्बर, मुकेष, सरादु आदि के द्वारा विद्यार्थियों एवं शिक्षित बेरोजगारों की समस्याओं के समाधान करने के विषयवस्तु से सम्बन्धित महामहिम राज्यपाल को सम्बोधित एक ज्ञापन कलेक्टर जिला कोण्डागांव के माध्यम से प्रेशित किया गया है।

सौंपे गए ज्ञापन में लेख किया गया है कि ऑल इंडिया स्टूडेंट फेडरेषन (ए.आई.एस.एफ.) एवं ऑल इंडिया यूथ फेडरेषन (ए.आई.वाय.एफ.) जिला कोण्डागांव छग, कोण्डागांव जिला क्षेत्र के विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा व्यवस्था प्रदान करने तथा स्थानीय शिक्षित बेरोजगारों को आदिवासी बाहुल्य बस्तर सम्भाग क्षेत्र में सरकारी रिक्त पदों पर नौकरियों में प्राथमिकता देने की मांग सहित स्थानीय अन्य ज्वलंत मुद्दों को लेकर विगत कई वर्शो से धरना-प्रदर्षन करके विद्यार्थियों एवं शिक्षित बेरोजगारों को उनका हक दिलाने की मांग शासन-प्रषासन से करती आ रही है। उक्त मांगों में से कुछ मांगों को संज्ञान में लेकर शासन-प्रषासन ने कुछ सकारात्मक कार्यवाही किया है, कई ऐसी मांगें हैं, जिनकी ओर षासन-प्रषासन कोई ध्यान नहीं दे रही है। एक बार पुनः इस ज्ञापन के जरीए शासन-प्रषासन का ध्यान विद्यार्थियों एवं षिक्षित बेरोजगारों के हितों को ध्यान में रखकर उनकी समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करने के आग्रह के साथ यह ज्ञापन सौंपा जा रहा है। 1.नीट एवं यूजी की परीक्षाओं को रद्द करके पुनः परीक्षा लिया जाए। 2. एनटीए को समाप्त किया जाए। 3. आवष्यकता के अनुरुप जिले में आश्रम/छात्रावास भवनों का निर्माण जल्द से जल्द कराया जाए। (शिक्षा सत्र 2024-25 षुरु हो गया है, लेकिन स्कूल, कॉलेज, आश्रम/छात्रावासों में स्थान नहीं मिलने से आगे की पढ़ाई से वंचित होने के कारण कई विद्यार्थीगण निराष नजर आ रहे हैं। जिसका कारण है कि वर्तमान में विद्यार्थियों की संख्या में बढ़ोत्तरी हो गई है, लेकिन उस अनुपात में जिले में आश्रम एवं छात्रावास भवनों का निर्माण नहीं कराया जा सका है।

न्यूज ब्रीफ

मां और प्रकृति निःस्वार्थ प्रेम के प्रतीक हैं':विधायक ललित चंद्राकर

दुर्ग। विधानसभा आवासीय परिसर में ÷एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने पीपल पौधा का रोपण किया। करोड़ों देशवासियों ने इस अभियान में शामिल होकर स्वच्छ और स्वस्थ पर्यावरण के लिए पौधारोपण किया है। सभी प्रदेशवासियों से आग्रह है कि पर्यावरण के संरक्षण-संवर्धन के लिए पौधारोपण अवश्य करें और उसकी उचित देखभाल कर उसे पेड़ बनाएं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर मुख्यमंत्री,विधानसभा अध्यक्ष, उपमुख्यमंत्री, नेता प्रतिपक्ष, मंत्रिमंडल और सभी विधायकगणों ने इस अभियान के अंतर्गत विधान सभा आवासीय परिसर में पौधा रोपण किया।

शिवकुमार दीपक के निधन पर सभापति राजेश यादव ने जताया शोक

दुर्ग। छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ सुप्रसिद्ध फिल्म कलाकार शिवकुमार दीपक का गुरुवार को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 26 जुलाई को उनके गृह ग्राम पोटिया कला, दुर्ग से निकाली गई। सभापति राजेश यादव ने कहा इस खबर से संपूर्ण कला जगत में शोक की लहर फैल गई है। उन्होंने स्वर्गीय शिवकुमार दीपक, चंदैनी गोंदा से लेकर विभिन्न छत्तीसगढ़ी फिल्मों में अपने अभिनय के लिए जाने जाते थे। सभापति राजेश यादव ने शोक जताया। उन्होंने शोक संदेश में कहा कि छत्तीसगढ़ की पहली फिल्म कहि देबे संदेश से अपने अभिनय की शुरुआत करने वाले, वरिष्ठ कलाकार शिवकुमार दीपक जी के निधन का दुःखद समाचार प्राप्त हुआ। सभापति राजेश यादव ने बताया कि पूर्व साडा अध्यक्ष लक्ष्मण चन्द्राकर एवं अजय शर्मा के साथ कलाकार शिवकुमार दीपक से कई बार मुलाकात हुई। उनसे मिलकर मन खुश हो जाता था।उनका निधन छत्तीसगढ़ी फिल्म और कला जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। अपने शोक संदेश में सभापति ने कहा कि शिवकुमार दीपक बचपन से ही छत्तीसगढ़ी कला की साधना करते रहे छत्तीसगढ़ कला को जन-जन तक पहुंचाने के लिए उन्होंने देशभर के मंचों में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। छत्तीसगढ़ी फिल्मों के विकास में भी उनका योगदान सराहनीय रहा।अब छत्तीसगढ़ के इस सच्चे कलाकार के निधन के बाद सरकार का फर्ज है कि उनके नाम पर किसी बड़े पुरस्कार सम्मान दिए जाने की घोषणा किया जाए। उन्होंने शिवकुमार दीपक के परिजनों को संबल देते हुए कहा कि शिवकुमार दीपक महान कलाकार थे। उनके निधन की क्षति कभी पूरी नहीं हो सकती। ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति और परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना की।

पंडरिया से हुआ हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ, 51 में से 48 लोगों ने विरोध पत्र पर किया हस्ताक्षर

स्थानीय निवासियों का कहना है कि हम इस गांव को छोड़कर जाएंगे तो जाएंगे कहां

समवेत शिखर संवाददाता

गंडई-पंडरिया। जिला युवा कांग्रेस एवं जिला एनएसयूआई के संयुक्त तत्वाधान में 15 जुलाई को जिला मुख्यालय खैरागढ़ स्थित वन विभाग विश्रम गृह में विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी गजेंद्र ठाकरे के नेतृत्व में प्रेस वार्ता रखा गया था जिसमें जिले के ग्राम विचारपुर संडी पंडरिया बुंदेली के मध्य खुलने वाली सीमेंट फैक्ट्री पर जनता की राय जानने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाने का निर्णय लिया गया था जिसका शुभारंभ 22 जुलाई दिन सोमवार को ग्राम पंडरिया से किया गया।

हस्ताक्षर अभियान के अंतर्गत युवा कांग्रेसी पंडरीया के ग्रामीणों के घर-घर जाकर लोगों की मंशा जानने के लिए हस्ताक्षर कराया गया जिसमें दो फॉर्म भराया गया पहला फॉर्म विरोध पत्र और दुसरा समर्थन पत्र युवा कांग्रेसियों के द्वारा 51 लोगों के घरों में जाकर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया जिसमें से 48 लोगों ने अपना जमीन नहीं बेचने सीमेंट फैक्ट्री नहीं खुलने की बात पर जोर दिया सिर्फ 3 लोगों ने कहा की हम अपना जमीन बेचकर फैक्ट्री खुलवाना चाहते हैं इससे साफ होता है की लगभग 95त्न प्रतिशत से भी अधिक लोग सीमेंट फैक्ट्री के विरोध में है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि हम इस गांव को छोड़कर जाएंगे तो जाएंगे कहां : हस्ताक्षर अभियान के अंतर्गत स्थानीय निवासियों ने अपनी समस्या बताया कई ऐसे ग्रामीण है जिनके पास जमीन ही नहीं है सिर्फ घर है कई ऐसे ग्रामीण जिनके पास एक एकड़ से भी कम जमीन है उनका कहना है कि हम इस गांव को छोड़कर जाएंगे तो जाएंगे कहां बड़ा मुश्किल से कर्ज लेकर घर बनाए हैं घर बन रहा हैं समाज के बीच रह रहे हैं अगर हमको इस गांव से हटाया जाता है निकाला जाता है तो कौन से गांव में जाकर बसेंगे भविष्य में क्या करेंगे इस पर सरकार को पहले फैसला लेना पड़ेगा तब कहीं जाकर ऐसा बड़ा फैसला लेना चाहिए।

गांव के कुछ लोगों की गलती का खामियाजा पूरे गांव को भुगतना पड़ेगा : ग्रामीणों ने बताया कि जब सीमेंट फैक्ट्री खुलने का फैसला आया तो समस्त ग्रामवासियों के बीच सर्वसम्मति से फैसला हुआ था की कोई भी ग्रामीण अपना जमीन नहीं बेचेगा परंतु ग्राम के कुछ लोगों ने अपना जमीन बेच दिया है जिसका खामियाजा हम ग्रामीणों को भुगतना पड़ेगा।

क्या है विरोध पत्र और समर्थन पत्र? : हस्ताक्षर अभियान के अंतर्गत विरोध पत्र एवं समर्थन पत्र में ग्रामीणों की मंशा जानते हुए हस्ताक्षर करवाया जा रहा है विरोध पत्र के अन्तर्गत हस्ताक्षर करने वाला व्यक्ति अपनी पुरी जानकारी भरने के पश्चात सीमेंट फैक्ट्री खुलने का विरोध करता है और अगर जनता के इच्छा विरुद्ध सीमेंट फैक्ट्री खुलती है तो सड़क पर उतर कर आंदोलन करने का चेतावनी देता है और शासन प्रशासन से अनुरोध करता है कि इस फैक्ट्री को ना खोला जाए साथ ही समर्थन पत्र में हस्ताक्षर करने वाला व्यक्ति अपना जानकारी भरने के पश्चात सीमेंट फैक्ट्री का समर्थन करते हुए इस प्रोजेक्ट को जनहितैषी प्रोजेक्ट मानते हुए शासन प्रशासन से निर्धारित दर पर अपना जमीन बेचने के लिए अनुरोध करता है।

हस्ताक्षर अभियान सभी ग्रामों में पहुंचेगी प्रभावित ग्राम के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचने का लक्ष्य है।
- गुलशन तिवारी
जिलाध्यक्ष युवा कांग्रेस खैरागढ़ छुईखदान गंडई

हस्ताक्षर अभियान के अंतर्गत बैठक भी करेंगे और समूह में बैठकर इस विषय पर चर्चा करेंगे
- सुमित जैन
जिलाध्यक्ष एनएसयूआई खैरागढ़ छुईखदान गंडई

आयुक्त ने की अपील, स्पैरो के नाम से किसी को टैक्स का भुगतान ना करें

समवेत शिखर संवाददाता

दुर्ग। नगर निगम दुर्ग के आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने कहा कि नगर निगम द्वारा सभी प्रकार के करों की वसूली नगर निगम के राजस्व विभाग के कर्मचारी राजस्व उपनिरीक्षक, सहायक राजस्व निरीक्षक के द्वारा की जा रही है।आये दिन यह बात सामने आ रही है कि अभी स्पैरो सॉफ्टेक के पूर्व में कार्यरत कर्मचारियों के द्वारा अभी भी घरों में जाकर टैक्स की वसूली राशि मांगने की शिकायत सामने आ रही है।अतः नगर निगम द्वारा सूचित किया जाता है समस्त करदाताओं से अनुरोध है की स्पैरो साप्टेक कंपनी का ठेका 31 मार्च 2024 को समाप्त हो चुकी है एवं उनके पुराने टैक्स कलेक्टर के द्वारा टैक्स वसूली करने पर तुरंत उनसे पूछताछ करें एवं उनके विरुद्ध थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाये। किसी भी प्रकार टैक्स का भुगतान ना करें, अगर करदाताओं के द्वारा स्पैरो के पूर्व कर्मचारियो को टैक्स की राशि का भुगतान किया जाता है तो उसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। करदाता स्वयं नगर निगम में आकर टैक्स जमा कर सकते है।उस वार्ड के सहायक राजस्व निरीक्षक को भुगतान कर तुरंत रशीद प्राप्त कर सकते है। यह सूचना जनहित में समस्त कर दाताओं को जारी की जा रही है।संबधित सहायक राजस्व निरीक्षकों की सूची एवं वार्ड क्रमांक एवं मोबाइल नंबर जारी किया जा रहा है,कृपया इन्ही सहायक राजस्व निरीक्षक को टैक्स का भुगतान कर रसीद प्राप्त कर लेवे।

पुलगांव पुलिया की दशा सुधारने महापौर से मिले इंजीनियर

समवेत शिखर संवाददाता

दुर्ग। दुर्ग संभाग लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर अशोक श्रीवास को पुलगाँव नाला पुलिया के तत्काल मरम्मत करने महापौर धीरज बाकलीवाल ने ज्ञापन सौपा। जिसमें एम.आई.सी. प्रभारी अब्दुल गनी,भोला महोंबिया,पार्षद भास्कर कुंडले, प्रकाश जोशी, पलाश जैन उपस्थित थे। ज्ञापन में महापौर व एम आई सी प्रभारी ने कहा कि पुलगांव नाला की पुल से हर दिन हजारों की संख्या में लोग आवाजाही करते हैं दुर्ग की ओर से राजनांदगांव, बालोद, राजहरा, गुंडरदेही, अंडा, धमतरी जाने के लिए भी इसी मार्ग का उपयोग किया जाता है। वर्तमान में यह मार्ग अत्यंत जर्जर हाल में पहुंच गया है। लंबे समय से मरम्मत न होने की वजह से पुलिया को पार करने में डर लगा रहता है। इस मार्ग से भारी वाहन गुजरते हैं। मरम्मत न होने से पुलिया क्षतिग्रस्त होने की संभावना है। भविष्य की जान माल के नुकसान एवं संभावित हानि को देखते हुए इस पुलिया का मरम्मत जल्द किया जाना जरूरी है। इस संबंध में इंजीनियर अशोक श्रीवास से गहन चर्चा की गई। चर्चा में श्री श्रीवास ने बताया कि विगत दिवस पुलगांव पुल पर एक तरफ दोनो सिरे को बंद कर कांक्रीट से गड्ढे भर दिये गये थे। जिसे रात को अज्ञात लोगो द्वारा दोनो सिरे के बेरिंगेट निकालकर यातायात के लिए खोल दिया गया, जिसके कारण की गई कांक्रीट की परत निकल गई और पुनः गड्ढे निर्मित हो गये। जिसे मौसम खुलते ही पुनः भरने का प्रयास किया जायेगा। उन्होंने कहा कि रात्री में फोर्स लगाकर कम से कम सात दिन यातायात बंद रखना पड़ेगा जिससे कांक्रीट सेट हो जाये अन्यथा बार-बार इस कार्य को कराना विभाग के लिए संभव नहीं होगा।

कुम्हारी में आज से 8 अगस्त तक जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन

समवेत शिखर संवाददाता

कुम्हारी । नगर पालिका परिषद कुम्हारी क्षेत्रांतर्गत दिनांक 27 जुलाई से 08 अगस्त तक जनसमस्या निवारण पखवाड़ा का आयोजन किया गया है। जिसमें नगरवासी इस शिविर में तिथि व वार्डवार 11 बजे से 3 बजे तक चयनित स्थान पर जाकर अपनी समस्या के निवारण हेतु आवेदन कर सकते है वहीं इस शिविर को सुचारू रूप से संपादित कराये जाने हेतु कार्यपालन अभियंता प्रकाशचंद थवानी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया हैं बता दे कि यह शिविर 27 जुलाई से लेकर 8 अगस्त तक विभिन्न वार्डों में लगाया जाएगा। जिनके लिए स्थान व सम्बंधित अधिकारियों व कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है। शिविर पहले दिन 27 जुलाई को राजीव भवन ग्राम परसदा में आयोजित होगा। जिसमें वार्ड 16 व वार्ड 12 के निवासियों द्वारा समस्या निवारण के लिए आवेदन किया जाएगा

वहीं 30 जुलाई राजीव भवन रामपुर (चोरहा) में वार्ड 17 व 24 के रहवासी शिविर में भाग ले सकते है। जिसके बाद शिविर 31 जुलाई को शनि मंदिर मंच वार्ड क्रं. 15 में आयोजित होगा यहां वार्ड 9,10,14,व 15, के वार्ड वासियों से आवेदन लिया जाएगा दिनांक 01 अगस्त को मिनीमाता स्टेडियम में वार्ड 4,7,8, के वार्डवासी आवेदन कर सकते है। वहीं दिनांक 02 अगस्त को वार्ड 5 स्थित गायत्री मंदिर परिसर में वार्ड 1,2,3,5,6,13 के निवासियों से आवेदन लिया जाएगा। 05 अगस्त को सत्ती चौरा जंजगिरी में आयोजित होने वाले शिविर में वार्ड 19,23,24 के रहवासी आवेदन करेंगे।

पांच साल सोते रहे कांग्रेस पार्षद, अचानक नींद से जागे : गगन

समवेत शिखर संवाददाता

राजनांदगांव। बीते दिनों वार्ड क्रमांक 41 के कांग्रेस पार्षद राजेश चम्पू गुप्ता और वार्ड क्रमांक 42 के पार्षद ऋषि शास्त्री के द्वारा इंदिरा नगर और बसंतपुर से होकर गुजरने वाले मुख्य नाले की चौड़ाई बढ़ाने एवं नाले के आसपास व नाले के ऊपर हुए अवैध अतिक्रमण हटाने की मांग कलेक्टर से की गई थी। बारिश के दिनों में जल भराव के कारण इंदिरा नगर क्षेत्र और जिला चिकित्सालय के आसपास यहाँ तक अस्पताल के अंदर मरीजों के बेड में भी पानी घुस जाने की बात कोई नई नहीं है और न ही राजीव नगर, बसंतपुर रोड वार्डवासी एवं अस्पताल के मरीजों को परेशानी कोई नई है। इस तरह का मंजर और यह आलम बीते चार सालों में भी देखने को मिलता रहा, हर साल बारिश आती है, और इस तरह का मंजर देखने को मिलता है, लेकिन इन पाँच सालों में कांग्रेस पार्षद को इसकी सुध लेने की नहीं सूझी और जैसे ही प्रदेश में कांग्रेस सरकार का तख्ता पलट हुआ, खोखली लोकप्रियता पाने इस तरह का ढोंग करने में लगे हुए हैं। कांग्रेस पार्षद बीते पाँच साल क्या कर रहे थे, तब तो प्रदेश में सरकार भी उनकी थी और महापौर भी उनकी ही, फिर उन्होंने ईमानदारी से उक्त समस्या का हल निकालने का प्रयास क्यों नहीं किया।

न्यायालय नायब तहसीलदार-1 मंदिर हसौद

मामले की श्रेणीः राजस्व

संदर्भः- जिला-**रायपुर** तहसील-**मंदिर हसौद** प.ह.नं.-**00028 कोसमखुंटा** ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- RD 202324440206400008

//ईश्तहार//

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00028 के अंतर्गत ग्राम **गनौद** के वर्तमान भूमिस्वामी **भीषम पिता मनोरथ तेली पिता/पति-पता-सा. मोखला** के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक **753** (0.0900) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता **चेतन भाई साहू पिता/पति-मनोरथ साहू, पता-कोसमखुंटा** के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजीयन विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई **दिनांक 20/08/2024** को समय सुबह 11 बजे स्थान **न्यायालय नायब तहसीलदार-1 मंदिर हसौद** पर की जावेगी।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाश उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत पास दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज **दिनांक 26/06/2024** को जारी किया जाता है।

(मुहर) **नायब तहसीलदार**
मंदिर हसौद

न्यायालय तहसीलदार रायपुर

मामले की श्रेणीः राजस्व

संदर्भः- जिला-**रायपुर** तहसील-**रायपुर** प.ह.नं.-**0084 दतरेंगा** ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- RD 202324440727000101

//ईश्तहार//

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00084 के अंतर्गत ग्राम **दतरेंगा** के वर्तमान भूमिस्वामी **निर्मला साहू पिता/पति-स्वर्गीय कोमेलाल साहू पता-सा. देह रायपुर, पुनेश्वरी साहू पिता/पति-स्वर्गीय कोमेलाल साहू पता-सा. देह रायपुर, पार्वती पिता/पति-स्वर्गीय कोमेलाल साहू पता-सा. देह रायपुर, भूषण लाल पिता/पति-स्वर्गीय कोमेलाल साहू पता-सा. देह रायपुर, कमलेश कुमार पिता/पति-स्वर्गीय कोमेलाल साहू पता-सा. देह रायपुर, नरेन्द्र कुमार पिता/पति-स्वर्गीय कोमेलाल साहू पता-सा. देह रायपुर, ललित कुमार पिता/पति-स्वर्गीय कोमेलाल साहू पता-सा. देह रायपुर, श्रीमती धान बाई पिता/पति-स्वर्गीय कोमेलाल साहू पता-सा. देह रायपुर,** के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 243/4(0.1870), 289/1(1.6760), 146/13(0.1830), 289/13(0.6800), 215/18(0.1180), 238/7(0.0160), 146/16(0.1280), 241/18(0.470), 240/3(0.4410), में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता **पुनेश्वरी साहू पिता/पति-स्व. कोमेलाल साहू पता-रायपुर छ.ग., श्रीमती पार्वती पिता/पति-स्व. कोमेलाल साहू पता-रायपुर छ.ग., भूषण लाल साहू पिता/पति-स्व. कोमेलाल साहू पता-रायपुर छ.ग., कमलेश कुमार पिता/पति-स्व. कोमेलाल साहू पता-रायपुर छ.ग.,** के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजीयन विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई **दिनांक 12/08/2024** को समय सुबह 11 बजे स्थान **न्यायालय तहसीलदार, रायपुर** पर की जावेगी।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाश उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत पास दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज **दिनांक 25/07/2024** को जारी किया जाता है।

(मुहर) **तहसीलदार**
तहसील रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अभनपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)

//ईश्तहार//

रा.प्र.क्र.-202407111100151 अ/2 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक श्री देवेन्द्र कुमार साहू पिता श्री सुरेन्द्र कुमार साहू निवासी ग्राम खुरसेगा तहसील कुरुद जिला धमतरी छ.ग. द्वारा ग्राम उरला पटवारी हल्का नंबर 20 तहसील अभनपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 798/44 रकबा 0.010 हे. को छ.ग. भू.रा. संहिता की धारा 1959 की धारा 59 (2) के तहत आवासीय प्रयोजन हेतु पुर्ननिर्धारण बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो वे स्वयं या विधिक अधिकारिता रखने वाले अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत तिथि दिनांक 31.07.2024 तक दावा/आपत्ति प्रस्तुतकर सकता है नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16.07.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुद्रा सहित जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
(मुहर) **अभनपुर**

न्यायालय तहसीलदार भिंभौरी, जिला बेमेतरा (छ.ग.)

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र./ /ब-121/वर्ष 2024-25
क्रमांक/ /वा.तह./2024
भिंभौरी, दिनांक 22/07/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक संतोष कुमार पिता खोरबाहरा, जाति तेली, निवासी ग्राम उफरा प.ह.नं. 09, तहसील भिंभौरी, जिला बेमेतरा छ.ग. द्वारा अपने स्वयं की जन्म दिनांक 15/06/1973 स्थान उफरा में हुआ है, जिसकी जन्म का पंजीयन किसी भी स्थान में नहीं हुआ है और न ही पूर्व में जन्म प्रमाण पत्र जारी हुआ है। आवेदक द्वारा अपने स्वयं की जन्म प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र के साथ अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, दाखिला खारिज रजिस्टर की प्रति, चालान तथा शपथ पत्र, आधार कार्ड की प्रति पेश किया गया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति पेश करना हो तो वह पेशी दिनांक 07/08/2024 तक स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से इस अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

(मुहर) **तहसीलदार**
भिंभौरी, जिला-बेमेतरा

न्यायालय तहसीलदार भिंभौरी, जिला बेमेतरा (छ.ग.)

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र./ /ब-121/वर्ष 2024-25
क्रमांक/ /वा.तह./2024
भिंभौरी, दिनांक 15/07/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक गुहाराम साहू पिता स्व. फिरतु राम साहू निवासी ग्राम- हरदी, प.ह.ननं. 10, तहसील- भिंभौरी, जिला बेमेतरा छ.ग. द्वारा अपनी माताजी सुखबती साहू पति फिरतु राम साहू की मृत्यु दिनांक 01/01/2003 स्थान हरदी में हुआ है, जिसकी मृत्यु का पंजीयन किसी भी स्थान में नहीं हुआ है और न ही पूर्व में मृत्यु प्रमाण पत्र जारी हुआ है। आवेदक द्वारा अपनी माताजी सुखबती साहू पति फिरतु राम साहू की मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र के साथ अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, चालान तथा शपथ पत्र, आधार कार्ड की प्रति पेश किया गया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति पेश करना हो तो वह पेशी दिनांक 30/07/2024 तक स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से इस अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

(मुहर) **तहसीलदार**
भिंभौरी, जिला-बेमेतरा

न्यायालय तहसीलदार गोबरा नवापारा, जिला-रायपुर (छ.ग.)

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र...... ब/121 वर्ष 2023-24
ग्राम गोबरा नवापारा प.ह.नं.-23
रा.नि.मं. नवापारा तह. गोबरा नवापारा, जिला-रायपुर छ.ग.
क्रं./ / वा.-1/तह./ 2024
नवापारा, दिनांक 18/07/2024

[illegible]

(मुहर) **तहसीलदार**
गोबरा-नवापारा

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)

//नोटिस-प्रकाशन//

रा.प्र.क्र./ 202407110800042/ अ-6/ वर्ष 2023-24 रायपुर, दिनांक 19.07.2024
प्रति,

[illegible]

(मुहर) **अतिरिक्त तहसीलदार**
रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार बेलरा, जिला बेमेतरा (छ.ग.)

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र./ /ब-121/वर्ष 2024-25

[illegible]

(मुहर) **तहसीलदार**
बेलरा, जिला-बेमेतरा

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)

//नोटिस-प्रकाशन//

रा.प्र.क्र./ 202407110800042/अ-6/ वर्ष 2023-24 रायपुर, दिनांक 19.07.2024 ग्राम तेलीबांधा पहनं. 64

[illegible]

(मुहर) **अतिरिक्त तहसीलदार**
रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)

//ईश्तहार//

रा.प्र.क्र./202407110200112/अ-6/ वर्ष 2023-24, दिनांक 18.07.2024
ग्राम शंकर नगर पहनं. 110/63

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती अंकिता प्रधानानी पति श्री भरत प्रधानानी निवासी ए-15, गंगोत्री जिला जगन्नाथ मंदिर के पास, सांई कल्याण हास्पिटल के सामने गायत्री नगर शंकर नगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में धारा 110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि आवेदक द्वारा ग्राम शंकर नगर पहनं. 110/63, रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. स्थित परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 472/13 शामिल खसरा नंबर 494/13, 495/13 शीट नंबर 3, भूखंड क्रमांक 4/9 रकबा 2174 वर्गफूट भूमि को विक्रेतागण रुपचंद पिता स्व. केवलराम प्रधानानी व अन्य निवासी हाऊस नंबर 30/1067, सावत्री सदन, रायगढ़ बाड़ा सिविल लाईन, रायपुर छ.ग. से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 03.06.2024 के माध्यम से क्रय कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया है। अतः उक्त क्रय भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर अपने नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज किये जाने हेतु आवेदक द्वारा निवेदन किया गया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 13.08.2024 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18.07.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

(मुहर) **तहसीलदार**
रायपुर (छ.ग.)

नगर पंचायत थानखम्हरिया, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)
स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0

क्र./374/स्व.भा.वि./2024-25 दिनांक 26.07.2024

// आवश्यकता //

स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत जारी दिशानिर्देशों के अनुक्रम में राज्य के समस्त नगरीय निकायों में बीटेक/बीई स्नातक आवेदकों से SWACHH TULIP- कार्यक्रम अंतर्गत TULIP INTERN TRAINEE हेतु निम्नानुसार आवेदन आमंत्रित किये जाते है-

ईंटर्नशिप की अवधि	आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि	एकमुश्त देय राशि	आवश्यक INTERN TRAINEE की संख्या	संपर्क (मो.नं.)
12 सप्ताह	05.08.2024	4500/ रू.	2	8668653126

इच्छुक अभ्यर्थी अपना ऑनलाईन आवेदन https://intemship.slcte.india.org/ में जमा कर सकते है। विस्तृत जानकारी /पात्रता इत्यादि हेतु उपरोक्त मोबाईल नंबर से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

केवल ऑनलाईन आवेदन ही स्वीकृत किये जावेंगे।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत थानखम्हरिया , जिला बेमेतरा (छ.ग.)

कार्यालय नगर पंचायत अभनपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.)
स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0

क्र./ 542 दिनांक 25.07.2024

// आवश्यकता //

स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत जारी दिशानिर्देशों के अनुक्रम में राज्य के समस्त नगरीय निकायों में बीटेक/बीई स्नातक आवेदकों से SWACHH TULIP- कार्यक्रम अंतर्गत TULIP INTERN TRAINEE हेतु निम्नानुसार आवेदन आमंत्रित किये जाते है-

ईंटर्नशिप की अवधि	आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि	एकमुश्त देय राशि	आवश्यक INTERN TRAINEE की संख्या	संपर्क (मो.नं.)
12 सप्ताह	05.08.2024	4500/ प्रति व्य.	2	9302293648

इच्छुक अभ्यर्थी अपना ऑनलाईन आवेदन https://intemship.slcte.india.org/ में जमा कर सकते है। विस्तृत जानकारी /पात्रता इत्यादि हेतु उपरोक्त मोबाईल नंबर से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

केवल ऑनलाईन आवेदन ही स्वीकृत किये जावेंगे।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत अभनपुर

कार्यालय नगरपालिका परिषद बागबाहरा, जिला-महासमुंद, (छ.ग.)
स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0

क्र./443/ swm /न.पा./2024-25 दिनांक 25.07.2024

// आवश्यकता //

स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत जारी दिशानिर्देशों के अनुक्रम में राज्य के समस्त नगरीय निकायों में बीटेक/बीई स्नातक आवेदकों से Swachh TULIP- कार्यक्रम अंतर्गत TULIP INTERN TRAINEE हेतु निम्नानुसार आवेदन आमंत्रित किये जाते है-

ईंटर्नशिप की अवधि	आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि	एकमुश्त देय राशि	आवश्यक INTERN TRAINEE की संख्या	संपर्क (मो.नं.)
12 सप्ताह	05.08.2024	4500	2	6264001998

इच्छुक अभ्यर्थी अपना ऑनलाईन आवेदन https://intemship.slcte.india.org/ में जमा कर सकते है। विस्तृत जानकारी /पात्रता इत्यादि हेतु उपरोक्त मोबाईल नंबर से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

केवल ऑनलाईन आवेदन ही स्वीकृत किये जावेंगे।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद बागबाहरा

नगर पंचायत फिंगेश्वर जिला गरियाबंद (छ.ग.)
स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0

क्र./ 1011 फिंगेश्वर दिनांक 25.07.2024

// आवश्यकता //

स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत जारी दिशानिर्देशों के अनुक्रम में राज्य के समस्त नगरीय निकायों में बीटेक/बीई स्नातक आवेदकों से Swachh TULIP- कार्यक्रम अंतर्गत TULIP INTERN TRAINEE हेतु निम्नानुसार आवेदन आमंत्रित किये जाते है-

ईंटर्नशिप की अवधि	आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि	एकमुश्त देय राशि	आवश्यक INTERN TRAINEE की संख्या	संपर्क (मो.नं.)
12 सप्ताह	05.08.2024	4500.00	2	9174410200

इच्छुक अभ्यर्थी अपना ऑनलाईन आवेदन https://intemship.slcte.india.org/ में जमा कर सकते है। विस्तृत जानकारी /पात्रता इत्यादि हेतु उपरोक्त मोबाईल नंबर से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

केवल ऑनलाईन आवेदन ही स्वीकृत किये जावेंगे।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत फिंगेश्वर

न्यूज ब्रीफ

क्रिकेट अंडर-14 टीम का चयन 4 अगस्त को

महासमुंद। छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ के द्वारा महासमुंद जिला क्रिकेट संघ की अंडर 14 टीम का चयन रविवार 4 अगस्त को महासमुंद स्टेडियम में सुबह 10 बजे से किया जाना है, जिसमें अंडर 14 के खिलाड़ियों का कट ऑफ डेट 1.09.2010 से 31.08.2012 के बीच होना है । ट्रायल में भाग लेने हेतु खिलाड़ियों को अपना पंजीयन 31 जुलाई तक करवाना अनिवार्य है। पंजीयन के लिए अपना जन्म प्रमाण पत्र, डिजिटल मैनुअल, आधार कार्ड, पीविसी, निवास प्रमाण पत्र, पिछले कक्षाओं की मार्कशीट, दो पासपोर्ट साइज फोटो लेकर महासमुंद जिला क्रिकेट संघ के ऑफिस में रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करवा ले। अधिक जानकारी हेतु ऑफिस 9977705655, तृपेश साहू 8959677853, आलोक दिवेदी 9406303773 से संपर्क कर सकते है । ट्रायल के दिन खिलाड़ियों को अपने क्रिकेट किट के साथ सफेद किट के साथ पहुंचना अनिवार्य है ।

बिरकोनी में कारगिल विजय दिवस मनाया गया

महासमुंद। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरकोनी में 26 जुलाई को प्राचार्य करण सिंह सोरी के मार्गदर्शन में एवं कार्यक्रम अधिकारी लक्ष्मण मानिकपुरी के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा कारगिल विजय दिवस मनाया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य करण सिंह सोरी एवं अन्य शिक्षकों के द्वारा भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र में पूजा अर्चना कर किया गया । इसके पश्चात विद्यालय के भूतपूर्व छात्र शहीद घनश्याम कन्नौज की प्रतिमा में माल्यार्पण किया गया एवं बच्चों को कारगिल युद्ध के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई कि कारगिल विजय दिवस हमारे सैनिकों द्वारा किए गए बलिदानों उनकी वीरता और देशभक्ति का सम्मान करने का दिन है। इसके पश्चात बच्चों के द्वारा अच्छे नागरिक बनते हुए समाज व देश सेवा के लिए संकल्प लिया गया । कार्यक्रम के अंत में कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता लक्ष्मण मानिकपुरी व आभार प्रदर्शन सी आर अग्रवाल के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य करण सिंह सोरी, वीपी गोस्वामी, के एल साहू, निर्मला कुजूर, सी आर अग्रवाल, लताराजन, रंजीता दुबे, गीता दासरवार, तारामती साहू, रिचा पांडे, राम प्रसाद मोहंती, सुरेश कुमार गुप्ता, सौरभ साहू, मुकेश कुमार ध्रुव, प्रज्ञा मैत्री, उषा साहू, महेश, ढालू साहू एवं विद्यालय के बच्चे उपस्थित थे ।

लगातार बारिश से जन जीवन अस्त-व्यस्त, रोपा कार्य में आएगी तेजी

समवेत शिखर संवाददाता

महासमुंद। जिले में हो रही बारिश से जन-जीवन अस्त-व्यस्त,रोपा के कार्य में आएगी तेजी, कलेक्टर ने सावधानी बरतनें की कि अपील। जिले में पिछले 4-5 दिनों से हो रही रूकरूक कर बारिश ने किसानों को काफी राहत पहुंचाई है।

अब खेतों में इतना पानी हो गया है कि रोपा का काम आसानी से शुरू हो जाएगा। हालाकि स्वयं साधन वाले किसान अधिक्तर रोपा रखते है लेकिन जब तक उपर से बारिश न हो तो बोर के सहारे रोपा लगाने में काफी दिक्कतें होती है। किसानों का कहना है कि झड़ी की स्थिति ने किसानों के लिए अनुकुल माहौल बनाया है और खेतों में तैयारी भी शुरू कर दी गई है। नगर से लगे ग्राम लभरा में रोपा लगाने के लिए खेतों में जोताई करते किसान दिखे, कई खेतों में रोपा की तैयारी भी नजर आई। जिले में दो लाख 60 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में खरीफ का लक्ष्य निर्धारित है जिसमें से 2 लाख हे. क्षेत्र में बोनी व अन्य कार्य प्रगति पर रहा है। रोपा के लिए अनुकुल स्थिति बनने से एक-दो दिनों में किसानों को मजदूरों की समस्या से जूझना पड़ सकता है। ग्राम मरौद के थनवार यादव ने बताया कि 26 जुलाई को क्षेत्र में करीब 4 से 5 घंटे जमकर बारिश हुई जिससे खेत लबालब हो गए है और पानी निकलने के बाद ही कृषि कार्य संभव हो पाएगा। इसके पूर्व किसान पानी का इंजतार कर रहे थे इस क्षेत्र में केवल फुहारें ही पड़ रही थी जिसके कारण जमीन गिला हो गया लेकिन खेतों में

पानी नही रूक पा रहा था। इसी तरह झलप के अशोक साहू ने भी बताया कि हमारे क्षेत्र में बारिश की कमी से जुझ रहे किसानों के लिए यह बारिश राहत लेकर आई है अब कृषि कार्य में तेजी आने की संभावना है। अलसुबह 3 बजे के आसपास से शुरू हुई झड़ी दोपहर तक जारी रही जिसके कारण आमजन जीवन अस्त-व्यस्त रहा। शुक्रवार के कारण अधिकांश दुकानें सप्ताहिक अवकाश पर ही लेकिन सब्जी मार्केट में भी सन्नाटा पसरा हुआ थाऔर अधिकांश दुकानें बारिश के कारण नही खुल पाई जिसके कारण ग्राहकी भी कमजोर रही। इधर भू.अभिलेख से मिली जानकारी के अनुसार जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा महासमुंद तहसील में 462.3 मिलीमीटर, पिथौरा में 422.8 मिलीमीटर, बसना में 411.0 मिलीमीटर, बागबाहरा में 369.6 मिलीमीटर, सरायपाली में 332.6 मिलीमीटर और सबसे कम वर्षा 290.7 मिलीमीटर कोमाखान तहसील में दर्ज की गई। 26 जुलाई को 10.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। जिले के तहसीलवार वर्षा में पिथौरा तहसील में 18.1 मिलीमीटर, महासमुंद में 16.0 मिलीमीटर, सरायपाली में 14.5 मिलीमीटर, बसना में 10.9 मिलीमीटर, बागबाहरा में 1.2 मिलीमीटर एवं सबसे कम वर्षा कोमाखान में 0.3 मिलीमीटर दर्ज की गई।

कोडार में भरा 13 फीट पानी

जिले के एक मात्र वृहत सिंचाई परियोजना शहीद वीरनारायण सिंह कोडार बांध में 13.20 फीट पानी भरा है। अभी पानी की आवक बनी हुई है। फिरभी कैंचमेंट एरिया में पानी कम गिरने के कारण वर्तमान में केवल 13 फीट ही जलभराव हुआ है। साढ़े 30 फीट क्षमता वाले कोडार बांध में सिर्फ 5 फीट पानी ही गर्मी में शेष बचा था। इस बारिश में 8 फीट जल स्तर बढ़ा है। कोडार कमांड के किसान कोडार बांध पर निर्भर रहते है और उन्हें उम्मीद रहती है कि पानी भरने पर फसल पकने की गारंटी है। जब से कोडार बांध बना है और किसानों को पानी मिलने लगता है तब से कोडार कमांड के किसानों ने एक तरह से आकाल पर विजय प्राप्त कर ली है।

नदी-नाले एवं पुराने पुल-पुलिया को पार करते समय ऐहतियात बरतें

महासमुंद। मानसून के चलते जिले में चार पांच दिन से भारी बारिश हो रही है, जिससे नदी.नालों और पुराने पुल.पुलियों में जलस्तर बढ़ गया है। कलेक्टर प्रभात मलिक ने जनता के नाम जारी संदेश में कहा कि वे किसी भी हालत में जान जोखिम में डालकर उफनते नदी.नाले पार न करें। कलेक्टर श्री मलिक ने कहा कि भारी बारिश के कारण जिले के कई इलाकों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में पुराने पुल.पुलियों पर पानी का बहाव तेज है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। उन्होंने

जनता से अपील की है कि वे इस मौसम में अत्यंत सावधानी बरतें और सुरक्षित स्थानों पर रहें। कलेक्टर ने बताया कि प्रशासन ने सभी आवश्यक उपाय किए हैं और आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा हमारी प्राथमिकता जनता की सुरक्षा है। इसलिएए किसी भी स्थिति में जोखिम न लें और प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करें। उन्होंने विशेष रूप से वाहन चालकों से कहा है कि वे भारी बारिश के दौरान अनावश्यक यात्रा से बचें और जलमग्न सड़कों पर ड्राइविंग न करें। साथ ही, पैदल यात्रियों को भी सतर्क रहने की सलाह दी गई है। इसके अतिरिक्त कलेक्टर ने जिले के सभी एसडीएम और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे जलभराव वाले क्षेत्रों में नियमित निरीक्षण करें और आवश्यकतानुसार राहत कार्यों को सुनिश्चित करें। आपातकालीन सेवाओं को सक्रिय कर दिया गया है और हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए गए हैं ताकि किसी भी जरूरतमंद को त्वरित सहायता मिल सके।

लोस चुनाव में उत्कृष्ट कार्य के लिए मैदानी अमला सहित अधिकारी-कर्मचारियों को किया गया सम्मानित

समवेत शिखर संवाददाता

महासमुंद। लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारी.कर्मचारियों को शुक्रवार को प्रशस्ति प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। डाइट के सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन 2024 में जिले में हुए मतदान प्रतिशत में उल्लेखनीय वृद्धि एवं मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने वाले मैदानी अमला सहित अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्वीप के नोडल अधिकारी एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस आलोक ने कहा कि महासमुंद जिले में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन का कार्य सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस दौरान जिले में पिछले लोकसभा निर्वाचन की तुलना में मतदान का प्रतिशत भी बढ़ा है।

मतदान प्रतिशत बढ़ाने में विभिन्न विभागों के अधिकारी.कर्मचारियों और मैदानी अमला जैसे आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की भूमिका भी महत्वपूर्ण रही है। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवी संस्थाओं से लेकर एनएसएस, स्काउट एंड गाइड, महिला बाल विकास, नगरपालिका, समाज कल्याण, खेल विभाग, शैक्षणिक संस्थाएं जैसे महाविद्यालय, स्कूलों की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए प्रसन्नता का विषय है कि न केवल मतदान के प्रतिशत में वृद्धि हुई बल्कि राष्ट्रीय औसत से भी ज्यादा मतदान का प्रतिशत रहा। सीईओ एस आलोक ने कहा कि वास्तव में सम्मान के हकदार मैदानी बीएलओ है जिन्होंने घर-घर जाकर मतदाताओं को प्रेरित कर मतदान के लिए मतदान केन्द्र तक पहुंचाया। साथ ही उन्होंने उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रमाण पत्र मिलने पर बधाई दी। इस अवसर पर स्वीप के सहायक नोडल रेखराज शर्मा ने कहा कि कलेक्टर प्रभात मलिक एवं सीईओ एस आलोक के मार्गदर्शन में जिले में पहली बार मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत विविध तरह की गतिविधियां आयोजित की गई जिसमें गुड मॉर्निंग महासमुंद, दिव्यांग क्रिकेट प्रतियोगिता, बाईक रैली, चुनई मड़ई आदि कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने में मदद मिली। उल्लेखनीय है कि लोकसभा निर्वाचन 2024 में महासमुंद जिले में कुल मतदान का प्रतिशत 75.02 प्रतिशत रहा।

दलहन-तिलहन खेती के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया

कलेक्टर ने कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन और मछलीपालन विभाग की ली समीक्षा बैठक

समवेत शिखर संवाददाता

महासमुंद। कलेक्टर प्रभात मलिक ने शुक्रवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में कृषि, उद्यानिकी पशुपालन और मछलीपालन विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि शासन की योजना के क्रियान्वयन के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करें। उन्होंने सभी विभाग के अधिकारियों को हितग्राही मूलक योजनाओं से अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ एस आलोक सहित कृषि, उद्यानिकी, मछलीपालन, पशुपालन, विभाग के प्रमुख अधिकारी मौजूद थे। श्री मलिक ने कृषि एवं समवर्गीय विभाग के मैदानी अमले द्वारा जिले में चल रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने समीक्षा के दौरान खरीफ सीजन में बीज और उर्वरक के वितरण के लिए पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। जैविक खेती को बढ़ावा देने दलहन.तिलहन खेती के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। उन्होंने समितियों के माध्यम से किसानों को कृषि ऋण दिलाये और किसानों को अधिक से अधिक इस योजनाओं से लाभान्वित करें। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में सभी किसानों ई.केवाईसी करने, केसीसी पंजीयन ,फसल बीमा पंजीयन के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। कलेक्टर श्री मलिक ने प्रत्येक विकासखण्ड में उद्यान विभाग पोषण बाड़ी के निर्माण की जानकारी ली। साथ ही उद्यानिकी फसलों के प्रदर्शन ट्रेनिंग सेंटर के रूप में विकसित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने मत्स्य विभाग से मछली बीज उत्पादन के संबंध में पूछा। मत्स्य निरीक्षकों से विभागीय गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने बीजोत्पादन के लिए बेहतर कार्ययोजना बनाकर वृहद स्तर पर क्रियान्वयन करने की बात कही।

विकसित राष्ट्र बनाने की राह पर मील का पत्थर बजट : रमेश

समवेत शिखर संवाददाता

महासमुंद। भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य व पूर्व व्यापारी प्रतिनिधि रमेश साहू ने केंद्रीय बजट 2024.25 का स्वागत करते हुए कहा कि यह बजट भारत को 2047 से पूर्व विकसित राष्ट्र बनाने की राह पर मील का पत्थर साबित होगा और रोजगार सृजन की उम्मीद को पूरा करेगा। श्री साहू ने कहा कि रोजगार जीवन का आधार है और बढ़ती जनसंख्या के वर्तमान दौर में सभी लोगों को रोजगार देना एक बड़ी चुनौती बन गया है। ऐसे समय में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रोजगार और विकास को बढ़ावा देने वाला बजट पेश कर एक सराहनीय कार्य किया है। बजट में शिक्षा, रोजगार और कौशल विकास के लिए 1,48,000 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है और स्वरोजगार के लिए युवाओं को मिलने वाले ऋण की सीमा को 10 से बढ़ाकर 20 लाख रुपए कर दिया है। यही नहीं सरकार ने किसान कल्याण के लिए भी इस बजट में 25,000 करोड रुपए की

बढ़ोतरी की है। बजट में सरकार ने गरीबी और बेरोजगारी की समस्या को गंभीरता से लिया है। उन्होंने कहा स्वरोजगार और उद्यमिता तथा एमएसएमई को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने इस बार घोषणाओं की झड़ी लगा दी है। उन्होंने कहा कि भारत एक युवा राष्ट्र हैए इसी के दृष्टिगत सरकार ने बजट के माध्यम से कौशल विकास को बढ़ावा देकर श्रम और अर्थव्यवस्था की रोजगार की नई मांग और आपूर्ति के बीच सही तालमेल बिठाने का प्रयास किया है। यही नहीं इस विशाल देश में भ्रष्टाचार मुक्त वातावरण बनाने और पूरी पारदर्शिता तथा सुशासन देने का काम भाजपा सरकार कर रही है।

भाजपा मंडल कोमाखान कार्य समिति की हुई बैठक

समवेत शिखर संवाददाता

बागबाहरा। भारतीय जनता पार्टी मंडल कोमाखान की विस्तृत मंडल कार्यसमिति बैठक प्रदेश एवं जिला नेतृत्व के निर्देशानुसार 25 जुलाई को अटल समरसता भवन बस स्टैंड कोमाखान में संपन्न हुई। इस महत्वपूर्ण बैठक का शुभारंभ महापुरुषों के तैलचित्र पर धूप दीप प्रज्वलित करके की गई।

बैठक को प्रारंभ करने के पूर्व वंदे मातरम गीत महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष लेखमणि पटेल द्वारा प्रस्तुत किया गया,उसके पश्चात भाजपा मंडल कोमाखान में भाजपा सदस्यों के परिवारजनों के निधन होने पर मंडल महामंत्री भुनेश्वर साहू के द्वारा शोक प्रस्तावना रखा गया एवं दिवंगत आत्माओं को सामूहिक श्रद्धांजलि अर्पित की गई,उसके पश्चात मंडल अध्यक्ष भेखलाल (सागर)चंद्राकर के द्वारा बैठक की प्रस्तावना,आगामी 3 माह के कार्यक्रम एवं अन्य विषयों को सभी के समक्ष विस्तार से रखा

गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित मुख्य वक्ता प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मोर्चा श्रीमती अलका चंद्राकर के द्वारा लोकसभा चुनाव में प्राप्त शानदार सफलता का श्रेय कार्यकर्ताओं को देते हुए उन्हे बधाई दी और आगे भी कार्यकर्ताओं को इसी तरह संगठन एवं पार्टी के कामों में सतत लगे रहने हेतु प्रेरित किया,माननीय नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में तीसरी बार देश में भाजपा की सरकार बनने पर बधाई प्रस्तावना पूर्व मंडल अध्यक्ष नवीन पटेल द्वारा बैठक में रखी गई एवं देश के विकास पर केंद्रित माननीय राष्ट्रपति महोदय जी के अभीभाषण को मुख्य बिंदुओं के माध्यम से पूर्व किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष मूलचंद साहू ने सभी के मध्य रखा,प्रदेश एवं जिला कार्यसमिति की बैठक में पारित राजनीतिक प्रस्तावना को किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष दुबेलाल साहू के द्वारा सभी के मध्य वाचन किया गया एवं उस राजनीतिक प्रस्ताव का समर्थन युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष पंकज जैन के द्वारा किया गया,समापन भाषण एवं आभार प्रदर्शन के साथ लोकसभा चुनाव में भाजपा मंडल कोमाखान के प्राप्त परिणामों को विस्तार से बुथवार मंडल महामंत्री कलाराम नायक के द्वारा सभी के मध्य रखा गया एवं संपूर्ण जिला में भाजपा के पक्ष में सर्वाधिक 88% मतदान करने हेतु राटापाली बूथ के कार्यकर्ताओं को बैठक में शानदार प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया,कार्यक्रम का सफल संचालन युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष नितिन जैन ने किया। इस महत्वपूर्ण विस्तृत मंडल कार्यसमिति बैठक में महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष जिला पंचायत सदस्य अलका चंद्राकर, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष दूबेलाल साहू,मंडल अध्यक्ष भेखलाल (सागर) चंद्राकर,मंडल महामंत्री कलाराम नायक,भुनेश्वर साहू पूर्व मंडल अध्यक्ष नवीन पटेल,पूर्व किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष मूलचंद साहू, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष नितिन जैन, वरिष्ठ भाजपा नेता गोरख यादव, प्रेमशंकर सिन्हा,देवनारायण साहू, रामप्रसाद ठाकुर, ,लुभेश्वर पांडे, गोपाल किशन पटेल,ईश्वर चंद्राकर, केवल नेताम,ज्ञानचंद चक्रधारी, जगदीश पटेल,ज्ञानिक साहू,चीनीराम यादव,मोहर पटेल,राजकुमार चौधरी, देवसिंह साहू आदि उपस्थित थे।

खाद्य कारोबारियों को दी गई सफाई बरतने की समझाइश

समवेत शिखर संवाददाता

धमतरी। कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देशानुसार जिले में खाद्य व औषधि प्रशासन विभाग द्वारा बीते दिन खाद्य परिसरों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान धमतरी शहर, रूद्री एवं नगरी के कुकरेल के खाद्य परिसर सुरेश कुमार प्रभुदास, मराठा हांडी रेस्टोरेंट, गोलू हिन्दू ढाबा, जनार्दन 02 होटल, हेमंत दुग्ध डेयरी रूद्री रोड धमतरी, गुप्ता होटल रूद्री, रिंकू होटल, यादव होटल कुकरेल, रूपेन्द्र किराना कुकरेल, अशोका होटल, प्रियांशु भोजनालय, चन्द्राकर ट्रेडिंग, शुभ लक्ष्मी स्वीट्स, साहू होटल एण्ड स्वीट्स तथा अम्बे प्रोविजन का मुआयना किया गया और टीपीएम मीटर से खाद्य पदार्थों को तलने वाले तेज की गुणवत्ता की जांच की गई।

इस मौके पर चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से खाद्य पदार्थों का सर्वेलेंस अनुरूप कुल 79 नमूना संकलित किया गया, जिसमें 5 अवमानक एवं 3 मिथ्याछाप पाया गया। इस अवसर पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी फनेश्वर पिथौरा, नमूना सहायक गिरजा शंकर वर्मा सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि खाद्य प्रयोगशाला के जरिए निरीक्षण के दौरान खाद्य कारोबारकर्ताओं को खाद्य परिसरों एवं खाद्य पदार्थों के निर्मित किए जाने वाले जगहों की सफाई व्यवस्था ठीक रखने, गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थों का उपयोग मिठाईयों एवं नमकीन बनाने में करने, किसी भी निर्मित मिठाईयों या खाद्य पदार्थों में अखाद्य रंगों का उपयोग नहीं करने समझाईश दी गई।

विकास का आधार है भाजपा की सरकार : शंकर अग्रवाल

समवेत शिखर संवाददाता

महासमुंद। भाजपा शीर्ष संगठन के निर्देशानुसार भाजपा शहर मण्डल महासमुन्द की विस्तृत बैठक जिला भाजपा कार्यालय में 26 जुलाई को शहर मण्डल के प्रभारी वरिष्ठ भाजपा नेता शंकर अग्रवाल के मार्गदर्शन में हुई।

शहर मण्डल की इस बैठक के पूर्व मुख्यवक्ता शंकर अग्रवाल, पूर्व विधायक चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ विमल चोपड़ा,मंडल अध्यक्ष सतपाल सिंघ पाली, विधानसभा सहसंयोजक सन्दीप दीवान, विधि प्रकोष्ठ प्रदेश सदस्य प्रलय थिटे, मण्डल प्रभारी जिला उपाध्यक्ष मोनिका साहू , महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा साहू, पूर्व जिला महामंत्री एतराम साहू, पूर्व नपाध्यक्ष पवन पटेल आदि ने भारतमाता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय ,डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवम पूजा अर्चना कर बैठक का शुभारंभ किया 7 शुभारंभ अवसर पर वंदेमातरम गायन देवराज लुनिया, सुरेखा कंवर, शुभ्रा शर्मा द्वारा प्रस्तुत की गई बैठक की प्रस्तावना रखते हुए मण्डल अध्यक्ष सतपाल सिंघ पाली ने मण्डल कार्यसमिति के द्वारा किये गए संगठनात्मक कार्यो का विस्तार से उल्लेख करते हुए कहा कि महासमुन्द शहर मण्डल के द्वारा शीर्ष संगठन के मार्गदर्शन पर सभी संगठनात्मक कार्यो को सफलता पूर्वक पूर्ण किया गया है। बैठक के मुख्यवक्ता पूर्व प्रदेश मंत्री शंकर अग्रवाल ने कहा कि भाजपा शीर्ष संगठन की कोई भी कार्ययोजना केंद्र से बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं के लिए समान रूप से चलाई जाती है। प्रदेश की बैठकों में मण्डल पदाधिकारी को शामिल कर पार्टी ने नई परिपाटी की शुरुआत की है। पार्षद से लेकर सांसद तंक प्रत्येक स्तर पर भाजपा समर्थित प्रत्यासी के

जीत और समर्थन के लिए पार्टी की रीति नीति और अनुशासन के साथ जनकल्याण की एक स्वच्छ विचारधारा काम करती है। स्वतंत्र भारत मे हुए संसदीय चुनावो में केवल 2 बार ऐसा हुआ है जब 3 बार प्रधानमंत्री बनने का श्रेय नेहरू जी और वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को मिला है। भाजपा है तो भरोसा है ये पूरे देश प्रदेश की जनता और भाजपा के कार्यकर्ताओं का विश्वास रहा है। भाजपा शहर मण्डल के कार्यकर्ताओं की परिश्रम ,उत्साह और कार्यशैली की सराहना करते हुए शंकर अग्रवाल ने कहा की भाजपा की सरकार बनाने में इस मण्डल के कार्यकर्ताओं की ताकत सर्वाधिक बढंकर सामने आई है। परिश्रम की पराकाष्ठा को यहां के कार्यकर्ताओ ने पार किया है,जिसके लिए सभी बधाई के पात्र है। शंकर अग्रवाल ने आगामी दिनों मे होने वाले चुनावों में भी ऐसे ही उत्साह, लगन और परिश्रम से नगरपालिका, नगर पंचायत, जिला, जनपद में भाजपा की स्थानीय सरकार बनाने का आह्वान किया। उदघाटन सत्र के भाषण में पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा ने केंद्र और राज्य में भाजपा की सरकार बनाने में किये गए कार्यकर्ताओ के अथक परिश्रम की सराहना की। स्थानीय निकाय में कांग्रेस सत्ता में है जिनके कार्यकाल में कोई विशेष विकास कार्य धरातल पर नही दिख रहा है 7 कांग्रेस की सरकार में निकायों को विकास कार्य की राशि आबंटन में कमीशन खोरी बड़ा मुद्दा रहा है। डॉ विमल चोपड़ा ने 27 जुलाई से प्रारम्भ को रहे जनसमस्या निवारण पखवाड़ा में प्रत्येक वार्डो में जनता के समस्याओं के निराकरण के लिए स्थानीय कार्यकर्ताओ से जुटने का आह्वान भी किया 7 राजनैतिक प्रस्ताव का पठन करते हुए विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश सदस्य प्रलय थिटे ने कहा कि भाजपा कार्यसमिति की बैठक ऐसे समय पर है जब हम सभी के परिश्रम के फलस्वरुप पार्टी सफलता के शिखर पर है। राजनैतिक प्रस्ताव का समर्थन मण्डल उपाध्यक्ष लाल विजय सिंहदेव ने किया। जिला उपाध्यक्ष,मण्डल प्रभारी श्रीमती मोनिका साहू ने मोदी जी के 3 री बार प्रधानमंत्री बनने पर बधाई संदेश देते हुए कहा कि भारत सहित पूरे विश्व के लोकप्रिय जननायक के रूप में स्थापित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जीत से हम सभी कार्यकर्ताओं का मान बढा है।

स्वयंसेवी शिक्षकों के माध्यम से असाक्षरों को बनाया जाएगा साक्षर

उल्लास कार्यक्रम के तहत साक्षर करने दिलाई गई शपथ

समवेत शिखर संवाददाता

महासमुंद। उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण प्रभात मलिक के निर्देशन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं उपाध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण एस. आलोक की अध्यक्षता में डाइट के सभाकक्ष में स्वयं सेवकों का सम्मेलन आयोजित हुआ।

सीईओ श्री आलोक ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत 2030 तक सभी युवा, प्रौढ़, पुरुष एवं महिलाओं को शत.प्रतिशत बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान प्रदान कराना है। उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम केन्द्र प्रवर्तित योजना है जो सभी के लिए शिक्षा के लिए प्रारंभ की गई है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 15 वर्ष से अधिक उम्र के असाक्षरों को सत्र 2023.24 एवं 2024.25 में 35000 असाक्षरों को साक्षर करने का लक्ष्य है। सम्मेलन में उन्होंने सभी को साक्षर करने हेतु शपथ दिलाई गई। सम्मेलन में जिला शिक्षा अधिकारी मोहन राव सावंत, डाइट के प्राचार्य श्रीमती मीना पाणिग्रही, सहायक संचालक शिक्षा सतीश नायर, जिला समन्वयक जिला साक्षरता मिशन रेखराज शर्मा, डाइट के प्राध्यापकगण एवं छात्र.छात्राएं मौजूद थे। जिला शिक्षा अधिकारी मोहन राव सावंत ने सीईओ को विकासखण्ड स्तरीय नोडल अधिकारियां से एंट्री कार्य से आ रही परेशानियों के संबंध में अवगत कराया उसका समाधान बताया। सीईओ ने सभी अधिकारियों और शिक्षकों को आम जनता को उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के संबंध में जानकारी प्रदान कर तथा अभियान चलाकर एंट्री कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए।

►► न्यूज ब्रीफ

रावड़ एव अरंड में वृक्षारोपण अभियान का आयोजन

फिंगेश्वर। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, वनस्पति संरक्षण, संगरोध एवं संग्रह निदेशालय, भारत सरकार के केंद्रीय एकीकृत कीट प्रबंधन केंद्र, नया रायपुर के द्वारा बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत की गई है। डॉ. चव्हाण, विकास तुकाराम सहायक वनस्पती संरक्षण अधिकारी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुये बताया कि यह पर्यावरण जागरूकता बढ़ाने और लोगों को अधिक पेड़ उगाने के लिए प्रेरित करने के लिए वृक्षारोपण अभियान जरुरी है। इस पहल का उद्देश्य व्यक्तियों को पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव डालने और हरित पृथ्वी के लिए प्रतिज्ञा लेने के लिए प्रेरित करना है। मानव-जलवायु परिवर्तन के सामने आने वाली सबसे बड़ी समस्याओं में से एक का समुदाय-आधारित समाधान है। कार्यक्रम में कुल 25 प्रगतिशील किसान, 05 महिला किसानो ने हिस्सा लिया द्य गाँव के सरपंच तथा ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी उज्जवल शर्मा जी भी शामिल थे , केंद्रीय एकीकृत कीट प्रबंधन केंद्र, नया रायपुर के कर्मचारी कन्हैया लाल मीना वैज्ञानिक सहायक शामिल थे ।

रेल्वे स्टेशन के बाहर से दुपहिया वाहन चुराने वाला पुलिस शिकंजे में

भाटापारा। शहर थाना पुलिस ने रेल्वे स्टेशन के बाहर से खडी दुपहिया वाहन को चुराकर ले जाने वाले एक चोर को पकडने मे सफलता हासिल की है। उक्त संबंध मे नगर निरीक्षक

परिवेश तिवारी ने बताया कि विगत 12 मार्च को नांदघाट थाना मारो पुलिस चौकी अंतर्गत छेरकापारा गांव के आर्यन सिंग अपनी मां एवं बहन को लेने भाटापारा स्टेशन पहुंचा था ट्रेन आने पर वह अपनी दुपहिया मोटरसायकल होंडा सीडी ड्रीम 100 क्रमांक सीजी 22 पी 9482 को रेल्वे स्टेशन के बाहर स्थित एटीएम के पास खडी करके ट्रेनआने पर प्लेट फार्म के अंदर गया था और जब वह अपनी मां बहन को लेकर वापस आया तब बाहर से उसकी दुपहिया मोटरसायकल को कोई अज्ञात चोर उड़ा ले गया था घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने सघन जांच पड़ताल करते हुये अनेक सीसी टीवी फूटेज को खंगाला व मोटरसायकल चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले की पतासाजी मे जुटी पुलिस को सूचना मिली कि जीवराखन उर्फ शनीस नामक युवक मोटरसायकल को बेचने के फिराक मे ग्राहक ढूंढ रहा है इस पर पुलिस टीम ने संदेह के आधार पर जीवराखन को पकड़कर पूछताछ की जिसमे उसने उक्त मोटरसायकल को भाटापारा रेल्वे स्टेशन के बाहर से चोरी करने की बात स्वीकार की जिस पर पुलिस ने उसके विरूद्ध धारा 379 के तहत अपराध पंजीबद्ध उसे न्यायिक रिमांड पर ज़ेज दिया है।

नाबालिग लड़की को शादी का प्रलोभन देकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया

नवापारा राजिम। थाना गोबरा नवापारा क्षेत्र में नाबालिग लड़के द्वारा नाबालिग लड़की को शादी का प्रलोभन देकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है । बताया जाता है कि पीड़ित और आरोपी दोनों की उम्र 17 साल है । दोनों के बीच 1 साल से प्रेम संबंध था, जिसके चलते आरोपी पीड़िता को अपने घर ले आया था । यहां आरोपी द्वारा पीड़िता को शादी करने का प्रलोभन देकर उसके साथ दुष्कर्म किए जाने के चलते वह गर्भवती हो गई । वर्तमान में पीड़िता को ढाई महीने का गर्भ है । इस बात की जानकारी मिलने पर गोबरा नवापारा पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 137(2), 64, 87 और पॉक्सो एक्ट की धारा 4, 6 के तहत अपराध दर्ज कर उसे आज किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया ।

अवैध शराब बेचते एक युवक धरा गया

भाटापारा। पुलिस उच्चाधिकारियों के सख्त निर्देश के बाद स्थानीय पुलिस टीम द्वारा अवैध शराब के कारोबार मे संलिप्त लोगों के विरूद्ध चलाये जा रहे धर पकड़ अभियान मे पुलिस दल ने बंद पडे पुराना स्व. शिवलाल मेहता हायर सेकेण्डरी स्कूल की बाजू गली मे छापामार कार्यवाही करते हुये शिव साहू नामक युवक को 32 पाव रोमियो देशी मसाला शराब के साथ पकड़ा है। गांधी मंदिर वार्ड निवासी उक्त युवक एक सफे द रंग की प्लास्टिक बोरी मे उक्त शराब रखकर अवैध रूप से शराब बेच रहा था कि पुलिस टीम के हत्थे चढ गया उक्त युवक के पास से शराब बिक्री की राशि भी बरामद की गई है। पकडे गये युवक ने पुलिस को बताया है कि उसे विकास साहू नामक युवक शराब भटठी से शराब लाकर एकत्र कर बेचने के लिये कहा था फ लस्वरूप वह शराब बेच रहा था बदले मे विकास साहू उसे 200 रूपये मजदूरी देता था। पुलिस की उक्त कार्यवाही मे कुलमणी बारीक सहित पुलिस के अन्य लोग शामिल थे।

नपा क्षेत्र में आज लगेगा जन समस्या निवारण शिविर

नगर पालिका अध्यक्ष गफ्फू मेमन ने लोगों से शिविर में शामिल होने की अपील की, लोगों से राशन, पानी, बिजली, पेंशन सहित अन्य समस्याओं को रखने की बात कही

समवेत शिखर संवाददाता

गरियाबंद। नगर पालिका गरियाबंद क्षेत्र अंतर्गत 27 जुलाई से 10 अगस्त विभिन्न वार्डो में जनसमस्या शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन सहित सभी जनप्रतिनिधि एवम पालिका के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित होकर लोगो की समस्याओं को सुनेंगे और मौके पर ही उनका निराकरण करेंगे।नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन ने समस्त नगर वासियों से समस्त नगर वासियों से जन समस्या शिविर में शामिल होकर अपनी समस्याओं एवं मांगों के त्वरित निराकरण के लिए शिविर में शामिल होने की अपील की है।ज्ञात हो कि नगरी निकाय चुनाव के पहले राज्य शासन ने प्रदेश के सभी निकायों में जन समस्या शिविर पखवाड़ा आयोजन करने के निर्देश दिए हैं।इसके तहत नगर के प्रत्येक वार्ड में जनसमस्या निवारण पखवाड़ा का आयोजन किया जायेगा। शिविर में नगरीय निकाय के सभी विभाग के अधिकारी उपस्थित होकर समस्या का निराकरण यथा संभव मौके पर ही करेंगे। इस शिविर में करदाताओं को भी करों का भुगतान वार्ड में ही करने की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी।

नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन ने बताया कि जिले के नगर पालिका परिषद क्षेत्र में वार्डवार शिविर के आयोजन के लिए तैयारी हो गई हैं।मुनादी भी कराई जा रही है।उन्होंने बताया कि 27 जुलाई से 7 अगस्त तक 15 वार्डो के लिए 6 शिविर लगाए जाएंगे।

प्रत्येक शिविर में तीन वार्डो के लोगों की समस्या का निराकरण किया जाएगा। शिविर में नगर पालिका सभी पार्षद भी आमजन की समस्या सुनेंगे। शिवर सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगा।

ये समस्या सुनी जाएगी-नगर पालिका अध्यक्ष मेमन जे बताया कि शिविर में आम नागरिकों की स्थानीय नागरिक समस्याएं जैसे नल कलेक्शन,राशन कार्ड, राष्ट्रीय परिवार सहायता,वृद्धावस्था पेंशन,सामाजिक सुरक्षा पेंशन,जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र,भवन निर्माण अनुज्ञप्तियां,अनापत्ति प्रमाण पत्र,नामांतरण स्वरोजगार के प्रकरण तथा कई विविध छोट-छोटे कार्य होते है। जिनका निराकरण शीघ्र अपेक्षित होता है साथ ही नल लीकेज,नलों में पानी न आना,नालियों एवं गलियों की सफाई,सार्वजनिक नलों के प्लेटफार्म से पानी बहना, कचरे की सफाई व परिवहन टूटी-फूटी नालियों की मरम्मत,सड़कों के गडढ़े पाटना,स्ट्रीट लाईट के मरकरी, बल्ब,ट्यूब का बंद रहना आदि समस्याएं सुनी जाएगी एवम आवेदन लिए जाएंगे। इन समस्याओं का निराकरण मौके पर ही शीघ्रता से किये जाने पर नगर पालिका के प्रति आमजन के सदभाव बढ़ेगा, वही स्थानीय प्रशासन में लंबित शिकायतों का निराकरण भी शीघ्र हो सकेगा ।

उक्त शिविर 27 जुलाई को नगर के वार्ड क्रमांक एक, दो व तीन को आजाद चौक नवोदय मंच।29 जुलाई को नगर के वार्ड क्रमांक चार व पांच,सांस्कृतिक भवन सिविल लाइन,31 जुलाई को नगर के वार्ड क्रमांक छः, सात और आठ पौनी पसरी सेड जनपद के बाजू। 3 अगस्त को नगर के वार्ड क्रमांक नव व दस डॉ भीम राव अंबेडकर भवन,5 अगस्त को नगर के वार्ड क्रमांक ग्यारह, बारह और तेरह सुभाष चौक,युगल किशोर सिन्हा के घर पास और 7 अगस्त को नगर के वार्ड क्रमांक चौदह ओर पंद्रह शीतला मंदिर प्रांगण में लगाया जाएगा।

पुल के ऊपर पानी रहने पर नहीं करें पार: कलेक्टर

स्कूली बच्चे अधिक जलभराव वाले पुल-पुलियों को पार करने में रखें सावधानी

समवेत शिखर संवाददाता

गरियाबंद। पिछले कुछ दिनों से जिले में लगातार हो रही बारिश से कई नदी नाले उफान पर है।साथ ही कई जगहों पर बारिश का पानी सड़कों और पुल-पुलियों के उपर से भी बहने की सूचना मिल रही है।ऐसे में कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने लोगों को भारी बारिश में सुरक्षित रहने एवं सावधानीपूर्वक पुल-पुलियों को पार करने की अपील की है।

उन्होंने कहा कि अधिक जलभराव वाले एवं क्षतिग्रस्त, डायवर्सन वाले पुल-पुलियों एवं सड़कों के किनारे सूचना बोर्ड लगाया गया है।सूचना को पढ़कर पुल को पार करने के लिए सतर्कता बरते। कलेक्टर ने लगातार बारिश के कारण अधिक जल भराव वाले

सड़क एवं पुल-पुलियों में लोगों को पुल के उपर से पानी बहने पर पार नहीं करने तथा सावधानीपूर्वक आवागमन करने की अपील है।साथ ही अधिक जल बहाव की स्थिति में स्कूली बच्चों को जान जोखिम में लेकर पुल के ऊपर से पानी बहने की स्थिति में ऐसे पुल को पार नहीं करने की भी अपील की है।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर ने अधिक जलभराव वाले पुल से पार नहीं करने के संबंध में लोगां को जागरूक करने के निर्देश विभागीय अधिकारी को दिये हैं। कलेक्टर श्री अग्रवाल के निर्देशानुसार लोगों को सावधानीपूर्वक पुल-पुलियों को पार करने के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से इस कार्य में लोक निर्माण विभाग,प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना,एनएच एवं अन्य विभागों द्वारा समन्वय करके सावधानी बोर्ड लगाया गया है। जिले के मैदानी सहित दूरस्थ एवं वनांचल क्षेत्रों के पुल-पुलियों एवं सड़कों में भी सावधानी बरतने के सूचनायुक्त बैनर, फ्लैक्स एवं स्थायी सूचना बोर्ड लगाया जा रहा है। नदी, नालां के किनारे सूचना बोर्ड लगाकर लोगों को अधिक जलभराव से सुरक्षित रहने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

झरिया के पानी पीने से मिली मुक्ति, घर तक पहुंचा नल-जल का पानी

वनांचल गांव तुपेंगा के ग्रामीण जल जीवन मिशन से हो रहे लाभान्वित

समवेत शिखर संवाददाता

गरियाबंद। जिला मुख्यालय से देवभोग की ओर लगभग 43 किलोमीटर दूरी पर स्थित वनांचल गांव तुपेंगा के ग्रामीणों को अब पीने के पानी के लिए झरिया पर निर्भर नही रहना पड़ता है।ग्राम पंचायत मोंहदा के आश्रित ग्राम तुपेंगा में घर-घर तक नल जल का कनेक्शन पहुंच गया है।जिससे महिलाओं को घर में ही पीने का पानी मिल जा रहा है।

अब महिलाओं को लंबी दूरी तय कर पानी लेने नही जाना पड़ रहा है।इससे ग्रामीणों को सदियों के बाद पानी लाने की झंझट से मुक्ति मिली है। घर में पानी मिल जाने से लोगों को काफी आराम एवं राहत मिली है। इसके लिए ग्रामीणों ने सरकार द्वारा चलाई जा रही जल जीवन मिशन को कारगर बताते हुए शासन प्रशासन का

आभार जताया है।

उल्लेखनीय है कि खेतों एवं जंगलों के बीच बसे इस गांव में कुल घर 12 हैं। जल जीवन मिशन के पहले ग्रामीणों को किसी भी प्रकार के जल की पूर्ति के लिए एक मात्र शासकीय हैण्डपम्प एवं झरिया पर निर्भर रहना पड़ता था।ग्राम में मुख्यतःआदिवासी वर्ग निवास करते है। जिनका मुख्य आय स्त्रोत वनोपज संग्रहण एवं कृषि हैं। पहले दूर से पानी लाने के लिए अन्य कार्यो को छोड़कर पैदल दूर जाना पड़ता था।गर्मी,सर्दी,बरसात में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता था।इससे घर के सदस्यों पर विपरीत स्वास्थ्य प्रभाव भी पड़ता था।गांव की रहने वाली जयमति की बताती है कि दूर दूर से पानी लाकर थक जाते थे।जल जीवन मिशन के द्वारा प्रत्येक घरों में नल लगने से सभी के स्वास्थ्य में सुधार एवं शारीरिक कार्य क्षमता में वृध्दि हुई है। साथ ही छोटे बच्चों के साथ खेलने एवं समय बिताने का मौका मिल रहा है। गांव की रहने वाली श्रीमोतिन, रोमिन एवं जयमति जल जीवन मिशन के तहत घर में ही मिल जा रहे पेयजल के बचत पानी के सदुपयोग के लिए अपनी बाड़ियों में साग भाजी भी लगाने का फैसला किया है। साथ ही अच्छे उदाहरण के रूप में अपने आपको पेश कर अन्य ग्रामीणों को भी पानी के सदुपयोग एवं संरक्षण करने को प्रोत्साहित करने का संकल्प लिया है।

कम्प्यूटर ऑपरेटर संघ धान खरीदी केंद्रों में अपनी 2 सूत्रीय मांगों को लेकर करेंगे 29 से 31 तक 3 दिवसीय धरना प्रदर्शन

समवेत शिखर संवाददाता

गरियाबंद। छत्तीसगढ़ समर्थन मूल्य धान खरीदी केंद्रों में कार्यरत कम्प्यूटर आपरेटर भी हड़ताल में जाने का निर्णय लिए है।आपरेटरों ने अपनी दो सूत्रीय मांग पूरी नहीं होने पर 5 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का विज्ञप्ति जारी किए।ज्ञात हो कि धान खरीदी कार्य अभी शुरू भी नहीं हुआ है और इसे लेकर शासन-प्रशासन की मुश्किलें बढ़ती हुई नजर आ रही हैं। शासन कि महत्वपूर्ण योजना होंगी प्रभावित पैक्स कम्प्यूटरीकरण,प्रधानमंत्री फ़सल बीमा योजना, किसान धान पंजीयन,खाद बीज वितरण,24 जुलाई बुधवार को छत्तीसगढ़ राज्य समर्थन मूल्य धान खरीदी कंप्यूटर आपरेटर संघ ने अपनी दो सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेश स्तरीय प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर अवगत कराया।

प्रदेश अध्यक्ष ऋषिकांत मोहरे ने बताया कि हमारी 2 सूत्रीय मांगो को संघ द्वारा मुख्यमंत्री एवं विभागीय मंत्रियों को,प्रदेश में खाद्य सचिव,सहकारिता सचिव, पंजीयक सहकारी संस्थाएं,प्रबंध संचालक मार्कफेड, प्रबंध संचालक अपेक्स बैंक,संयुक्त पंजीयक व नोडल अधिकारी पैक्स कम्प्यूटरीकरण,एवं मुख्यकार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी बैंक

रायपुर को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया है। इस आंदोलन में प्रदेश के धान उपार्जन केन्द्रों में कुल 2739 डाटा एंट्री ऑपरेटर शामिल होंगे।जिसमे 17 वर्षो से कार्यरत डाटा एंट्री ऑपरेटर सहकारी समिति के धान खरीदी केंद्रों में अपनी सेवाये दे रहे हैं।हमारे हितों की ओर शासन प्रशासन द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है।हमारी दो सूत्रीय मांग वर्तमान नवीन वित्त निर्देश 23/2024 के अनुसार संविदा वेतनमान में 27 प्रतिशत वृद्धि कर 23350 रूपये मासिक संविदा वेतनमान प्रदाय किया जाना,बोनस,भत्ता एवं भविष्य निधि लागू किया जाए।

पिछले खरीफ वर्ष का 7 माह का लंबित वेतन भुगतान तत्काल किया जाए।डाटा एंट्री ऑपरेटर का वेतन भुगतान सीधे उनके बैंक खातो में किया जाए,17 वर्षो से कार्यरत डाटा एंट्री ऑपरेटरो को प्रथम नियुक्ति दिनांक से नियम बनाकर एक निश्चित विभाग में संविलियन कर नियमित किये जाने की मांग रखा गया है।वही ज्ञापन देने में विनोद जायसवाल,पवन निर्मलकर,मीनाक्षी यादव, मोहन डहरिया,विद्याशंकर यादव,संतोष साहू,लता पटेल, प्रकाश अधिकारी, राजकुमारी साहू, अजय चंद्राकर, पुरुषोत्तम जाटवर प्रकाश यादव, योगेंद्र रजक, नरेंद्र सिन्हा, नरेश साहू,दुलार साहू,आशीष रजक, संदीप यादव, अनुज यादव,मुरली मनोहर दुबे, राकेश दुबे, पुरुषोत्तम बरेठ, सतरूपा साहू, प्रमिला मानिकपुरी, सना अली, ओमप्रकाश साहू हरिकिशन नायक, पितेश दास महंत एवं पुरे प्रदेश पदाधिकारी उपस्थित रहे।

कालेज में भारतीय न्याय संहिता के संबंध में जानकारी दी गई

समवेत शिखर संवाददाता

भाटापारा। स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नए कानून के विषय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

उक्त अवसर पर कॉलेज के प्राध्यापको एवं छात्र-छात्राओं को नए कानून के विषय मे जानकारी दी गई। दिनांक 01 जुलाई 2024 को भारत में तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 लागू किया गया है उसके संबंध मे नगर निरीक्षक परिवेश तिवारी द्वारा विस्तार से बताया गया। नए कानून का उद्देश्य आधुनिक न्याय व्यवस्था को लागू करना है भारतीय दंड संहिता में पूर्व में कुल 511 धाराएं थी लेकिन भारतीय न्याय संहिता में 358 धाराएं सम्मिलित की गई है। अपराधिक कानून में बदलाव के साथ ही इसमें शामिल धाराओं का क्रम भी बदला गया है साथ ही शुन्य में एफआईआर, ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने, एसएमएस या ईमेल के माध्यम से समन ज़ेजना और जघन्य अपराध की वीडियोग्राफी व फोटोग्राफी करने जैसे प्रावधान नए कानून में अनिवार्य कर दिए गए हैं।

नए कानून का मुख्य उद्देश्य अब आमजनों को त्वरित न्याय सुनिश्चित करवाना है। जागरूकता कार्यक्रम में कॉलेज प्राचार्या श्रीमति पूणिर्मा साहू एवं कॉलेज के प्राध्यापकगण एवं छात्र-छात्राएं बडी संख्या मे उपस्थित थे।

मवेशियों के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोकने मवेशियों को पहनाया जा रहा रेडियम कॉलर

जिले के विभिन्न स्थानों में लगभग 180 पशुओं को पहनाया जा चुका रेडियम कॉलर

समवेत शिखर संवाददाता

गरियाबंद। कलेक्टर दीपक अग्रवाल के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा के उपाय के तहत पशुपालन विकास विभाग द्वारा मवेशियों को रेडियम कॉलर पहनाया जा रहा है।गरियाबंद,राजिम,फिंगेश्वर एवं अन्य क्षेत्रों के सड़क किनारे पाये जाने वाले पशुओं में रेडियम कॉलर लगाया जा रहा है।साथ ही अन्य जगहों पर भी सड़क सुरक्षा की दृष्टि से यह कार्यवाही की जा रही है। विशेष अभियान के तहत अभी तक

लगभग 180 मवेशियों को रेडियम कॉलर पहनाया जा चुका है।साथ ही आगे भी यह कार्यवाही जारी है।मवेशियों में रेडियम कॉलर लगाने से रात में आने-जाने वाले वाहन चालक को दूर से ही मवेशी होने का संकेत मिल जाता है।इससे वाहन चालकों को सतर्क होकर आवागमन करने में आसानी होती है। साथ ही दुर्घटना की भी संभावना नहीं रहती है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री अग्रवाल ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सड़कों पर होने वाले दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी उपाय अपनाने के निर्देश दिये थे। साथ ही मवेशियों के गले पर रेडियम बेल्ट अनिवार्यतः लगाने को कहा था। कलेक्टर के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा के उपायों पर क्रियान्वयन किया जा रहा है।

नींद न आना वह एक रोग भी हो सकता है और एक साधना भी हो सकती है

समवेत शिखर न्यूज

अहमदाबाद। एक कहावत है आहार और नींद व्यक्ति जितना बढ़ाते हैं, उतना बढ़ता है। जितना घटाता है, उतना घटता है। दोनों ही जीवन के लिए आवश्यक है, परंतु दोनों अधिक मात्रा में हो तो उसे शास्त्रों की भाषा में प्रमाद कहते हैं। आहार और नींद पर अपना नियंत्रण होना ही चाहिए अति मात्रा में, घी, दही, दुध और अति मादक दव्यों के उपयोग से शरीर में आलस और प्रमाद बढ़ता है। इसी प्रकार अति नींद लेने से शरीर की स्फुरति और तन्दुरूस्ती बिगड़ जाती है, आहार और निंद जितनी मात्रा में शरीर को चाहिए उतनी अवश्य शरीर को देनी पड़ती है और इनका कंट्रोल भी आत्मा के लिए अनिवार्य है।

सोलारोड में बिराजित प्रसिद्ध वक्ता संतमनीषी जैनाचार्य राजयशसूरीश्वरजी महाराजा फरमा रहे है कि यदि आपका नींद पर नियंत्रण नहीं है महाराजा फरमा रहे है कि यदि आपका नींद पर नियंत्रण नहीं है तो वह कही भी आ जाएगी धर्मक्रियाओं में भी आपको सावधान नहीं रहने देगी। नींद न आना वह एक रोग भी हो सकता है और एक साधना भी हो सकती है, परंतु जहां-जहां सो जाना वह तो मात्र प्रमाद का ही लक्षण है। कुछ लोगों के जीवन में ऐसा देखा जाता है कि वे मंदिर से शांति से जाप-ध्यान साधना में बैठे होते है और हाथ में माला फेर रहे होते है अभी तक 5-10 मणके भी नहीं फेरते के डोलने लग जाते है आत्मा पर निंद्रा अपना कब्जा जमाने हाजर हो जाती है। वहीं अगर जाप अनुप्रेक्षा एवं

पूज्य गुरुदेव राजयश सूरीश्वर जी म. सा.

एकाग्रता पूर्वक अ ल ग - अ ल ग अलंबनो के साथ करो तो निंद भाग भी जाती है एवं आत्मानुभूतिया होती है जरूरत मात्र इतनी ही है कि हमें अपने मन से तय कर देना होता है, कि मुझे आलस्य एवं प्रमाद को मेरे जीवन में से अलविंदा करना है कई बार प्रवचन में भी अकसर बैठने दो तीन क्रियाएं एक साथ करती है एक प्रवचन श्रवण, दूसरा माला और तीसरा नींद इस प्रकार एक भी क्रिया में एकाग्रता नहीं रहती इससे जीवन में निरसता आती है और हर जगह नींद पर अब थोड़ा जगना पड़ेगा जीवन में से यह आलम एवं प्रमाद को निकालना होगा आत्म जागृत कि तरफ आगे बढ़ना होगा।

पूज्यश्री कहते है कि हमारे दादा गुरूदेव लब्धिसूरीश्वरजी महाराजा ने बहोत छोटी उम्र में दीक्षा ली थी, अभ्यास का सक्षय था, साधु जीवन मतलब उनकी चर्या निश्चित ही होती है विहार, गोचरी-पानी आदि सेवा कार्या करने के बाद स्वाध्याय वह अनिवार्य होता है दिन में17 किलोमीटर चले हो या 25 किलो मीटर आपकी स्वाध्याय चर्या वह तो अनिवार्य ही है उपाश्रय में प्रवेश कर अवश्य सब कायो पूर्ण करने के बाद स्वाध्याय करने पू.दादा गुरूदेव सीढियो पर बैठते ताकि नींद आ जाए तो तुरंत सावधान ही जाए क्यूकि सावधान न रहे तो सीढ़ियो से गिरने का डर कहने का तात्पर्य इतना ही है कि प्रमाद को जीवन में से निकालना होती इस प्रकार अप्रमत्तता कि साधना करनी होती है।जिस कार्य में अपना मन जुड़ जाता है तो एकाग्रता स्वभाविक रूप से आ जाती है, कभी किसी को नोट गिनते नींद नहीं आती पर नवकार गिनते नींद कईयो को आती है मतलब जहां रस है वहां नींद कईयो को आती है मतलब जहां रस है वहां नींद दूर-दूर तक भी अपने पास नहीं आती और जहां निरसता है वहां नींद भागते-भागते आती है।

धर्मक्रियाओ को जो अप्रमत्तता से कि जाए तो अनेक अशुभ कर्मो की निर्जरा हो जाता है और पुण्य का अनुबंध होता है। जिस प्रकार व्यक्ति अपने शरीर की तंदुरूस्ती के लिए व्यायाम, मॉनिंग वॉक जीम आदि प्रवृत्तिया करते है, उसी प्रकार आत्म को हर पल नजर समक्ष रखकर अप्रमत्तता पूर्वक सामायिक, प्रतिक्रमण आदि क्रियाएं करें तो वह उसे आत्म उन्नति कि तरफ आगे लेकर जाएगी प्रतिक्रमण एक ऐसा योग है जो आपने शरीर में बल्द स्कुलेट करता है अनेक प्रकार के रोगों का निदान इस योग में भरा पड़ा है मात्र जरूरत इतनी ही है कि हमें हर धर्मानुष्ठान एकाग्रता एवं अनुप्रेक्षा द्वारा करते हुए जीवन में आगे बढ़ना हूं।

नपं फिंगेश्वर के विभिन्न वार्डों में आज से जनसमस्या निवारण पखवाड़ा

समवेत शिखर संवाददाता

फिंगेश्वर। छत्तीसगढ़ शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय, महानदी भवन नवा रायपुर अटल नगर के निर्देश में स्थानीय नगर पंचायत फिंगेश्वर में निकाय क्षेत्र में स्थानीय नागरिक समस्याएं यथा - सहायता, वृध्दावस्था पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, भवन निर्माण अनुज्ञप्तियां, अनापत्ति नल कनेक्शन, राशन कार्ड, राष्ट्रीय परिवार प्रमाण पत्र, नामांतरण स्वरोजगार प्रकरण, तथा कचरे की सफाई, स्ट्रीट लाइट के मरकरी / बल्ब / ट्यूब का बंद रहना आदि समस्याएं भी है उक्त समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु जनसमस्या निवारण पखवाड़ा के रूप में वार्डवार शिविर का आयोजन किया जाना है।

यह शिविर 27 / 07 /2024 से 10/08/ 2024 तक अलग अलग वार्डो में होना हैं, उक्त शिविर के सफल क्रियान्वयन हेतु निकाय के निम्नानुसार अधिकारी/कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है,जिसमे नोडल अधिकारी हेमंत देवांगन, उपअभियंता नगर पंचायत फिंगेश्वर, सहायक नोडल अधिकारी मो. शेख निसार कुरैशी सहा. राजस्व निरीक्षक, व शिविर प्रभारी अगल अलग वार्डो में गोरेलाल परमार, नरेश ध्रुव , जयप्रकाश बया रहेंगे व सहायक कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भी शामिल होंगे जो वार्डो के साथ नगर में व्याप्त समस्याओं का निराकरण करने वार्डो व नगर पंचायत फिंगेश्वर में प्राप्त आवेदनों व समस्याओं का निराकरण करेंगे।

न्यूज ब्रीफ

डीडब्ल्यूपीएस स्कूल के दो छात्र राज्य स्तरीय तैराकी में पहुंचे

भाटापारा। ब्लाक के गांव खम्हरिया मे स्थित दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के छात्र विनय ध्रुव व कुणाल शर्मा का चयन राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता के लिये हुआ है। उक्त दोनो छात्र जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। स्पर्धा मे चयनित उक्त दोनो छात्र एक लंबे समय से तैराकी के क्षेत्र मे अज़्यास कर रहे थे व उक्त दोनो छात्रो को तैराकी का अच्छा अनुभव हासिल है। उक्त छात्रों के कुशल प्रशिक्षक गणेशु पाल ने अपने मार्गनिर्देशन मे तैराकी प्रतियोगिता के लिये पूरी तरह पारंगत कर रखा है। उक्त दोनो छात्रो की जोड़ी भिलाई स्थित डीपीएस रिसाली मे 28 जुलाई तक होने वाली राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता मे हिस्सा ले रहे है। उक्त छात्रो के चयन पर स्कूल के प्राचार्य योगेश पोपट ने अपनी शुभकामनायें देते हुये सफलता की कामना की है।

बलौदाबाजार में उल्टी-दस्त से एक और मौत

बलौदाबाजार। छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले के पलारी ब्लॉक में शुक्रवार को 26 वर्षीय महिला की उल्टी-दस्त से मौत हो गई। महिला को इलाज के लिए पलारी अस्पताल लाया जा रहा था, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही महिला की मौत हो चुकी थी। इस तरह ब्लॉक में उल्टी-दस्त से तीसरी मौत है। इससे पहले खपरी गांव में एक बच्चे की मौत हुई थी। दूसरी मौत ग्राम जारा में हुई थी। पलारी ब्लॉक के ग्राम टेमरी निवासी कविता पटेल को गुरुवार की रात उल्टी-दस्त शुरू हुआ। रात में बारिश होने से वे घर से बाहर निकल ही नहीं पाए। सुबह 10 बजे तक उल्टी-दस्त होती रही। सुबह भी बारिश हो रही थी। पति राकेश आसपास के लोगों को गाड़ी के लिए फोन लगाता रहा। लेकिन बारिश की वजह से रोहांसी नाला उफान पर होने से रास्ता बंद था। जैसे-तैसे दूसरे गांव से गाड़ी की व्यवस्था की गई।10.30 बजे महिला को गाड़ी में पलारी अस्पताल ले जाने के लिए लिए निकले तो रोहांसी का रास्ता बंद था ।उन्हें घूमकर ओढ़ान घोटिया होकर अस्पताल पलारी जाना पड़ा। अस्पताल पहुंचते-पहुंचते 11 बज चुके थे। लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही कविता ने दम तोड़ दिया था।

नौकरी लगाने के नाम पर 3 लाख ठगी

रायगढ़। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी का एक मामला सामने आया है। आरोपी ने रायपुर मंत्रालय में नौकरी करना और मंत्रियों से अच्छी खुद की जान पहचान होना बताया था। रायपुर से पुलिस ने आरोपी ठग को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक, बाजीराव महरापारा में रहने वाला मनोहर दास महंत को साल 2021 में उसके परिचित रूपराज मानिकपुरी ने खाद्य विभाग में नौकरी लगा देने के नाम पर 3 लाख रुपए की ठगी की थी। प्रार्थी ने 20 जनवरी 2024 को जूटमिल थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया था, जहां पुलिस ने 6 महीने बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

कांग्रेस नेता की हत्या में मामले में 6 आरोपी गिरफ्तार

सारंगढ़। छत्तीसगढ़ के सारंगढ़ में सूदखोरी के चलते कांग्रेस नेता हरिराम पटेल की हत्या कर दी गई। वह ब्याज पर लोगों को रकम देता था। पुलिस ने इस मामले में 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने हत्या के लिए ओडिशा से हथियार बनवाए थे। मामला बरमकेला थाना क्षेत्र का है। दरअसल, कमरीद गांव निवासी हरिराम पटेल ब्लॉक कांग्रेस का कार्यकारिणी सदस्य था। दो दिन पहले उसका शव सिंगापुर गांव के पास अर्धनग्न हालत में मिला था। उसके सिर और गले पर धारदार हथियार से वार किए गए थे। हरिराम बरमकेला से अपने घर लौट रहा था।

हेनल मेहता बनी सनातन सेना की राष्ट्रीय महिला अध्यक्षा

नई दिल्ली। सनातन धर्म की रक्षा के लिए सनातन सेना निरंतर कार्य कर रही हैं। इसी क्रम में आज संस्था के राष्ट्रीय

अध्यक्ष सुरजीत सिंह जी के दिशा निर्देश पर प्रसिद्ध समाजसेविका हेनल मेहता जी को राष्ट्रीय महिला अध्यक्षा बनाया गया। हेनल जी राजनीति से भी जुड़ी हुई हैं। सनातन सेना सनातन धर्म के प्रति लोगों को जागरूक करने का कार्य करती है । सनातन सेना संपूर्ण भारत भर में जितने प्राचीन मंदिरों का पुनः जीवनद्वार के सकल्प के साथ कार्य कर रही है। देश के पिछड़े इलाकों में संस्था द्वारा सनातन धर्म के बारे में जागरूक किया जा रहा है। जिससे धर्म परिवर्तन पर रोक लगाई जा सके।

रायपुर समेत कई जिलों में जोरदार बारिश, एम्स में भरा पानी

कोंडागांव में दीवार गिरने से बच्चे की मौत, बेमेतरा में 3 दिन स्कूलों की छुट्टी

समवेत शिखर न्यूज

रायपुर। मौसम विभाग ने प्रदेश के 16 जिलों में हैवी रेन का यलो अलर्ट जारी किया है। रायपुर में सुबह से बारिश हो रही है।

छत्तीसगढ़ में रायपुर समेत कई जिलों में सुबह से जोरदार बारिश हो रही है। एम्स परिसर में पानी भर गया है। मौसम विभाग ने भी आज 16 जिलों में यलो अलर्ट जारी किया है। बारिश के चलते बेमेतरा में कलेक्टर ने 3 दिन स्कूल बंद रखने के आदेश जारी किए हैं।

बारिश के दौरान कई जगह हादसों की भी खबरें हैं। कोंडागांव जिले में टॉयलेट की दीवार गिरने से 10 साल के बच्चे की मौत हो गई। दल्लीराजहरा से अंतागढ की तरफ जा रही पैसेंजर ट्रेन ट्रैक पर गिरे बरगद के पेड़ से टकरा गई है। हादसे में ड्राइवर को चोट आई है।

वहीं, गरियाबंद जिले के चलनापदर में बना नया चेक डैम 15 दिन में ही टूट गया। कोरबा की पितनी नदी में आई बाढ़ में एक गाय बह गई। जुलाई का बारिश का कोटा पूरा हो चुका है। प्रदेश में शुक्रवार सुबह तक 506.4 मिमी पानी बरस चुका है। प्रदेश में अब तक 507.2 मिमी बारिश होनी थी। बीजापुर में सबसे अधिक 94त्न बारिश हुई है। यहां अब तक 1137.3 मिमी पानी बरस चुका है। जबकि 534.9 मिमी ही बारिश होनी थी। प्रदेश के सुकमा, बालोद, नारायणपुर ,मोहला मानपुर, बलोदा बाजार पांच जिले ऐसे है जहां औसत से अधिक बारिश हुई है। 17 जिलों में सामान्य वर्षा हुई है। कोंडागांव जिले में लगातार हो रही बारिश के चलते कुंडा पंचायत के पलारी गांव में हादसा हो गया। टॉयलेट की दीवार गिरने से मलबे में दबकर बच्चे की मौत हो गई। सूरजु मांडवी (10 वर्ष) वॉशरूम गया था, इसी दौरान छत और सेप्टिक टैंक की दीवार गिर गई। मलबे में दबे सूरजु ने दम तोड़ दिया।

बालोद के दल्ली राजहरा से भानुप्रतापपुर,

अंतागढ़, दुर्ग, रायपुर तक चलने वाली पैसेंजर ट्रेन हादसे का शिकार हो गई। पैसेंजर ट्रेन ट्रैक पर पड़े बरगद के पेड़ से टकरा गई, जिसमें पायलट को हल्की चोटें आई हैं। घटना भानुप्रतापपुर के मुल्ले कैंप के पास की है। जानकारी के मुताबिक ट्रेन के सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। बालोद जिला मुख्यालय से 20 किमी दूर ग्राम मोहलई गांव में सड़क पर कीचड़ से परेशान कुछ ग्रामीणों ने धान की रोपाई कर दी। ग्रामीण सड़क बनाने की मांग सरपंच, सचिव से कई बार कर चुके हैं। बारिश होने पर गिट्?टी, मुरम डालने की गुहार लगा चुके थे, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया तो धान की रोपाई कर विरोध जताया। बिलासपुर में पिछले दो दिन से बारिश के बाद मौसम में ठंडक बढ़ गई है। गुरुवार को पूरे दिन आसमान में बादलों का घेरा रहा, फिर शाम होते ही रिमझिम बरसात शुरू हो गई। इसके बाद देर रात तक रुक-रुककर बारिश होती रही। सावन में झड़ी लगने के बाद किसानों के चेहरों पर भी मुस्कान आ गई है। आज भी सुबह से बारिश हो रही है। छत्तीसगढ़ के गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में लगातार बारिश के बाद नदी-नाले उफान पर हैं। इसी बीच मरवाही ब्लॉक के मड़वाही गांव में हथगड़ी नाले में बाढ़ के बीच एक अभिभावक अपने बेटे को कंधे पर रखकर नाले को पार करा रहा है, जिसका वीडियो वायरल हो रहा है।

दरअसल, मड़वाही गांव के हथगड़ी नाले पर पुल नहीं होने के कारण यहां के लोगों को हर साल बारिश के मौसम में ऐसे ही गुजर बसर करना पड़ता है। बच्चों को स्कूल आने-जाने में दिक्कत होती है, मवेशियों को नाले को पार कराने में परेशानी होती है, लेकिन शासन-प्रशासन पुल बनाने की ओर कोई कदम नहीं उठा रहा है।

छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले में नदी नाले उफान पर हैं। वहीं कोंडागांव विकासखंड के ग्राम मरवाबेड़ा में लोग बाढ़ की वजह से घरों में कैद हो गए हैं। इस गांव में 100 से अधिक मकान हैं और लगभग 700 की आबादी है। गांव नाले घिरा हुआ है। नाले में पुल नहीं होने के कारण लोगों परेशानियां बढ़ गई है।

ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के दिनों में जब पानी बढ़ जाता है, तो गांव मुख्यालय से कट जाता है। नाले को पार कर स्कूल के शिक्षक भी आते हैं। ग्रामीण राशन लेने दूसरी जगह जाते हैं, लेकिन पुल नहीं होने के कारण आवाजाही बाधित हो जाती है। पेड़ों को काटकर ग्रामीण नाले को पार करते हैं।

बलौदाबाजार जिले के पलारी विकासखंड के छेरकाडीह गांव में पुल नहीं होने के कारण ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्कूल, आंगनबाड़ी और राशन दुकान भी जाने के लिए जान जोखिम में डालना पड़ता है।

ग्रामीणों का कहना है कि गर्मी के दिनों में तो नाला सूख जाता है तो दिक्कत नहीं होती, लेकिन बारिश के चार महीने नाला उफान में रहता है। आंगनबाड़ी और स्कूल जाने वाले छोटे बच्चों को कंधों पर बिठाकर ले जाना पड़ता है। जब पानी अधिक हो तो बच्चो की पढ़ाई बंद हो जाती है। छत्तीसगढ़ में चार दिनों से हो रही लगातार बारिश से कोटा लगभग पूरा हो गया है। अब केवल 2 फीसदी की कमी रह गई है 1 जून से अब तक 487.1 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है, जो औसत के कोटे से सिर्फ 2त्न कम है। पिछले चार-पांच दिनों में हो रही लगातार बारिश के कारण डैम भी भर गए हैं। नदी-नाले उफान पर हैं। बड़े-छोटे मिलाकर कुल 46 जलाशय हैं, जो लगभग 50 फीसदी तक भर गए हैं।

भाटापारा में अचानक हुई भारी बारिश से जगह जगह जल भराव की स्थिति

निचली बस्ती के घरो मे तैरने लगे घरेलू बर्तन, प्रशासन विफल

समवेत शिखर न्यूज

भाटापारा। आसमानी पानी की कमी से जूझ रहे भाटापारा क्षेत्र मे शुक्रवार प्रातः तीन बजे से भारी वर्षा होने से समूचा शहर व क्षेत्र जलमग्न हो गया। शुक्रवार की अल सुबह हुई अच्छी बारिश से खेती किसानी की बिगडती स्थिति मे सुधार होने की पुरी पुरी संभावना बढ गई है वहीं भारी बरसात ने शहर को जगह जगह डुबोकर रख दिया है। बारिश के कारण हास्पिटल चौक से लेकर कृषि उपज मंडी की ओर जाने वाली मुख्य सड़क पर चार फीट से अधिक पानी भर जाने से लोगों को जहां आवाजाहीं मे भारी तकलीफ का सामना करना पड़ा वहीं उक्त मार्ग के दोनो छोर पर स्थित लोगों के घरों मे पानी घुस जाने से घरो के बर्तन व अन्य हल्के सामान पानी मे तैरने लगे है नेहरू वार्ड नयागंज वार्ड नाला के किनारे व पैठू तालाब क्षेत्र मे हालात बद से बदतर हो गये है लोग अपने अपने घरो मे घुसे पानी को निकालने कूलर पंप व टूल्लू पंप का सहारा लेकर देर शाम तक पानी निकालने मे जुटे रहे। उक्त क्षेत्र के लगभग 10 से 12 घरो मे पानी पानी की स्थिति होने से कई घरो मे दोपहर का ज़ेजन भी नहीं बन पाया था व लोग सिर्फ अपने घरो को पानी से बचाने भूख प्यास त्यागकर लगे हुये थे। भारी बारिश के कारण कल्याण सागर तालाब की ओर जाने वाले रास्ते परशुराम वार्ड, मुंशी इस्माईल वार्ड, रेल्वे अंडरब्रिज क्षेत्र, नयागंज वार्ड, संजय वार्ड सहित अनेक वार्ड मोहल्लों के निचली बस्तियों मे पानी भराव व जल भराव से लोग हलाकान रहे जल भराव के कारण पुराना गंज रामलीला मैदान, नगर पालिका परिसर, मोती गार्डन भी प्रभावित रहा वहीं शासकीय हास्पिटल परिसर मे भी जल भराव होने से मरीज परेशान होते रहे इन सबके बावजूद प्रशासन की ओर से लोगों को बाढ़ पानी से राहत देने व निकासी की व्यवस्था बाबत जिम्मेदार सामने नहीं आया जिससे लोगों मे आक्रोश व्याप्त रहा बारिश से एक ओर जहां समुचा शहर पानी पानी हो गया तो कहीं सड़क तो कहीं स्कू ल परिसर तो कहीं लोगों के घर पानी मे डूबे रहे इन सब के बावजूद प्रशासनिक अमला कहीं भी सक्रिय नहीं दिखा पालिका प्रशासन की कलई उस वक्त खुल गई जब समुचा शहर का अनेक हिस्सा पानी मे जगह जगह डूबा रहा कचरे गंदगी कूड़ा करकट व मल मूत्र के पानी सड़क पर पसर गया नाली नाला जाम हो गये लेकिन पालिका प्रशासन की ओर से कोई उपाय नहीं किये गये जिम्मेदार अधिकारी व जनप्रतिनिधि भी मौके से गायब रहे इधर पांचवे दिन भी शिवनाथ नदी का रौद्र रूप शांत नहीं होने से भाटापारा बिलासपुर सड़क मार्ग सेमरिया घाट शिवनाथ नदी पुल के डूब जाने से यातायात बाधित रहा। शुक्रवार शाम तक सेमरिया घाट के पचास वर्ष से भी अधिक पुराने पुल के उपर से शिवनाथ नदी का पानी लगभग 5 फीट उपर बह रहा था जिसके कारण यातायात बाधित रहा। नारायणपुर, बैतलपुर, सरगांव, पथरिया, दगोरी, बिल्हा, मदकूद्वीप, बासीन, ठेलकी, दुधिया नवागांव, अमलडीहा, घुरसेना, मारो, पुटपुरा व गुंजेरा सहित अन्य पचास गांव के लोगों को घुमकर लंबा सफर तय करते हुये नांदघाट स्थित उच्च स्तरीय पुल के रास्ते भाटापारा की ओर आवाजाही करना पड़ा। वहीं अल सुबह से भारी बारिश के कारण शहर के स्कूलो मे छात्र-छात्राओं की उपस्थिति कम रही वहीं बरसात के चलते क्षेत्र मे विभिन्न मार्गो पर चलने वाली यात्री बसों मे भी यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या कमजोर रहीं।

छत्तीसगढ़ प्रदेश एमेच्योर बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेन्द्रन पेरिस ओलम्पिक में आब्जर्वर के रुप में भाग लेने हेतु रवाना हुए

समवेत शिखर न्यूज

रायपुर। इंटरनेशनल ओलम्पिक कमेटी द्वारा 33वीं ओलम्पिक खेल का आयोजन पेरिस (फ्रांस) में दिनांक 26 जुलाई से 11 अगस्त 2024 तक आयोजित किया जा रहा है। पेरिस ओलम्पिक खेल 2024 में भारत के 16 खेलों एथलेटिक्स, तिरंदाजी, बैडमिन्टन, बॉक्सिंग, घुड़सवारी, गोल्फ, हॉकी, जूडो, रोविंग, सेलिंग, शूटिंग, तैराकी, टेबल टेनिस, टेनिस, भारोत्तोलन एवं कुश्ती के 117 खिलाड़ी भाग ले रहे है। पेरिस ओलम्पिक खेल में बॉक्सिंग खेल का आयोजन दिनांक 27 जुलाई से 04 अगस्त 2024 तक आयोजित किया जा रहा है।

पेरिस ओलम्पिक खेल में छत्तीसगढ़ प्रदेश एमेच्योर बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री आर. राजेन्द्र को बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ़ इंडिया द्वारा पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। श्री आर. राजेन्द्रन दिनांक 25 जुलाई 2024 को रायपुर से दिल्ली होते हुये पेरिस के लिये रवाना हुये।श्री आर. राजेन्द्रन बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के सहसचिव भी है। श्री आर. राजेन्द्रन बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के इंटरनेशनल टेक्निकल ऑफिशल्स (ITO) क्वालीफाइड 2023, रिंग ऑफिसियल कमीशन (ROC) के डेपुटी चेयरमेन तथा टेक्निकल एवं रुल्स कमिशन के सचिव भी है।

श्री आर. राजेन्द्रन की इस उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ प्रदेश एमेच्योर बॉक्सिंग एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री जूड रॉड्रिक्स, उपाध्यक्ष डॉ. दुर्गेश अवस्थी, श्री नूतन सिंह ठाकुर, श्री नरेश डाकलिया, महासचिव श्री चूड़ामणि ठाकुर, सहसचिव श्री रंगनाथन, श्री नवीन दास, कोषाध्यक्ष श्री सुरेश एवं कार्यकारिणी सदस्य श्री सतीश यादव, वरिष्ठ बॉक्सर श्री लालमन यादव, श्री पी.के. राय, श्री कुलदीप सोनकर सहित छत्तीसगढ़ प्रदेश एमेच्योर बॉक्सिंग एसोसिएशन के समस्त जिलों/इकाई के अध्यक्ष सचिव एवं राज्य के खिलाड़ियों ने बधाई देते हुये अपनी अपनी शुभकामनाये प्रदान की।

पाठ्यक्रम में गौ सेवा से संबंधित विषय शामिल करने की मांग

मुख्यमंत्री से मिले मनोहर गौशाला के ट्रस्टी

समवेत शिखर न्यूज

रायपुर। मनोहर गौशाला के ट्रस्टी और जीव जंतु कल्याण बोर्ड भारत सरकार के मानद प्रतिनिधि अखिल जैन ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर स्कूलों के पाठ्यक्रम में गौ सेवा से संबंधित विषय शामिल करने की मांग की है। ज्ञापन में उन्होंने बताया कि नई सोच वाली नई पीढ़ी ही भविष्य को सकारात्मक बनाए रख सकता है। इसके लिए बच्चों को मानव सेवा, पर्यावरण सेवा, आर्थिक उत्सर्जन के स्रोत आदि की जानकारी से शिक्षित किया जाता है, लेकिन पशु सेवा, गौ सेवा के प्रति सहानुभूति विकसित नहीं किया जा रहा है। इसे करने से समृद्ध भारत की रूपरेखा तय की जा सकती है। स्कूलों के पाठ्यक्रम में यदि गौ सेवा को भी स्थान दिया गया तो बच्चों में पशुओं के प्रति नई परिकल्पना को जन्म दिया जा सकता है। इससे भविष्य में नए भारत का विकास संभव है। इस विचार पर मुख्यमंत्री ने सकारात्मक आश्वासन दिया है। उन्होंने जल्द ही इसके लिए पहल करने की बात कही है।

रिसर्च पेपर व गाय एक वरदान की भेंट

मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान सर्वप्रथम उन्होंने गोबर से बने वैदिक माला से मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इसके बाद गौशाला में होने वाले रिसर्च पेपर, गाय एक वरदान किताब, गोबर व किचन वेस्ट से बने मनोहर आर्गेनिक गोल्ड भेंट की। जैन ने गौशला में चल रहे रिसर्च और निर्माणाधीन पशु चिकित्सालय की जानकारी दी। साथ ही कामधेनू माता के दर्शन के लिए निमंत्रण दिया। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद केंद्रीय मंत्री प्रभारी ओडिशा बंगाल के उमेश चंद पोरवाल भी मौजूद थे।

5 महीने के बच्चे में विस्कॉट एल्ड्रिच सिंड्रोम का निदान किया गया, जो 10 लाख लड़कों में से 1 को प्रभावित करता है

बोन मैरो ट्रांसप्लांट से थैलेसीमिया, सिकल सेल एनीमिया और अन्य रक्त विकार तथा प्राथमिक प्रतिरक्षा कमियों जैसे रक्त विकारों का इलाज किया जा सकता है

समवेत शिखर न्यूज

रायपुर। 5 महीने के बच्चे कियांश की दुर्लभ आनुवंशिक बीमारी विस्कॉट एल्ड्रिच सिंड्रोम का इलाज किया गया। यह सिंड्रोम बच्चे की प्रतिरक्षा प्रणाली के समुचित कामकाज को प्रभावित करता है और प्लेटलेट्स के उत्पादन को बाधित करता है। इससे रोगियों में रक्तस्राव होने की अधिक संभावना होती है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ के अनुसार, हर 10 लाख लड़कों में से केवल 1 से 10 लड़कों में ही विस्कॉट-एल्ड्रिच सिंड्रोम होता है।जबलपुर में दुर्लभ आनुवंशिक रोग से पीड़ित बच्चे का बोन मैरो ट्रांसप्लांट से किया गया इलाज। वही दिल्ली के इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल में बोन मैरो ट्रांसप्लांट और सेलुलर थेरेपी विभाग के निदेशक डॉ. गौरव खार्या ने इलाज की पुष्टि करने के लिए आनुवंशिक परीक्षण किए और कियांश के लिए तत्काल स्टेम सेल ट्रांसप्लांट की सिफारिश की।

डॉ. खार्या बताते हैं, स्टेम सेल बोन मैरो में पाई जाने वाली बहुमुखी कोशिकाएँ हैं। उनमें विभिन्न विशिष्ट कोशिकाओं में विभेदित होने की उल्लेखनीय क्षमता होती है। वास्तव में, बोन मैरो ट्रांसप्लांट थैलेसीमिया, सिकल सेल एनीमिया और प्राथमिक प्रतिरक्षा कमियों जैसे कई रक्त विकारों को ठीक कर सकता है। और पिछले कुछ वर्षों में, उन्नत तकनीक और नई उपचार पद्धतियों के साथ, अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण की सफलता दर में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जो 90 प्रतिशत तक पहुँच गई है।

विस्कॉट-एल्ड्रिच सिंड्रोम वाले बच्चों में, टी कोशिकाएँ और बी कोशिकाएँ ठीक से काम नहीं करती हैं, जिससे वे गंभीर संक्रमणों के प्रति अतिसंवेदनशील हो जाते हैं। इसके अतिरिक्त, उनके शरीर को प्लेटलेट्स का उत्पादन करने में कठिनाई होती है, जो थक्के बनाने और अत्यधिक रक्तस्राव को रोकने के लिए महत्वपूर्ण हैं। यह रक्तस्राव त्वचा के नीचे, नाक, मसूड़ों, मुँह, मल त्याग और यहाँ तक कि मस्तिष्क में भी हो सकता है। इन बच्चों में ऑटोइम्यून हमलों का जोखिम भी अधिक होता है। हालाँकि आनुवंशिक त्रुटियों के कारण विस्कॉट-एल्ड्रिच सिंड्रोम जन्म से ही मौजूद होता है, लेकिन लक्षण बचपन में बाद में प्रकट हो सकते हैं। स्टेम सेल ट्रांसप्लांट, जिसे बोन मैरो ट्रांसप्लांट के रूप में भी जाना जाता है, एकमात्र उपलब्ध विकल्प है जो स्थायी इलाज की संभावना प्रदान करता है।

डॉ. गौरव खार्या इन विकारों के लिए शीघ्र निदान के महत्व पर जोर देते हैं। जब रोग का जल्दी पता चल जाता है, तो इसे अधिक प्रभावी ढंग से प्रबंधित किया जा सकता है। उपचार के परिणाम, विशेष रूप से अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण जैसी प्रक्रियाओं के लिए, तब काफी बेहतर होते हैं जब रोगी किसी भी जटिलता के उत्पन्न होने से पहले चिकित्सा सहायता लेते हैं।

स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी

सारंगढ़ में ब्लैकबोर्ड पर लिखा- 15 अगस्त से पहले फटेगा, 2 दिन पहले कांग्रेस नेता की हुई थी हत्या

समवेत शिखर संवाददाता

सारंगढ़। छत्तीसगढ़ के सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में सरकारी स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। अज्ञात आरोपी ने स्कूल की खिड़की से अंदर घुसकर ब्लैकबोर्ड पर लिखा है कि 'मैं इस गांव के सभी स्कूल को नष्ट कर दूंगा, बोइरडीह में एक भी स्कूल नहीं रहेगा, मैं प्राथमिक, माध्यमिक, उच्चतर स्कूल का नामों निशान मिटा दूंगा, तीनों स्कूल में 15 अगस्त से पहले बम फटेगा, तैयार रहें'।

इसकी जानकारी बोइरडीह स्कूल के प्रधान पाठक ने स्कूल समन्वयक झनझन पटेल और सरपंच मोतीलाल चौहान को दी। इसके बाद बरमकेला पुलिस को मामले की सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच कर रही है। दो दिन पहले ही स्कूल से करीब 5 किलोमीटर दूर कांग्रेस नेता की हत्या हुई थी।

बरमकेला क्षेत्र में स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी का यह पहला मामला है। इससे पहले स्कूलों में चोरी की घटनाएं हो चुकी है, लेकिन इस प्रकार से धमकी का मामला सामने नहीं आया था। इसीलिए बारीकी से जांच की जा रही है ताकि आरोपी का पता चल सके।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक देवीचंद श्रीश्रीमाल द्वारा समवेत शिखर प्रेस, रजबंधा मैदान, रायपुर से मुद्रित कर प्रकाशित। संपादक : देवीचंद श्रीश्रीमाल, प्रबंध संपादक : विवेक श्रीश्रीमाल, समाचार संपादक: शंकर चंद्राकर*
(* पीआरबी एक्ट के तहत संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार) आर.एन.आई. रजि. क्र.- 52151/91, पो. रजि. नं.-सीजी/आरवाईपी डी.एन./ 28/2020-22 फोन : 0771-4334967, Email : news@samvetshikhar.com, www.samvetshikhar.com

न्यूज ब्रीफ

कारगिल दिवस पर शहीदों को नमन किया गया

अर्जुन्दा। गौरवपूर्ण कारगिल विजय दिवस के अवसर पर अर्जुंदा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष श्री संतु राम पटेल के नेतृत्व में कारगिल चौक में भारतीय सेना के जवानों के शौर्य को नमन कर अमर बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख जनों ने कारगिल विजय के 25 वर्ष पूर्ण होने पर कहा कि कारगिल विजय दिवस भारतीय सैन्य इतिहास का वह सुनहरा पन्ना है जो हमें हमारे बहादुर जवानों के शौर्य, पराक्रम और बलिदान की याद दिलाता है। इस दौरान प्रमुख रूप से चंद्रहास देवांगन जी अध्यक्ष नगर पंचायत अर्जुंदा, दिलीप देशलहरा, मंगल राम साहू, हरि साहू, अनुभव शर्मा, परस बंजारे, लेखराम, सागर साहू राजू गुप्ता, राजू देवांगन, अज्जू ठाकुर, चित्रांश, आकाश सिन्हा, रूपेश मंडले, वीरेंद्र देशमुख, वामन साहू, सोनू, देवेंद्र यादव, महेश कुमार, टोमन साहू आदि उपस्थित थे।

गुण्डाधुर महाविद्यालय में कारगिल विजय दिवस पर वीर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

कोण्डागांव। छत्तीसगढ़ शासन एवं उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोंडागांव के प्राचार्य डॉ सी आर पटेल, शशिभूषण कन्नौजे रासेयो जिला संगठक कोंडागांव एवं समलेश पोटाई (कार्यक्रम अधिकारी रासेयो) के मार्गदर्शन में 26 जुलाई 2024 को महाविद्यालय में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। जिसमे वीर शहीद जवानों के स्मृति पर पुष्प एवं दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस अवसर पर 50 से ज्यादा छात्र छात्राएं एवं समस्त महाविद्यालयीन प्राध्यापकगण समेत राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक

मिलनसार, मददगार स्वभाव वाले गौरांग भइया की इलाज के दौरान मौत

बचेली/दंतेवाड़ा। लौह नगरी में अचानक मौत की खबर मिलने से क्षेत्र मे शोक व्यक्त करते लोग थक नहीं रहे हैं। मिलनसार, मददगार स्वभाव वाले नगर पालिका बचेली और बैलाडीला ट्रक ओनर एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष गौरांग साह जी का शुक्रवार को निधन हो गया है।

प्राप्त जानकारी अनुसार पिछले कुछ महिनों से अस्वस्थ होने से हैदराबाद तेलंगाना अस्पताल मे ईलाज हो रहा था कि तभी शुक्रवार को सुबह दस बजे के आसपास ईलाज के दौरान देह छोड़ प्राण त्याग दिये। स्वर्गीय गौरांग साह के मृत देह को लेकर परिवार हैदराबाद-बचेली के लिये निकल चुके हैं। उन्हें बचेली पहुंचने मे रात हो जायेगा, शनिवार को देह संस्कार पाढांपूर श्मशान में किया जाएगा।

एक पेड़ मां के नाम : मुस्लिम समाज ने किया वृक्षारोपण

समवेत शिखर संवाददाता

नारायणपुर। छत्तीसगढ़ शासन की महत्त्वपूर्ण योजना एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत मुस्लिम समाज नारायणपुर ने अंतागढ़ मार्ग में स्थित ईदगाह में वृहद वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर मुस्लिम समाज के अध्यक्ष एवं भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मोहम्मद फिरोज ने बतलाया कि छत्तीसगढ़ शासन के आव्हान पर अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्री शकील अहमद तथा बस्तर प्रभारी राजिया बेगम के आदेशानुसार मुस्लिम समाज एवं अल्पसंख्यक मोर्चा ने वृक्षारोपण किया। मुस्लिम समुदाय सदैव शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के साथ खड़ा है। मुस्लिमो में पेड़ लगाना मुस्लिम धर्म गुरु की सुन्नत (तरीका) में से एक है।इस योजना का हर समाज के व्यक्ति को राजनीति से परे रहकर सम्मान करना चाहिए। मुस्लिम समाज ने एक पेड़ मां के नाम जैसी योजना का शुभारंभ करने वाले प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय एवं श्री केदार कश्यप मंत्री वन एवं जलवायु परिवर्तन, संसदीय कार्य के प्रति आभार प्रकट किया गया। वृक्षारोपण के दौरान मुख्य रूप से मुस्लिम समाज अध्यक्ष व भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मोहम्मद फिरोज, जिला अल्प संख्यक मोर्चा अध्यक्ष हाजी जावेद भाई,हाफिज रब्बानी सहाब, भाजपा राष्ट्रीय मुस्लिम मंच अध्यक्ष सिराज कुरैशी,मोहम्मद हुसैन,सचिव रिजवान फारूखी,हसनैन खान, इकबाल कुरैशी ,अख्तर अली,सहारूक खान,तस्लीम भाई,अजहर भाई,रियाज खान,इमरान खान,आबिद मेमन,ताहिर खान की गरिमामय उपस्थिति रही ।

श्री गुरुजी प्रभात प्रोढ शाखा के स्वयंसेवकों ने कारगिल विजय दिवस मनाया

समवेत शिखर संवाददाता

नारायणपुर। कारगिल विजय दिवस के 25 वर्ष पूर्ण होने पर श्री गुरुजी प्रभात प्रोढ शाखा के स्वयंसेवकों ने कारगिल विजय दिवस मनाया। इस अवसर पर शाखा में श्री नारायण प्रसाद साहू का कारगिल युद्ध के ऊपर उद्बोधन प्राप्त हुआ। शाखा उपरांत सभी स्वयंसेवक बंधुओ के द्वारा शहर के हृदय स्थल जय स्तंभ चौक पर कारगिल युद्ध में शहीद हुए हमारे वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी गई । इस अवसर पर प्रमुख रूप से गौतम गोलछा, नवीन जैन, विजय राज मिश्रा, हूमन लाल साहू ,नारायण प्रसाद साहू ,मनीष साहू, मनीष ठावरे ,विपुल सरकार , मोहन सोनी ,राजेश सिंह चौहान, रामलाल साहू , नरेंद्र मेश्राम ,सरदार जोगेन्द्रसिह सहित शाखा के सभी स्वयंसेवक बंधु उपस्थित रहे ।

आत्मानंद की हेड गर्ल बनी दर्शिता, रौनक बने हेड ब्वॉय

समवेत शिखर संवाददाता

जगदलपुर। सेजेस बस्तर में मतदान प्रक्रिया द्वारा हेड गर्ल एवं हेड ब्वॉय सहित अन्य पदाधिकारियो का चयन हुआ सेजेस बस्तर में आज निष्पक्ष तरीके से हेड गर्ल एवं हेड ब्वॉय सहित कैप्टन व वाइस कैप्टन का चयन किया गया जिसमें हायर सेकेंडरी स्तर के सभी विद्यार्थी चुनाव प्रक्रिया में शामिल हुए एवं निष्पक्ष रूप से हेड गर्ल हेतु दर्शिता तिवारी एवं हेड ब्वॉय हेतु रौनक विश्वकर्मा का चयन हुआ । साथ ही ग्रीन, ब्लू, रेड एवं येलो ग्रुप के लिए कैप्टन एवं वाइस कैप्टन का भी चयन किया गया जिसमें ग्रीन हाउस के लिए कैप्टन आन्या मिश्रा,वाइस कैप्टन आयुष जोशी, ब्लू ग्रुप के लिए कैप्टन विनीता बघेल, वाइस कैप्टन शौर्य मिश्रा रेड ग्रुप के लिए कैप्टन निहारिका साहू , वाइस कैप्टन पौलेश नान्हे एवं येलो ग्रुप के लिए कप्तान ममता नेताम, वाइस कैप्टन लोकेंद्र कश्यप निर्विरोध निर्वाचित हुए। उक्त प्रक्रिया को सम्पन्न कराने में प्राचार्य मनोज सिंह ने बच्चों को प्रोत्साहित भी किया। उपरोक्त चुनाव के लिए भार्गव पांडे नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए थे।

गोदाम से मोबाइल एवं फेन चोरी करने वाले आरोपी गिरफ्तार

समवेत शिखर संवाददाता

जगदलपुर। पुलिस अधीक्षक, श्री शलभ कुमार सिन्हा के मार्ग दर्शन में लगातार अपराधिक तत्वों पर कार्यवाही की जा रही है। साईनाथ रोडवेज धरमपुरा एसबीआई के सामने जगदलपुर में गोदाम से चोरी करने वाले आरोपियों को पकड़ने में सफलता मिली है। ज्ञात हो कि प्रार्थी सुनील हिन्दुजा निवासी इंदिरा वार्ड मोतीतालाब पारा जगदलपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 20.04.2024 के 14:00 बजे प्रार्थी अपने गोदाम से घर खाना खाने गया था। वापस खाना खाकर 15:00 बजे गोदाम आया तो देखा एक मोबाईल का कार्टून गोदाम में नही था। एक कार्टून में 18 नग ढ्ढह्स्नढ्ढह्लढ्ढङ्ग कम्पनी का मोबाईल कीमती 143982 रूपये नहीं था। जिसे किसी अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है कि प्रार्थी के रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर, अनुसंधान में लिया गया।

प्रकरण में पुलिस अधीक्षक, श्री शलभ कुमार सिन्हा, अति. पुलिस अधीक्षक श्री माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री दिलीप कोसले के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कोतवाली सुरेश जांगड़े के नेतृत्व में टीम गठित कर अनुसंधान में लिया गया। अनुसंधान दौरान टीम द्वारा प्रार्थी व गवाहो से पुछताछ उपरांत तकनीकी साक्ष्य के आधार पर एक संदेही को पकड़कर, पुछताछ करने पर अपना नाम कुरूमुजू अनिल राव निवासी बालाजी वार्ड जगदलपुर का रहने वाला और सांईनाथ रोडवेज धरमपुरा एसबीआई के सामने सुनील हिन्दुजा के गोदाम में 10 हजार की वेतन पर काम करता था जिससे जरूरत पुरी नही होने से गोदाम में चोरी करता था।

खेल-व्यापार-मनोरंजन

लंका में चमक बिखेरने को तैयार सूर्या एंड कंपनी

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम इन दिनों श्रीलंका के दौरे पर है। इस दौरान दोनों टीमों के बीच 3 टी20 मैचों की सीरीज खेली जारी है। टी20 सीरीज का 27 जुलाई से आगाज होगा। पहला मैच पल्लेकेले इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। सूर्यकुमार यादव को भारतीय टी20 टीम की कमान सौंपी गई है। ऐसे में स्काई की कोशिश हर हाल में जीत के साथ सीरीज का आगाज करने पर होगी। चरिथ असलंका की कप्तानी वाली टीम की नजर भी जीत पर होगी।

भारतीय टीम का पलड़ा भारी : भारत और श्रीलंका के बीच टी20 में हेड टू हेड के आंकड़ों पर नजर डालें तो भारतीय टीम का पलड़ा भारी है। दोनों टीमों के बीच अब तक 29 मुकाबले खेले गए हैं। इस दौरान भारतीय टीम ने 19 मैच जीते हैं। इसके अलावा टीम को 9 मैच में हार का सामना भी करना पड़ा है। दोनों टीमों के बीच 1 मैच बेनतीजा भी रहा है। पल्लेकेले स्टेडियम में दोनों टीमों के बीच 1 मैच खेला गया है। भारतीय टीम ने यह मैच अपने नाम किया है। श्रीलंका में दोनों टीमों के बीच 8 टी20 खेले गए हैं। इस दौरान भारतीय टीम ने 5 और श्रीलंका ने 3 पर कब्जा जमाया है। सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), यशस्वी जयसवाल, रिंकू सिंह, रियान पराग, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई , अर्शदीप सिंह, खलील अहमद, मोहम्मद सिराज।

बांग्लादेश को 10 से विकेट से रौंदकर भारत पहुंचा फाइनल में, स्मृति मंधाना की अर्धशतकीय पारी

नई दिल्ली। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने बांग्लादेश को सेमीफाइनल में हराकर एशिया कप 2024 के फाइनल में अपनी एंट्री कर ली है। इस दौरान हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में भारतीय महिला टीम ने बांग्लादेश को 10 विकेट से मात दी। वहीं अब फाइनल में भारत का सामना पाकिस्तान या श्रीलंका में से किसी एक टीम के साथ होगा। दूसरे सेमीफाइनल में श्रीलंका और पाकिस्तान आपस में भिड़ेंगी।

महिला एशिया कप 2024 के पहले सेमीफाइनल में भारत ने रेणुका सिंह और राधा यादव की बेहतरीन गेंदबाजी और शेफाली वर्मा (नाबाद 26 रन) और स्मृति मंधाना (नाबाद 55 रन) के दम पर बांग्लादेश टीम को हरा दिया। इस मैच में बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की जो कि बाद में गलत फैसला हुआ। टीम ने 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर महज 80 रन ही बनाए। जिसके बाद भारत ने 81 रन का आसान लक्ष्य बिना विकेट गंवाए 11वें ओवर में ही हासिल कर लिया था। भारत ने टी20 फॉर्मेट में पहली बार बांग्लादेश को 10 विकेट से हराया है जबकि इस प्रारूप में भारत को 4 साल के बाद 10 विकेट से जीत मिली। भारत की ओपनर बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने सेमीफाइनल मैच में बेहद धैर्य के साथ नाबाद अर्धशतकीय पारी खेली और टीम को जीत दिलाकर वापसी लौटीं। मंधाना का साथ शेफाी वर्मा ने शानदार तरीके से निभाया और वो भी 28 गेंदों पर 2 चौकों की मदद से 26 रन बनाकर नाबाद रहीं। वहीं मंधाना ने इस अहम मुकाबले में एक छक्के और 9 चौकों की मदद से 39 गेंदों पर नाबाद 55 रन बनाए। दूसरी तरफ इस मुकाबले में भारतीय गेंदबाजों की तरफ से बेहतरीन गेंदबाजी देखने को मिली। रेणुका सिंह और राधा यादव ने निभाई। रेणुका सिंह ने इस मैच में 4 ओवर में 10 रन देकर 3 विकेट लिए और एक ओवर मेडन फेंका तो वहीं राधा यादव ने भी गजब की गेंदबाजी की और 4 ओवर में 14 रन देकर 3 विकेट लिए और एक ओवर मेडन फेंका।

पूजा वस्त्रकार और दिप्ती शर्मा को भी एक-एक सफलता मिली। बांग्लादेश की तरफ से निगार सुल्ताना ने 32 रन जबकि शोरना अख्तर ने नाबाद 19 रन की पारी खेली। इस टीम ने अन्य बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू पाए।

करिश्मा कपूर ने 'इंडियाज़ बेस्ट डांसर- सीज़न 4' के प्रतियोगी दिब्यज्योति नाइक को 'एंटरटेनर नंबर 1' कहा

मुंबई। इस वीकेंड, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न के होमग्रोम डांस रियलिटी शो, 'इंडियाज़ बेस्ट डांसर- सीज़न 4' के 'मेगा ऑडिशन' में, प्रतियोगी 'बेस्ट बारह' में अपनी जगह बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। 'ईएनटी' विशेषज्ञ- करिश्मा कपूर, गीता कपूर और टेरेंस लुईस प्रभावित होने के लिए तैयार हैं, और वे ध्यानपूर्वक सर्वोत्तम प्रतिभाओं को चुनेंगे जो शो में आगे बढ़ेंगी और एक रोमांचक सीज़न के लिए मंच तैयार करेंगी। ऑडिशन राउंड के दौरान, शो के होस्ट जय भानुशाली ने कटक, ओडिशा के 28 वर्षीय दिब्यज्योति नाइक को दर्शकों के बीच देखा। उन्हें जजेस के सामने परफॉर्म करने का अवसर दिया गया, जिसमें दिब्यज्योति ने मंच पर अपनी छाप छोड़ी और जजों को प्रभावित किया, जिन्होंने उनके एक्ट को 'मज़ेदार, मनोरंजक और नया' बताया। मेगा ऑडिशन के लिए, दिब्यज्योति फिल्म 'कभी खुशी कभी गम' के गाने 'सूरज हुआ मद्धम' में बॉलिवुड और पॉपिंग को समाहित करके अपनी अनूठी कोरियोग्राफ़ी से पुन÷ मंच पर छा जाएँगे। उनकी परफॉर्मेंस ने जज करिश्मा कपूर को यह एक्ट देखते समय उनके साथ डांस करने के लिए मजबूर कर दिया। करिश्मा कपूर उनकी तारीफ करते हुए कहती हैं, ÷मेरे लिए, आप 'एंटरटेनर नंबर 1' हैं! आपकी डांसिंग में मौजूद ह्यूमर, अनुग्रह और स्टाइल सराहनीय है.. हैट्स ऑफ! करिश्मा ने दिब्यज्योति को एक प्यारा सा 'लोलो लव्स' भी दिया। बाद में, टेरेंस लुईस ने करिश्मा को मंच पर दिब्यज्योति के साथ शामिल होने के लिए प्रेरित किया और उनके अनुरोध को मानते हुए, वे फिल्म 'साजन चले ससुराल' के गाने 'दिल जाने जिगर तुझ पे' पर डांस करेंगे।

'सैम बहादुर' के वर्ल्ड टेलीविज़न प्रीमियर में देखिए भारत के सबसे महान सैनिक की कहानी, सिर्फ ज़ी सिनेमा पर

मुंबई। इस साल, जहाँ हम कारगिल विजय दिवस के 25 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं, जो हमारे सैनिकों के अदम्य साहस और बलिदान को याद करने का दिन है, वहीं ज़ी सिनेमा गर्व से भारत के सबसे महान सैनिकों में से एक सैम मानेकशॉ को श्रद्धांजलि दे रहा है। फिल्म 'सैम बहादुर' के वर्ल्ड टेलीविज़न प्रीमियर में महान जनरल सैम मानेकशॉ की वीरता, नेतृत्व और समर्पण का सफर देखने के लिए तैयार हो जाइए। समीक्षकों द्वारा बेहद सराही गई फिल्मों- 'उरी' और 'राज़ी' के निर्माताओं की ओर से पेश की गई फिल्म 'सैम बहादुर', साहस और देशभक्ति की एक और बेमिसाल कहानी है, जिसमें विक्की कौशल ने मुख्य भूमिका निभाई है। इस फिल्म का निर्देशन मेघना गुलज़ार ने किया है, जिसका प्रीमियर आपके टीवी स्क्रीन पर रविवार, 28 जुलाई को दोपहर 12 बजे और रात 9 बजे, सिर्फ़ ज़ी सिनेमा होगा। इस फिल्म में सान्या मल्होत्रा और फातिमा सना शेख ने भी शानदार भूमिकाएँ निभाई हैं। 'सैम बहादुर' भारत के चहेते वॉर जनरल सैम मानेकशॉ की सच्ची वीरता और शौर्य को सामने लाती है। अपनी रणनीतिक प्रतिभा और अडिग नेतृत्व के लिए मशहूर जनरल मानेकशॉ ने भारत के सैन्य इतिहास को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, खासकर 1971 के भारत-पाक युद्ध के दौरान। फिल्म सैम बहादुर उनके शुरुआती दिनों से लेकर भारत के पहले फील्ड मार्शल बनने तक के उनके उल्लेखनीय सफर का सच्चा सार प्रस्तुत करती है।

एसएंडए लॉ ऑफिसिज़ ने रायपुर के युवा प्रतिभाओं को दिया मंच

रायपुर। एसएंडए लॉ ऑफिसिज़ ने अपने 2024 कैंपस हायरिंग ड्राइव का सफलतापूर्वक समापन किया है, जिसमें देश भर के प्रतिष्ठित लॉ कॉलेजों से 13 होनहार छात्रों को नियुक्त किया गया है। ये नए एसोसिएट्स विवाद समाधान, कॉर्पोरेट लॉ और मुकदमेबाजी जैसे अलग-अलग कानूनी क्षेत्रों में शामिल होंगे, जो एसएंडए लॉ ऑफिसिज़ की नए लॉ प्रोफेशनल्स को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता हैं।

इन प्रतिभाशाली युवाओं का चयन देश के प्रमुख लॉ कॉलेजों जैसे नैशनल लॉ यूनिवर्सिटी ऑफ़ ओडिशा, गुजरात नैशनल लॉ यूनिवर्सिटी, नैशनल लॉ इंस्टीट्यूट यूनिवर्सिटी भोपाल, सिम्बायोसिस लॉ स्कूल पुणे, हिदायतुल्लाह नैशनल लॉ यूनिवर्सिटी रायपुर, राजीव गांधी नैशनल यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ पंजाब और गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय दिल्ली से किया गया। इस कैंपस हायरिंग ड्राइवपर बोलते हुए, एसएंडए लॉ ऑफिसिज़ की साझा प्रबंधक पार्टनर (जॉइंट मैनेजिंग पार्टनर) गुनीता पाहवा ने कहा-हमें इन होनहार छात्रों को अपनी टीम में शामिल करके बहुत खुशी हो रही है। इस साल की हायरिंग से पता चलता है कि हम कानून के क्षेत्र के भविष्य में निवेश कर रहे हैं। हमें यकीन है कि ये नए साथी नए विचार लाएंगे और हमारी कंपनी की सफलता में मदद करेंगे।

एसएंडए लॉ ऑफिसिज़ हमेशा से अपने यहाँ के लोगों को आगे बढ़ाने में विश्वास रखता है। कंपनी का मानना है कि भविष्य उन लोगों का है जो आज से ही उसकी तैयारी करते हैं। कंपनी सभी तरह के लोगों को साथ लेकर चलने और हर किसी को आगे बढ़ने का मौका देने में विश्वास रखती है। एसएंडए लॉऑफिसिज़ भारत की एक प्रमुख पूर्ण-सेवा कानूनी फर्म है, जिसमें अनुभवी और कुशल वकील शामिल हैं। फर्म देश भर में रणनीतिक रूप से स्थित कार्यालयोंके साथ विभिन्न कानूनी क्षेत्रों में व्यापक कानूनी सहायता प्रदान करती है। एसएंडएलॉ ऑफिसेज ने वैकल्पिक विवाद समाधान (एडीआर) में एक विशेष स्थान बनाया है। इसके अतिरिक्त, हम मुकदमेबाजी, कॉरपोरेट और संबंध कानून, दिवाला और दिवालियापन संहिता (आईबीसी), बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर), अप्रत्यक्षकर, सीमा शुल्क और व्यापार कानून, और ऊर्जा कानून के लिए मान्यता प्राप्त हैं।

एसएंडए लॉ ऑफिसिज़ में 300 से अधिक पेशेवर शामिल हैं, जिनमें अनुभवी वकील, चार्टर्ड एकाउंटेंट, कंपनी सचिव, पेटेंट एजेंट और उद्योग-विशिष्ट पेशेवर शामिल हैं। हम उत्कृष्ट समय सीमा, प्रतिस्पर्धी शुल्क और प्रत्येक मामले पर बहुत ध्यान के साथ गुणवत्तापूर्ण कानूनी सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

बंधन बैंक का कुल कारोबार 22% बढ़कर हुआ 2.59 लाख करोड़ रुपए

नई दिल्ली। बंधन बैंक ने वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही के लिए अपने वित्तीय परिणामों की घोषणा की। बैंक का कुल कारोबार 22त्न बढ़कर 2.59 लाख करोड़ रुपए पर पहुँच गया। कुल जमा में अब बैंक की खुदरा हिस्सेदारी लगभग 69त्न है। पिछली तिमाही में देखी गई उत्साहजनक बढ़त वितरण, व्यावसायिक दक्षता और अनुकूल परिचालन वातावरण में इसके विस्तार से प्रेरित है।

बैंक अब भारत में 6,300 बैंकिंग आउटलेट के माध्यम से 3.44 करोड़ से अधिक ग्राहकों को सेवाएँ प्रदान करता है। बंधन बैंक में कार्यरत कर्मचारियों की कुल संख्या अब लगभग 77,500 है। वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही के दौरान बैंक की जमाराशि में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 23त्न की बढ़त हुई। कुल जमाराशि अब 1.33 लाख करोड़ रुपए हो गई है, जबकि कुल एडवांस 1.26 लाख करोड़ रुपए हैं। चालू खाता और बचत खाता (सीएएसए) अनुपात समग्र जमाराशि के 33.4% है। बैंक की स्थिरता का सूचक पूँजी पर्याप्तता अनुपात (सीएआर) 15.7% है, जो विनियामक आवश्यकता से अधिक है। बैंक के एमडी और सीईओ रतन कुमार केश ने कहा, साल की पहली तिमाही हमारे कारोबारी प्रदर्शन का प्रमाण है, जिसे हम पूरे साल बनाए रखना चाहते हैं। हमने प्रमुख मापदंडों में स्थिरता और वृद्धि का प्रदर्शन किया है।

Bandhan Bank

न्यूज ब्रीफ

लाइसेंस धारी दुकानदार की ली बैठक

पत्थलगांव। पत्थलगांव लाइसेंस धारी दुकानदार की बैठक लेकर किसानों को उचित दर में रासायनिक खाद कीटनाशक दवाई देने दिए गए निर्देश। शुक्रवार को अनुविभागीय कृषि अधिकारी राकेश पैंकरा एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी जीवन एक्का ने पत्थलगांव के विकास खण्ड के समस्त रासायनिक खाद कीटनाशक एवं बीज लाइसेंस धारी दुकानदारो की बैठक लेकर उन्हें आवश्यक दिशानिर्देश देते हुए किसानो को उचित दर पर रासायनिक खाद व कीटनाशक दवाई का वितरण करने के लिए कहा गया। इस मौके पे व्यापारि अनिल अग्रवाल, अशीष अग्रवाल, कुश महतो, गौरव शर्मा, सहित अन्य ब्यापारी मौजूद रहे।

जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन

कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के दिए निर्देश, जनसमस्या निवारण शिविर में आमजन को मिला लाभ, विभिन्न विभागों ने लगाए स्टॉल

शिविर में एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत पौधारोपण भी किया गया

समवेत शिखर संवाददाता

सक्ती। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप आमजन को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ दिलाने तथा उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में सक्ती विकासखंड के ग्राम पंचायत नगरदा में आज जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया।

विकासखंड सक्ती अंतर्गत हायर सेकण्ड्री स्कूल नगरदा में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित 159 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमे 48 आवेदनों का मौके पर ही त्वरित निराकरण किया गया तथा शेष आवेदनों का जल्द से जल्द निराकरण किया जायेगा।

शिविर स्थल पर विभागों द्वारा अपने-अपने विभागों में संचालित जनहितकारी योजनाओं की बारी-बारी से जानकारी दी गई जिससे आमजन लाभान्वित हुए। इसके साथ ही इस अवसर पर उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, अधिकारियों कर्मचारियों और आमजनों द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत बेटियों के अधिकारों की जागरूकता के लिए शपथ भी लिया गया।

शिविर स्थल पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित योजना आजीविका मिशन अंतर्गत चक्रीय निधि, सामुदायिक निवेश निधि व बैंक ऋण का वितरण किया गया। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा शिविर स्थल पर मेडिकल बोर्ड लगाकर आमजन को लाभान्वित किया गया। इसी तरह महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अन्नप्राशन, गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कृषि विभाग द्वारा हितग्राहियों को पंप, कीटनाशक दवा वितरण एवं पशुधन विकास विभाग द्वारा दवाई वितरण और उद्यान विभाग द्वारा पौधों का वितरण भी किया गया। इसके साथ ही इस अवसर पर एक पेड़ माँ के नाम अंतर्गत पौधरोपण भी किया गया। आज नगरदा में आयोजित दूसरे जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में बड़ी संख्या में आमजन शामिल हुए।

जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में सभापति कृषि स्थायी समिति श्रीमती विद्या सिदार ने कहा कि आमलोंगों की समस्याओं का निराकरण करने के लिए जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में विभागीय स्टॉल भी लगाये गए है जहाँ विभिन्न योजनाओं से संबंधित लोगों की समस्याओं का निराकरण और योजनाओं की जानकारी भी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में आमजन की सुविधा के लिए जिले के सभी विकासखंड अंतर्गत विभिन्न चिन्हांकित स्थलों में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने सभी लोंगों से जिला स्तरीय शिविर का ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने कहा की यह शिविर लोंगों के लिए विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं के हल के लिए एक अवसर है जहां आमजन अपनी समस्या अपने विकासखंड के नजदीक निर्धारित स्थल पर पहुँचकर रख सकते है। जिला कलेक्टर की उपस्थिति में आज दूसरा जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित है। उन्होंने कहा की आमलोंगों की समस्याओं का निराकरण करने के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने नगरदा में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन करने के लिए धन्यवाद दिया। इसी तरह कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो ने कहा कि जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का उद्देश्य आमलोंगों की समस्या सुनकर उसका तेजी से निराकरण करना है।

कलेक्टर ने ली आदिवासी विकास विभाग की समीक्षा बैठक

समवेत शिखर संवाददाता

जांजगीर-चांपा। कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने आज कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में आदिवासी विकास कार्यालय की समीक्षा बैठक ली।

बैठक में कलेक्टर ने छात्रावास आश्रमों के स्वीकृत सीट के अनुसार प्राप्त आवेदनों पर कार्यवाही करते शत प्रतिशत प्रवेश की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने छात्रावास में निवासरत विद्यार्थियों का शिक्षा गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने कहा। उन्होंने बच्चों को पढ़ाई के प्रति मोटिवेट करने व परीक्षा परिणाम की विकासखंड वार जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा सभी छात्रावासों में स्वच्छ पेयजल, गुणवत्तायुक्त भोजन, सभी छात्रावासों के खिड़कियों में जाली लगाने, छात्रावास परिसर की साफ-सफाई कराने सहित सर्व सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। उन्होंने कहा कि सभी कन्या छात्रावासों में सीसी टीव्ही कैमरा शत प्रतिशत चालू हालत में रहें इसका ध्यान रखें। कलेक्टर ने डेगु, मलेरिया के बचाव के लिए परिसर की श्रमदान अभियान चलाकर साफ-सफाई कराने एवं जहां पानी का ठहराव है या पानी जमा हो रहा है वहां मिट्टी तेल, इंजन आयल एवं अन्य लार्वा रोधी पदार्थों का छिड़काव करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने चिन्हांकित मृत वन अधिकार पत्र धारकों को फौती नामांतरण पूरा करने के साथ नामांतरण पंजी में दर्ज करते हुए वन अधिकार पत्रों को अभिखित करने के साथ संबंधित विभाग को एक प्रति प्रेषित करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए गए है। इसके साथ ही उन्होंने वन अधिकार पट्टा के लंबित प्रकरणों का निराकरण करते हुए सामुदायिक वन संसाधन अधिकार, वन अधिकार अंतर्गत चिन्हांकित ग्रामों में से मॉडल के रूप में विकसित करने कहा। इसके साथ ही बैठक में विभाग में संचालित समस्त योजनाओं का समीक्षा करते हुए अपूर्ण कार्यो को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये।

उन्होंने संस्था अंतर्गत समस्त पंजियो का संधारण करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने जिले में संचालित समस्त छात्रावास आश्रमों में निवासरत छात्र, छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण नियमित रूप से कराये जाने, साफ-सफाई बनाए रखने पोषण वाटिका विकसित करने के निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त कलेक्टर एवं प्रभारी सहायक आयुक्त श्रीमती निशा नेताम मंडावी सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

जिला के भूतपूर्व सैनिकों ने मनाया कारगिल विजय दिवस

समवेत शिखर संवाददाता

जांजगीर। आज पूर्व सैनिक कल्याण संघ ने कचहरी चौक स्थित शहीद स्मारक में श्रद्धा सुमन के साथ कारगिल विजय दिवस मनाया,जो 26 जुलाई 1999 को भारत और पाकिस्तान के युद्ध में पाकिस्तान को पराजित कर विजय प्राप्त किया था, उस क्षण को याद कर वीर योद्धा जो अपने प्रणो की आहुति देकर विजय प्राप्त किया उनके याद 26 जुलाई को पूरे देश में कारगिल विजय दिवस मनाया जाता है, इस खास अवसर पर पूर्व सैनिको के द्वारा शहीद स्मारक में अनेको कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री आकाश छिकारा (जिला कलेक्टर) वेद साहब (अपर कलेक्टर) विशिष्ट अतिथि श्री नारायण चंदेल, गुलाब चंदेल, चुन्नी लाल साहु,रवि पाण्डेय विवेका गोपाल,नवीन राठौर, मनोज अग्रवाल मुकेश झा चुन्नी राठौर विकास सिंह प्रमोद मिश्रा कार्यक्रम में शहीद स्मारक(वीर जवान)पर पुष्प अर्पित कर महादीप प्रज्वलित कर हमारे वीर योद्धा शहीदों को याद कर नमन किया गया तत्पश्चात राष्ट्रीय गान और भारत माता के जयकारे के साथ श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। कारगिल युद्ध में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से लव सिंह राणा, जवाहर यादव भूतपूर्व सैनिक संघ जिलाध्यक्ष असीमधर दीवान, पवन सिंह ठाकुर लक्ष्मी देवांगन रोहित सारथी राजेन्द्र कुमार पाण्डेय एस के श्रीवास अमित कुमार मून मदन मोहन पटेल अनुज कश्यप मनोज खूंटे अरुण यादव बैजनाथ राठौर गंगा राम शंकर लाल भरत साहु मनोज पटेल परदेसी कहरा प्रवीण राठौर सतीश कश्यप हितेश साहू जितेंद्र सिंह राकेश राठौर पंकज तिवारी जितेंद्र साहू ओम प्रकाश शशि राणा सिंह राजपूत राजकुमार साहू सत्यप्रिया दिनकर भागीरथी भागवत कश्यप एम एम सिंह ओमकार जयसवाल जितेंद्र चंद्रा पूनम पटेल अशोक राठौर सुखसागर वी के यादव रामअवतार कश्यप जिले के सभी भूतपूर्व सैनिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिले के गणमान्य नागरिक गौतम दुबे किशोर कुलदीप श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

बोईदा रासेयो ने कारगिल विजय दिवस मनाया

हरदीबाजार। बोईदा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं खेल एवं युवा कल्याण मंत्रालय दिल्ली व क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल के निर्देशक डॉ अशोक कुमार श्रोती, राज्य राष्ट्रीय सेवा योजनाअधिकारी डॉ.नीता बाजपेयी व अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर के कार्यक्रम समन्वयक डॉ मनोज सिन्हा व जिला संगठक वाई के तिवारी के निर्देशन में तथा, प्राचार्य लखन लाल बंजारे के संरक्षण में व कार्यक्रम अधिकारी राजेंद्र कुमार नायक के मुख्य मार्गदर्शन व शासन प्रशासन के निर्देशन में बोईदा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आज विद्यालय में कारगिल विजय दिवस 26 जुलाई 1999 में भारतीय सेवा के वीर जवानों ने टाइगर हिल, पॉइंट 4875, पॉइंट 5140 समेत सभी पहाड़ी चोटियों को पाकिस्तान सेना के कब्जे से आजाद कराकर कारगिल युद्ध जीत लिया था यह तारीख भारत की पाकिस्तान पर जीत और हमारे जवानों के बहादुरी की गाथाओं का प्रतीक है और उनके त्याग बलिदान और देशभक्ति भावनाओं को हमेशा नमन सलाम करते हुए प्रत्येक वर्ष उनके शांति संवेदना भाव को हृदय से लगाकर प्रत्येक वर्ष 26 जुलाई को उनके अमर याद पर कारगिल विजय दिवस मानते हैं इस अवसर पर अमर शहीदों को याद करते हुए गोष्ठी मै विस्तार पूर्वक जानकारी देने के साथ अमर शहीद जवानों को विनम्र श्रद्धांजलि दिया गया इस अवसर पर प्राचार्य लखन लाल बंजारे, कार्यक्रम अधिकारी राजेंद्र कुमार नायक राष्ट्रीय सेवा योजना, संजय पांडेय, विरेंद्र कुर्रे, देवी दयाल सिंह, जितेंद्र कुमार नेटी, सेत कुमार सांड, भारती सिंह तोमर, निहारिका ईम्मानुएल, छाया रानी, शिवनारायण जगत, रजनीश कुमार पटनवार, किरण जांगड़े, श्याम मरावी के साथ स्वयंसेवक नंदिनी ओग्रे, रितु पटेल, माया पोर्ते, ममता महिलांगे पूजा पोतेंअंजू रानी, प्रीति बघेल, महिमा कुर्रे, कृष्णा पटेल, आकाश पटेल, विवेक खुसरो, धनेश्वर पटेल, खिलेंद्र मरावी, भावना केवट, प्रज्ञा श्रीवास, नंदकुमार पटेल, स्नेहा पटेल, आराधना पटेल, दुर्गा पटेल, रजनी मरकाम, धनेश्वरी, चंचल, मंजूषा, शालिनी ओग्रे के साथ समस्त स्वयंसेवक एवं विद्यालय के छात्र-छात्रा व स्टाफ उपस्थित रहे

विकास के लिए दस करोड़ की मिली स्वीकृति

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने की बड़ी पहल पर प्रसिद्ध पर्यटन स्थल मयाली नेचर कैम्प स्वदेश दर्शन योजना में शामिल

समवेत शिखर संवाददाता

पत्थलगांव/कुनकुरी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल से जिले के प्रसिद्ध प्राकृतिक व धार्मिक पर्यटन स्थल मयाली को पर्यटन विभाग ने स्वदेश दर्शन योजना के दूसरे चरण में शामिल कर लिया है। इस योजना में शामिल हो जाने से पर्यटन स्थल में बुनियादी सुविधाओं का विकास तेजी से हो सकेगा। साथ ही इसके प्रचार प्रसार होने से यहां पर्यटकों की हलचल बढ़ने की संभावना भी है। उल्लेखनिय है कि मयाली नेचर कैम्प,जिले के कुनकुरी ब्लाक में चराईडांड़ बगीचा स्टेट हाईवे में स्थित है। बेलसोंगा डेम और एशिया की सबसे उंचा शिवलिंग माना जाने वाला मधेश्वर पहाड़ का विहंगम मनमोहक दृश्य पर्यटकों को घंटों समय व्यतीत करने का अवसर देता है। वनविभाग ने इस स्थल पर पर्यटकों की सुविधा के लिए टेंट की व्यवस्था भी की है। इन टेंट हाउस में डेम के किनारे,हरियाली से भरे हुए प्राकृतिक स्थल पर रात्रि विश्राम का परिवार के साथ आनंद उठाने के लिए भारी संख्या में पर्यटक जुटते हैं। विशेष कर विकेंड के दिनों में यहां पर्यटकों की हलचल अधिक रहती है। पर्यटकों को मयाली नेचर कैंप में बोटिंग का आनंद उठाने की सुविधा भी दी गई है। इसके लिए गाइड के साथ सुरक्षा के सभी इंतजाम किये गए हैं। राज्य सरकार के सहयोग से मयाली नेचर कैम्प में कैकट्स गार्डन का विकास भी किया जा रहा है। इस विशेष गार्डन में देश भर में पाएं जाने वाले कैक्ट्स की प्रजातियों को समेटा गया है ताकि युवा पीढ़ी कैम्टस से भली भांति परिचित हो सके। इसका एक उद्देश्य लोगों को बायोडायर्वसिटी और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना भी है।

***विकास के लिए दस करोड़ की स्वीकृति** - स्वदेश दर्शन योजना में शामिल करने के साथ ही पर्यटन विभाग ने मयाली के विकास के लिए 10 करोड़ रूपये की स्वीकृति प्रदान की है। इसके लिए जिला स्तरीय संचालन समिति का गठन करते हुए,विकास के लिए एक्शन प्लान और डीपीआर तैयार करने का निर्देश दिया गया है।

जन समस्या निवारण शिविर में 336 आवेदन हुए प्राप्त

128 आवेदनों का मौके पर किया गया निराकृत 208 रहे शेष

समवेत शिखर संवाददाता

एमसीबी। छत्तीसगढ़ राज्य शासन के निर्देशानुसार आज जिला मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के दूरस्थ अंचल विकासखंड भरतपुर के ग्राम पंचायत अक्तवार के ग्राफहरफ्रा स्कूल परिषर में 4 ग्राम पंचायतों भगवानपुरए च्यूलए खोहराए तथा कुदरा को सम्मिलित कर जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजिन किया गया। शिविर का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य श्रीमती फूलमती, रवि शंकर सिंह, जनपद अध्यक्ष राजकुमारी बैगा, उपाध्यक्ष दुर्गा शंकर मिश्र, जनपद सदस्य चंद्र प्रताप क्षेत्र क्र.10 रूप जायसवाल क्षेत्र क्र. 07, ज्योति सिंह क्षेत्र क्र.12 तथा सरपंच अशोक कुमार, राजेन्द्र सिंह, तिलकधारी, रामसिया, प्रमिला सिंह ने छत्तीशगढ़ महतारी के छायाचित्र पर दीप प्रज्जलित कर किया गया। जिला स्तरीय समस्या निवारण शिविर में जिला सदस्य दूगपाल सिंह, कलेक्टर डी.राहुल वेंकट परियोजना निदेशक नितेश उपाध्याय, एसडीएम प्रवीण भगत, तहसीलदार मनहरण सिंह राठिया, तहसीलदार कोटाडोल निराजकांत तिवारी, जनपद सीईओ अनिल अग्निहोत्री, सर्व विभाग जिला स्तरीय अधिकारी, कोटवार सहित पांचों ग्राम पंचायत के ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

शिविर स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर आम जनों को विभागीय योजनाओं की जानकारी विभागीय अधिकारियों के द्वारा दी गई। शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गर्भवती माता तारा पाण्डेय, सुकवरिया, शांति सिंह तथा रानी सिंह की गोद भराई कर अच्छी पौष्टिक आहार लेने के लिए कहा गया। इसी के साथ ही 3 बच्चों शिवा सिंह, मायू तथा रिया का जनप्रतिनिधियों द्वारा अन्नप्राशन का रस्म कराया गया। कृषि विभाग द्वारा ग्राम पंचायत च्यूल के सरस्वती महिला स्व.सहायता समूह के 11 सदस्यों तथा ग्राम पंचायत अक्तवार के स्व. सहायता समूह के 10 सदस्यों को 4.4 किग्रा उन्नत किस्म के रागी बीज का वितरण किया गया। जन समस्या निवारण शिविर में कृषकों को विभिन्न प्रकार की शासकीय योजनाओं की जानकारी उप संचालक कृषि विभाग द्वारा बताया गया। मत्स्य विभाग के माध्यम से ग्राम पंचायत भगवानपुर में 02 नग, ग्राम तोजा में 01 नग, ग्राम खमरौध में 01, ग्राम मेंहदौली में 01, ग्राम हरचौका में 01, ग्राम चांटी में 01 नग, ग्राम अक्तवार में 01 नग, ग्राम माड़ीसरई में 01 नग, ग्राम पूंजी में 01 नग तथा ग्राम नौठिया में निजी एवं शासकीय तालाबों के लिए मछुआरे का कार्य करने वालों को एक-एक नग जाल प्रदाय किया गया। वन विभाग द्वारा ग्राम हरफ्रा स्कूल परिसर में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में कलेक्टर एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा पौधा रोपण कर शिविर में आये हुए हितग्राहियों को बीज एवं विभिन्न प्रकार के फ्ल एवं छायादार पौधों का वितरण किया गया। समाज कल्याण विभाग द्वारा उदकी ग्राम के राम लखन दिव्यांग को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल तथा खमरौध की दिव्यांग ललिता को ट्राई साईकल तथा 8 लोगों कों जनप्रतिनिधियों के द्वारा विभाग के माध्यम से छड़ी प्रदाय किया गया।

डोमानहिल के बहुचर्चित तलवार कांड एवं चिकित्सक से अभ्रद व्यवहार सहित 3 अलग-अलग प्रकरण में चिरमिरी पुलिस ने किया 4 आरोपियों को गिरफ्तार

समवेत शिखर संवाददाता

चिरमिरी। डोमानहिल के बहुचर्चित तलवार कांड एवं चिकित्सक से अभ्रद व्यवहार सहित 03 अलग अलग प्रकरण में चिरमिरी पुलिस ने 04 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है । चिरमिरी पुलिस ने चारो आरोपियों के ऊपर बीएनएस के विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही करते हुए सभी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है ।

मामले की जानकारी देते हुए चिरमिरी के नवपदस्थ थाना प्रभारी विवेक पाटले ने बताया कि प्रार्थी परमिन्दर सिंह निवासी बाजारपारा डोमनहील ने थाने में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 19 जुलाई की रात्रि करीब 10.45 बजे प्रार्थी का बहनोई अमृत सिंह अपने बच्चों की लेकर घुमाने के लिए उसके यहां आ रहा था, तो रास्ते में दो व्यक्ति बहनोई अमृत सिंह को स्कूटी कैसे चला हो कहकर मां बहन की गाली देने लगे । गाली गुप्तार की आवाज सुनकर ग्रार्थी घर से बाहर निकल कर देखा कि इसका बहनोई अमृत सिंह अपने बच्चा को लेकर स्कूटी को खड़ा कर रहा है । तब प्रार्थी गाली देने वालो को समझाकर अपने घर जाने के लिए बोलकर अपने घर आया ।

कुछ देर बाद रोहित सिंह, विक्की, अमित, नवीन पाण्डेय आये और प्राथी घर के बाहर के दरवाजा को तोड़कर घर के अंदर घुसकर मां बहन की गंदी-गंदी गाली गुप्तार कर जान से मारने की धमकी दी और हाथ में रखे लोहे के राड तथा तलवार से मारपीट की । मारपीट करने से प्रार्थी के बहनोई के माथे व सिर में, मनप्रीत सिंह के माथे पर प्रार्थी के गाल में, पेट में तथा बीच- बचाव करने आये प्रार्थी की मां बुलविन्दर कौर, बहन सुखविन्दर, जसप्रीत कौर को भी चोट लगा है ।

प्रार्थी के रिपोर्ट पर चिरमिरी पुलिस ने अपराध क्रमांक 203/24 कायम कर विवेचना में लिया । अपराध कायमी पूर्व सूचना मिलने पर तत्काल मौके पर जाकर चिरमिरी पुलिस पार्टी ने घायल व्यक्तियों को प्राथमिक उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया एवं घटना से एमसीबी एसपी चन्द्र मोहन सिंह को अवगत कराया । जिनके द्वारा घटना की गंभीरता को देखते हुये त्वरित कार्यावाही किये जाने हेतु निर्देशित किया ।

जिसके बाद एडीशनल एसपी अशोक वाडेगांवकर तथा चिरमिरी सियेस्पी श्रीमती दीपिका मिंज के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी चिरमिरी विवेक पाटले, सहायक उप निरीक्षक शेष नारायण सिंह एवं थाना चिरमिरी पुलिस स्टाफ द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देशो का पालन करते हुए प्रकरण के फरार आरोपी रोहित सिंह पिता अभय सिंह उम्र 30 वर्ष निवासी भीम दफाई सोनावनी डोमनहील चिरमिरी, विक्रम सिंह उर्फ विक्की पिता अभय सिंह उम्र 26 वर्ष निवासी भीम दफाई सोनावनी डोमनहील बिरमिरी, नवीन कुमार पाण्डेय पिता नवेन्द्र कुमार पाण्डेय उम्र 28 वर्ष निवासी ड्रायवर कालोनी डोमनहील चिरमिरी एवं अमित सिंह पिता शिव शंकर सिंह उम्र 26 वर्ष निवासी 14 ब्लाक डोमनहील चिरमिरी को पकड़ कर थाना तलब कर पुछताछ करने पर जुर्म करना स्वीकर किया । जिसके बाद आरोपियों को चिरमिरी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

इन्ही आरोपीयो के द्वारा घटना दिनांक को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चिरमिरी में रात्रि कालीन ड्यूटी में उपस्थित चिकित्सक व स्टाफ के साथ गाली गलौज व शासकीय कार्य में बाधा उत्त्पन्न का प्रयास किया गया था । जिस पर डॉ. जंयत यादव प्रभारी चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चिरमिरी के रिपोर्ट पर थाना चिरमिरी में अपराध क्रमांक 209/24 का कायम किया गया । इसी प्रकार प्रार्थी मोहम्मद रसीद पिता स्व. चांद मोहम्मद उम्र 35 वर्ष सा. सिनेमा हॉल इफाई कोरिया कॉलरी विरमिरी के रिपोर्ट में पूर्व में दर्ज अपराध क्रमांक 194/24 सहित तीनों प्रकरणों में उक्त सभी आरोपियों से घटना में प्रयुक्त तलवार एवं राड़ जप्त कर 22 जुलाई 2024 को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जिला उप जेल मनेन्द्रगढ़ भेज दिया गया है ।

उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक विवके पाटले, सहायक उप निरीक्षक शेष नारायण सिंह, नयन साय, प्रधान आरक्षक जय ठाकुर, संजय पाण्डेय, राजेश सिंह, विश्वनाथ सिंह, आरक्षक बाल करण, शाहीद परवेज शामिल रहे ।

अवैध शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

समवेत शिखर संवाददाता

सक्ती। थाना क्षेत्र अंतर्गत थाना प्रभारी को मुखबीर के जरिये सूचना मिली कि गेवाडीन कालोनी सक्ती निवासी 1. दुमान दास भारद्वाज 2. गुडडी सतनामी निवासी गेवाडिन कॉलोनी सक्ती अपने निवास स्थान के पास में हाथ भट्टी से निर्मित देसी महुआ शराब अवैध रूप से बिक्री हेतु रखे है कि सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर मुखबिर के बताये स्थान पर जाकर रेड कार्यवाही करने पर आरोपी 1. दुमान दास भारद्वाज पिता कोटवार भारद्वाज साकिन गेवाडिन कॉलोनी सक्ती थाना सक्ती के कब्जे से 07 लीटर हाथ भटठी से निर्मित कच्ची महुआ शराब, 2. गुडडी सतनामी पति बाबुलाल लहरे साकिन गेवाडिन कॉलोनी सक्ती थाना सक्ती के कब्जे से 06 लीटर हाथ भटठी से निर्मित कच्ची महुआ शराब जुमला 13 लीटर हाथ भटठी से निर्मित कच्ची महुआ शराब मिलने से आरोपियो को धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में रिमांड पर भेजा गया। कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक ब्रिजेश तिवारी के नेतृत्व में उप निरीक्षक समीर डूंगडूँग, प्रधान आर संजीव शर्मा आर जोगेश राठौर, याद राम चंद्रा, गणेश राम साहु महिला आर आफ्सा परवीन का विशेष योगदान रहा।